


हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

धनबाद व रांची से एक साथ प्रकाशित

धनबाद, शुक्रवार 11 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 190

www.koylanchalsamvad.com

मूल्य : 2 रुपए


## अवकाश

कोयलांचल संवाद की ओर से समस्त पाठकों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं। दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर कोयलांचल संवाद का कार्यालय एवं प्रेस दिनांक 11 और 12 अक्टूबर को बंद रहने के कारण अगला प्रकाशन दिनांक 14 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

संपादक

## संक्षिप्त खबरें

### चतरा में टीपीसी का उग्रवादी ढेर, 1 गिरफ्तार, डीजीपी ने कहा

### मुख्यधारा से जुड़ें अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए रहें तैयार



चतरा : चतरा पुलिस और टीपीसी उग्रवादी के बीच मुठभेड़ हुई. यह घटना बुधवार की रात वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर स्थित गनियोतरी जंगल में हुई. जहां एसपी विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में सर्च अभियान पर निकली पुलिस टीम का सबजोनल कमांडर हरेंद्र गंझू दस्ते के मुठभेड़ हुई है. इस मुठभेड़ में दोनों ओर से गोलीबारी हुई. जिसमें हरेंद्र गंझू और ईश्वरी गंझू नाम का दो उग्रवादी मारा गया. साथ ही महेंद्र भोक्ता नाम का एक उग्रवादी गिरफ्तार हुआ. इन उग्रवादियों के पास से एक एके 47 और एक देसी कट्टा बरामद हुआ है. गुरुवार को चतरा में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी दी. इस मौके पर डीआईजी सुनील भास्कर और एसपी विकास पांडेय उपस्थित थे.

#### दो जवानों की हत्या में शामिल था हरेंद्र

चतरा में आठ फरवरी 2024 की शाम टीपीसी उग्रवादियों और पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी. यह मुठभेड़ हरेंद्र गंझू के दस्ते साथ हुई थी. इसमें पुलिस के दो जवान शहीद हो गए थे, जबकि तीन जवान जख्मी हो गए थे. शहीद जवानों में सुकन राम पलामू के तरहसी, जबकि सिकंदर सिंह गया के वजीरगंज के रहने वाले थे.

### बिजली उत्पादन निगम में फर्जी एफडी के नाम पर राशि हस्तांतरण के बाद सरकार अलर्ट मोड में

रांची : ऊर्जा उत्पादन निगम के खाते से एफडी के लिए दूसरी शाखा में की गयी करोड़ों राशि हस्तांतरण और फर्जी निकासी के बाद राज्य सरकार अलर्ट मोड में आ गयी है. विकास आयुक्त सह ऊर्जा विकास निगम के सीएमडी अविनाश कुमार ने वित्त विभाग को पत्र लिखा है. उन्होंने कहा कि यह मामला प्रकाश में आने के बाद अब सभी विभागों के एफडी फंड की राशि के स्पेशल ऑडिट की जरूरत है. ताकि यह पता चल पाए कि कहीं किसी और विभाग में भी ऐसा कोई और मामला तो और नहीं है. उन्होंने बिजली की तीन कंपनियों झारखंड ऊर्जा विकास निगम, झारखंड बिजली वितरण निगम और झारखंड बिजली उत्पादन निगम के भी सभी एफडी की स्पेशल ऑडिट का निर्देश दिया है. इसके लिए एजी को पत्र लिखा गया है. मालूम हो कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की हिनू स्थित शाखा में संचालित झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के खाते से फर्जीवाड़ा के जरिये 40 करोड़ 50 लाख 500 रुपये निकाल लिये गये हैं. यह रकम फिक्स डिपॉजिट में निवेश के लिए उक्त बैंक की शाखा को हस्तांतरित की गयी थी. इस मामले में उत्पादन निगम के महाप्रबंधक अमर नायक ने धुर्वा थाना में बीते दिवस शिकायत दर्ज करायी है. जिसमें सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की हिनू शाखा के प्रबंधक, निगम के जीएम फाइनेंस जयंत प्रसाद, डीजीएम फाइनेंस रंजीत कुमार सिंह और वरीय प्रबंधक श्रीकांत को नामजद करते हुए धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है.

### जयराम महतो 2 जगह से लड़ेंगे चुनाव, जेलकेएम ने जारी की 14 प्रत्याशियों की दूसरी सूची



रांची : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेलकेएम) ने विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्यशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। गुरुवार को धनबाद परिसदन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेता जयराम महतो ने धनबाद, सिंदरी, टुंडी और बोकारो को छोड़कर 14 अन्य सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। महतो ने बताया कि धनबाद से सपन मोदक, सिंदरी से उषा देवी, टुंडी से मोतीलाल महतो, बोकारो से सरोज कुमारी के अलावा मांडर से गुना भगत, राजधनवार से राजदेश रतन, कोडरमा से मनोज यादव, बरही से कृष्णा यादव, बरकट्ठा से महेंद्र मंडल को टिकट देने का एलान किया गया है।

### भारत सरकार ने हिज्ब-उत-तहरीर को प्रतिबंधित संगठन घोषित

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत सरकार ने 1953 में यरूशलेम में स्थापित एक वैश्विक पैन-इस्लामिक समूह हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया। आरोप है कि इसका उद्देश्य जिहाद के माध्यम से विश्व स्तर पर इस्लामी राज्य और खिलाफत स्थापित करना है और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होना।एक अधिसूचना में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि एचयूटी युवाओं को आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए कट्टरपंथी बनाता है। आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन भी जुटाता है। गृह मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि एचयूटी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों, सुरक्षित ऐप्स का उपयोग करके और आतंकवादी कृत्यों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए दावा बैठकें आयोजित करके आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। इसका उद्देश्य आतंकवादी गतिविधियों के माध्यम से लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकारों को उखाड़ फेंककर भारत सहित विश्व स्तर पर इस्लामिक राज्य और खिलाफत स्थापित करना है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक गंभीर खतरा है।

# रतन टाटा ने दुनिया को कहा अलविदा

# राजकीय सम्मान के साथ अंतिम हुआ संस्कार

## अब वारिस कौन ये सवाल बड़ा, पूरे देश में शोक की लहर, अंतिम दर्शन करने उमड़ा सैलाब

मुंबई : रतन टाटा के निधन पर देशभर में शोक की लहर है। उन्होंने 86 साल की आयु में मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनका वर्ली श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। टाटा के निधन पर टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने समूह की तरफ से संदेश जारी किया। चंद्रशेखरन ने पद्मविभूषण रतन टाटा योगदान को अतुल्य बताया। निधन के बाद एनसीपीए ग्राउंड में उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। यहां उनके अंतिम दर्शन के लिए सैलाब उमड़ पड़ा। उद्योग, फिल्म, राजनीति से लेकर कई केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री रतन टाटा को आखिरी विदाई देने पहुंचे।

### वर्ली श्मशान घाट पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस वर्ली श्मशान घाट पहुंचे हैं। यहां पर रतन टाटा का अंतिम संस्कार होगा। टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा का 86 साल की उम्र में बुधवार रात निधन हो गया। रतन टाटा की मौत के बाद सवाल उठता है कि अब टाटा ग्रुप की विरासत कौन संभालेगा। सवाल इसलिए भी, क्योंकि रतन टाटा ने अपना उत्तराधिकारी नियुक्त नहीं किया था। अभी समूह की सबसे बड़ी कंपनी टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन हैं, लेकिन इससे भी ऊपर टाटा ट्रस्ट है, जिसकी कमान टाटा परिवार संभालता हैं। निधन से पहले तक रतन ही टाटा ट्रस्ट के प्रमुख थे। टाटा ट्रस्ट की अहमियत और आकार इस तरह समझ सकते हैं कि यह टाटा ग्रुप की परोपकारी संस्थाओं का समूह है, जो 13 लाख करोड़ रुपए के रेवेन्यू वाले टाटा ग्रुप में 66 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखता है। इसके तहत आने वाले सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट के पास ही टाटा संस की 52 प्रतिशत हिस्सेदारी है।



### छोटे भाई जिमी टाटा करीब 25 साल पहले रिटायर हो चुके

रतन टाटा के छोटे भाई जिमी टाटा मुंबई में ही रहते हैं, लेकिन वे 90 के दशक में रिटायरमेंट ले चुके हैं। हालांकि वे टाटा संस की कंपनियों में शेयर रखते हैं। उन्होंने भी रतन की तरह शादी नहीं की थी और रिटायरमेंट के बाद वे 2 बेडरूम वाले फ्लैट में रहते हैं। जिमी टाटा पिछले 25 साल से ज्यादा समय से सक्रिय कारोबार से दूरी बनाए हुए हैं।

### सौतेले भाई नोएल टाटा चेयरमैन पद के सबसे मजबूत दावेदार

रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा अपने पारिवारिक संबंधों और ग्रुप की कई कंपनियों में भागीदारी के कारण टाटा की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत दावेदार है। नवल और सिमोन टाटा के बेटे नोएल ट्रेंट, वोल्टास, टाटा इन्वेस्टमेंट और टाटा इंटरनेशनल के चेयरमैन हैं। टाटा स्टील के वाइस चेयरमैन और सर रतन टाटा ट्रस्ट के बोर्ड में भी हैं।

### नोएल के बच्चे लिआह, माया और नेविल कंपनियों में काम कर रहे

नोएल टाटा के बच्चे लिआह, माया और नेविल अन्य प्रोफेशनल्स की तरह कंपनी में काम कर रहे हैं। सबसे बड़ी बेटी लिआह टाटा ने स्पेन से मार्केटिंग में मास्टर डिग्री हासिल की है। 2006 में उन्होंने ताज होटल रिसॉर्ट्स एंड पैलेस में बतौर असिसटेंट सेल्स मैनेजर जॉइन किया था। अभी द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड में वाइस प्रेसिडेंट के तौर पर काम कर रही हैं।

छोटी बेटी माया टाटा ने ग्रुप की फाइनेंशियल सर्विस कंपनी टाटा कैपिटल में एनालिस्ट के तौर पर जॉइन किया था। जबकि उनके भाई नेविल टाटा ने ट्रेंट में अपनी प्रोफेशनल जर्नी शुरू की।

## साथियों, आज मुझे आपका साथ चाहिए : हेमंत

रांची(ईएमएस)। सीएम हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों के हक के लिए सभी का साथ मांगा है। कहा है कि साथियों राज्यवासियों के हक के लिए मुझे आपका साथ चाहिए। मैं मरते दम तक संघर्ष करूंगा और हक मांगूंगा। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा है कि क्या आपने कभी सोचा है कि किसी भाजपा नेता ने राज्यवासियों का बकाया 1 लाख 36 हज़ार करोड़ रुपए क्यों नहीं मांगा? झारखंड ने पिछले 3 लोकसभा चुनावों में 12/14, 12/14, 9/14 सांसद भाजपा को जिताए। फिर भी उन्होंने हम झारखंडियों का हक क्यों नहीं मांगा? सीएम ने ट्वीट में आगे



लिखा है कि मुझे एक बोगस मामले में जेल में डाला गया। क्योंकि वे मुझे चुप कराना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि मैं अपने राज्य का हक मांगना छोड़ दूं। वे मुझे वापस भी जेल में डाल दें, तब भी मैं मरने दम तक संघर्ष करूंगा और हक मांगूंगा। आज झारखंड में उन्होंने (भाजपा) केंद्र से लेकर राज्य तक अपनी पूरी शक्ति लगा रखी है, ताकि किसी तरह वे मुझे रास्ते से हटा सकें और फिर झारखंडियों का हक मार लें।हम किसी अन्य राज्य की तरह विशेष पैकेज नहीं मांग रहे, हम सिर्फ अपना हक मांग रहे हैं!

मुझे अपने वीर झारखंडियों का साथ चाहिए।आज मुझे अपने वीर झारखंडियों का साथ चाहिए।अगर आप आज अपना हक नहीं मांगेंगे, तो हमारे पैसों से दूसरे राज्यों को विशेष पैकेज मिलेगा और आप खाली हाथ रह जाएंगे। आज आवाज़ उठाइए! अपने अधिकारों के लिए खड़े हों। झारखंड का भविष्य आपके हाथों में है।

## कांग्रेस ने 24 घंटे के लिए आधा झुकाया पार्टी का झंडा, सारे राजनैतिक कार्यक्रम रद्द



जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में रतन टाटा के निधन पर गुरुवार को तिलक पुस्तकालय में शोक सभा का आयोजन किया. पार्टी ने 24 घंटे के लिए पार्टी का झंडा आधा झुकाया और सारे राजनैतिक कार्यक्रम रद्द कर दिवंगत रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी. जिला अध्यक्ष ने अपने शोक संदेश में कहा कि इस लौहनगरी के लिए स्व. रतन टाटा न केवल एक उद्योगपति थे, बल्कि वे प्रत्यक्ष रूप से हमारे अन्नदाता थे. श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में आनन्द बिहारी दुबे, अशोक चौधरी, रियाजुद्दीन खान, ब्रजेन्द्र तिवारी, अशोक सिंह, ज्योति मिश्र, रिशी मिश्रा, सन्नी सिंह, अमरजीत नाथ मिश्र, निखिल तिवारी, गौरव कुमार, जसवंत सिंह जस्सी, रंजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी शामिल थे.

## साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी ट्रेन का परिचालन शुरू, रेल मंत्री ने किया ऑनलाइन उद्घाटन

साहिबगंज : रेलवे ने साहिबगंज को दो एक्सपेस-मेल ट्रेनों का तोहफा दिया है. साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का गुरुवार को शुभारंभ हुआ. वहीं, अगरतला-आनंद विहार तेजस राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव भी शुरू किया गया. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दोनों ट्रेनों का शुभारंभ किया. इस मौके पर साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर राजमहल विधायक अनंत ओझा व मालदा डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. अगरतला-आनंदविहार तेजस राजधानी एक्सप्रेस का साहिबगंज स्टेशन पर दो मिनट ठहराव के बाद दिल्ली के रवाना किया गया. वहीं, ट्रेन नंबर 13428 साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस साहिबगंज रेलवे



स्टेशन से सुबह 5.20 बजे नियमित रूप से हावड़ा के लिए चलेगी और दोपहर 12.35 बजे हावड़ा पहुंचेगी. इस ट्रेन का ठहराव सकरीगली, तीनपहाड़, बड़हरवा, पाकुड़, रामपुरहाट, बोलपुर, शांतिनिकेतन, बर्द्धमान,बंडल स्टेशनों पर होगा. उधर से ट्रेन नंबर 13427 दोपहर 01.45 बजे हावड़ा से खुलेगी.

अगरतला-आनंद विहार तेजस राजधानी का साहिबगंज स्टेशन पर ठहराव व साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी स्टेशन का परिचालन शुरू होने पर राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश रेलवे के क्षेत्र में प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है. आज का दिन साहिगंज के लिए भी स्वर्णिम है. दो एक्सप्रेस व सुपरफास्ट मेल ट्रेन शुभारंभ होने से जिले के लोगों को काफी सुविधा होगी.

## भारत के 100 सबसे अमीरों की संपत्ति एक ट्रिलियन डॉलर के पार

### सबसे ज्यादा उछाल अडानी समूह की संपत्ति में

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत के 100 सबसे अमीर व्यक्तियों की संपत्ति बढ़कर एक ट्रिलियन डॉलर को पार कर चुकी है। बीते साल के मुकाबले इस साल देश के शीर्ष 100 अमीर लोगों में से 80 प्रतिशत की संपत्ति में बढ़त दिखाई दी है। फोर्ब्स की ओर से जारी रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई। फोर्ब्स की भारत के 100 शीर्ष अरबपतियों की सूची के मुताबिक, इस साल देश के शीर्ष कारोबारियों की संपत्ति बढ़कर 1.1 ट्रिलियन डॉलर हो गई है। यह 2019 के आंकड़े से दोगुने से भी अधिक है।

रिपोर्ट बताती हैं कि इस दौरान दिग्गज कारोबारी गौतम अदाणी की संपत्ति में बड़ा उछाल दिखाई दिया है, वे हिडनबर्ग की रिपोर्ट से हुए नुकसान के बाद मजबूती से उबरे हैं। इसके साथ उन्होंने अपने बेटों और भतीजों की नियुक्ति भी कंपनियों में शीर्ष पदों पर की है। रिपोर्ट में बताया गया कि उनके भाई विनोद अदाणी की संपत्ति 48 अरब डॉलर है। इस मिलाकर पूरे परिवार की संपत्ति 116 अरब डॉलर होती है, जो उन्हें दूसरे नंबर पर बनाए रखने के लिए पर्याप्त है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने और नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के कारण शेयर बाजार में तेजी से भारत के शीर्ष सबसे अमीर लोगों की संपत्ति में पिछले 12 महीने में 40 प्रतिशत या 316 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। सावित्री जिंदल जो कि ओपी जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन हैं। वे लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। बीते साल सूची में आठ महिलाएं थी, जिनकी संख्या अब बढ़कर नौ हो गई है। महिमा दतला, जो कि एक निजी वैक्सीन निर्माता बायोलॉजिकल ई को नियंत्रित करती हैं, फोर्ब्स की सूची में चार नए लोगों में से एक हैं।

अन्य तीन लोगों में जेनेरिक दवाओं और फार्मा सामग्री के निर्माता कंपनी हेटेरो लैब्स के संस्थापक बी. पार्थ सारथी रेड्डी, परिधान निर्माता शाही एक्सपोर्ट्स के हरीश आहूजा और प्रीमियर एनर्जीज के संस्थापक और अध्यक्ष सुरेंद्र सलूजा, जो सौर पैनल और मॉड्यूल बनाते हैं। सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज के संस्थापक दिलीप सांघवी 32.4 बिलियन डॉलर के साथ तीन स्थान की छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गए और टोरेंट ग्रुप के सुधीर और समीर मेहता की संपत्ति दोगुनी से अधिक बढ़कर 16.3 बिलियन डॉलर हो गई।

# चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ की न्यायाधीशों को नसीहत, कहा न्याय न केवल किया जाए बल्कि होते हुए भी दिखे

नई दिल्ली : भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को एक कार्यक्रम में न्यायालयों के लोक लुभावन फैसलों को लेकर न्यायाधीशों को नसीहत दी। सीजेआई ने कहा कि न्यायाधीश सांवधानिक और कानूनी सवालों पर फैसला करते समय लोकप्रिय नैतिकता से मुक्त होकर काम करें। न्यायालयों की वैधता और विश्वसनीयता का आधार जनता का भरोसा है। इसलिए जब भी फैसले सुनाए जाएं तो यह ध्यान रखा जाए कि न्याय न केवल किया जाए, बल्कि होते हुए भी दिखना चाहिए।

भूटान में जिग्मे सिंग्ये वांगचुक व्याख्यान में संबोधन के दौरान सीजेआई ने न्यायपालिका की विश्वसनीयता और अदालतों के संस्थागत विश्वास पर भी बात की। उन्होंने कहा कि भारतीय सुप्रीम कोर्ट को लोगों की अदालत होने पर गर्व है। अदालत लोगों के दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं को भी दूर कर



रही है, इसलिए लोगों को विश्वास मायने रखता है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों से अपेक्षा की जाती है कि वे सांवधानिक या कानूनी प्रश्नों पर निर्णय लेते समय लोकप्रिय नैतिकता के बोझ से मुक्त होकर कार्य करें।

उन्होंने कहा कि अदालती कार्यवाही की लाइव-स्ट्रीमिंग जैसे उपायों ने आंतरिक दक्षता, जवाबदेही और संस्थागत स्थिरता को बढ़ावा देने में मदद की है। उन्होंने कहा कि अब जनहित याचिका देश की संवैधानिक व्यवस्था का एक अनूठा हिस्सा बन गई है। इसलिए महत्वपूर्ण परिणाम अदालतों की जवाबदेही का एक हिस्सा हैं। न्यायिक संस्थानों का मूल्यांकन लोग परिणामों की स्थिरता और समता, निष्पक्षता और न्याय के सांवधानिक मूल्यों के पालन के आधार पर करते हैं। इसलिए न केवल न्यायिक निर्णय बल्कि उन तक पहुंचने के रास्ते भी पारदर्शी होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे निर्णयों की कथित निष्पक्षता के साथ-साथ उन्हें प्राप्त करने में आसानी भी महत्वपूर्ण है। न्याय न केवल किया जाना चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### दुर्गा पूजा के दौरान जिले में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए धनबाद पुलिस में विशेष तैयारी की

धनबाद, दुर्गा पूजा के दौरान जिले में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु धनबाद पुलिस ने विशेष तैयारी की है। जिले में ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए जिला पुलिस बल, जैप व ट्रैफिक के करीब ढाई सौ से ज्यादा जवानों व पदाधिकारियों की तैनाती विभिन्न ड्राप गेट एवं प्रमुख स्थलों पर की गई है। पूजा के दौरान धनबाद में यातायात व्यवस्था को बेहतर व सुगम बनाने के उद्देश्य से आज ट्रैफिक डीएसपी श्री अरविंद कुमार सिंह द्वारा सभी जवानों को ब्रिफ़ किया गया। ब्रिफिंग के दौरान जवानों को विशेष दिशानिर्देश दिए गए जिसके अनुपालन के तहत यातायात नियमों का सख्ती से पालन करते हुए निर्धारित रूट एवं सभी ड्राप गेट पर यातायात को निर्बाध सुचारु रखने का निर्देश दिया गया।

### बाबूलाल ने धनवार के कई पूजा पंडालों का किया भ्रमण

गिरिडीह(ईएमएस)।पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने महाष्टमी के दिन गुरुवार को धनवार विधानसभा क्षेत्र के कई पूजा पंडालों का भ्रमण किया।उन्होंने पंडालों में माथा टेक कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया और राज्य व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।मरांडी ने गुरुवार को कोदईबांक स्थित अपने पैतृक आवास पर थे।यहीं ये वह कार्यकर्ताओं के साथ तिसरी व गांवा के विभिन्न पूजा पंडालों के भ्रमण पर निकले।सर्वप्रथम चंदौरी स्थित पूजा पंडाल में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद तिसरी के सार्वजनिक दुर्गा मंडप पहुंचे और माता रानी के चरणों में मत्था टेका।इसके बाद गुमगी, बरवाडीह, पपीलो समेत अन्य पंडालों के भ्रमण के बाद गांवा के लिए निकल गए।गांवा में भी उन्होंने कई पूजा पंडालों का भ्रमण किया।ज्ञात हो कि तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंडप में 100 वर्षों से अधिक समय से पूजा हो रही है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी भव्य पंडाल बनाकर पूजा की जा रही है।यहां लोगों की भारी भीड़ जुट रही है।

### गोड्डा में साइबर ठगों ने रिटायर्ड पशु चिकित्सक के खाते से उड़ाए 30 लाख रुपए

गोड्डा(ईएमएस)।साइबर अपराधियों ने गोड्डा में ठगी की बड़ी घटना को अंजाम दिया है।अपराधियों ने जिले के सेवानिवृत्त पशु शल्य चिकित्सक डॉ उमाकांत सिंह के खाते से 30 लाख रुपए उड़ा लिए।डॉ उमाकांत सिंह सरकारी सेवा से रिटायर्ड होने के बाद पेंशन सहित अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए विभागीय अधिकारियों के संपर्क में थे।वह रांची कार्यालय से फोन कर जानकारी प्राप्त किया करते थे।साइबर अपराधियों को इसकी भनक लग गई और डॉक्टर का मोबाइल हैक कर लिया।ठगों ने डॉ उमाकांत सिंह को फोन कर कहा कि आपकी पेंशन सहित अन्य मद की सारी राशि भेज दी गई है।इसकी डिटेल्स जानने के लिए योनो एप पर पासवर्ड डालकर चेक कर लें।डॉ उमाकांत उनके झांसे में आ गए और उनके कहे अनुसार करते चले गए।कुछ ही मिनटों में सेवानिवृत्त के बाद उनके खाते में आए करीब तीस लाख रुपए निकल गए।

### गढ़वा में जंगल में भैंस चराने गए युवक को सांप ने काटा, मौत

गढ़वा(ईएमएस)।धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत गनियारी कला गांव निवासी शिवकुमार सिंह की मौत सांप के काटने से हो गई। परिजनों के अनुसार मृतक प्रतिदिन के अनुसार जंगल में भैंस चराने गया था, तभी अचानक झाड़ी से निकलकर सांप ने डंस लिया।सांप के काटने से शिवकुमार घायल हो गए। उसे शाम को घर लाने के पश्चात झाड़ फूंक कराया गया।सुबह अस्पताल जाने से पूर्व उनकी मौत हो गई। मृतक के घर मुखिया शंभू प्रसाद गुप्ता, उपमुखिया प्रतिनिधि तौसिफ अंसारी, अरुण सिंह, मकबुल अंसारी, दशरथ सिंह, चिंतामण सिंह, रूयाज अंसारी, श्ररवर आलम आदि पहुंचे. सभी ने परिजनों से मिलकर ढाढ़स बंधाया. घटना की खबर मिलने पर बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी ने संवेदना व्यक्त की।साथ ही कहा कि सरकारी प्रावधान के तहत जो भी सहायता राशि है उसे हर संभव दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### लातेहार में मंत्री बैद्यनाथ राम ने किया डांडिया नाइट का उद्घाटन

लातेहार(ईएमएस)।दुर्गा पूजा के मौके पर शहर के कई जगहों पर डांडिया नाइट या डांडिया प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में महासप्तमी तिथि को स्थानीय विधायक सह सूबे के शिक्षा व मद्य निषध मंत्री बैद्यनाथ राम ने एनएच-75 पर वन सह प्रखंड परिसर स्थित पूजा पंडाल में आयोजित डांडिया नाइट कार्यक्रम का उद्घाटन किया।मौके पर मंत्री ने लोगों को शारदीय नवरात्र एवं दशहरा की शुभकामनायें दी।उन्होंने कहा कि हर पर्व का अपना एक महत्व है। दुर्गा पूजा व दशहरा असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है।मां दुर्गा ने सृष्टि के विनाशक के रूप में आये महिषासुर समेत कई असुरों का वध किया। बैजनाथ राम ने कहा कि डांडिया नृत्य शैली काफी प्रचलित है और यह नवरात्र के मौके पर ही किया जाता है।मौके पर समिति के रूद्र प्रताप सिंह ने मंत्री राम को बुके भेंट कर सम्मानित किया।मौके पर अध्यक्ष सच्चिदानंद पांडेय, अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय, सचिव रविन्द्र प्रसाद, शैलेश कुमार, विशाल कुमार, दीपक कुमार, रुद्र प्रताप सिंह, अनंजय कुमार, अशोक यादव, अरुण प्रसाद, गुंजन कुमार, अमरदीप मोदनवाल व वारिश कुमार कई लोग मौजूद थे।

### दुर्गा पूजा को लेकर रांची पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

रांची(ईएमएस)।दुर्गा पूजा को लेकर रांची पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।गुरुवार को ग्रामीण एसपी और कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च अल्बर्ट एक्का चौक से कर्बला चौक तक किया गया। इस दौरान पुलिस ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनाने की अपील की।जिला प्रशासन के द्वारा असमाजिक तत्वों को चिन्हित किया गया और उन्हें नोटिस भी जारी किया गया है।पुलिस सोशल मीडिया में सांप्रदायिक या भ्रामक खबरें पोस्ट करने पर कार्रवाई करने की बात कही। कहा कि अगर कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त होती है तो नजदीकी थाना को सूचित करें।

### आईजी अभियान ने कहा दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस पूरी तरह से है मुस्तैद, बनाए गए है कंट्रोल रूम

रांची(ईएमएस)।दुर्गा पूजा के दौरान किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए राज्य का पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। राज्य के आई जी अभियान एवी होमकर ने मीडिया को बताया कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि हरेक जिले में कण्ट्रोल रूम बनाए गए हैं, जहाँ से पूजा पंडालों और भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैनी निगाह रखी जा रही है।आईजी अभियान ने कहा कि संवेदनशील इलाकों पर पुलिस की विशेष नजर है और पिछले रिकॉर्ड के आधार पर कुछ स्थानों को चिन्हित कर वहां पुलिस के विशेष दल लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि खासकर, महिलाओं के साथ संभावित अभद्र घटनाओं पर कड़ाई से निबटने के लिए पुलिस का विशेष ध्यान है।श्री होमकर ने लोगों से अपुष्ट और भ्रामक खबरों से बचने की सलाह दी है।

### ट्रक पलटने से तीन बच्चियों की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

रामगढ़(ईएमएस)।रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 33 रांची एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से तीन बच्चियों की मौत हो गई। रांची पटना हाईवे पर टायर मोड़ के समीप एक अनियंत्रित ट्रक पूजा करने जा रहे बच्चियों की एक टोली के ऊपर पलट गई। जिससे ट्रक के नीचे दबने से तीन बच्चों की मौत हो गई जबकि दो बच्चियों गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पाकर रामगढ़ पुलिस प्रशासन ने क्रेन के जरिए रेस्क्यू कर ट्रक के नीचे से सभी को बाहर निकाला। घायल दो बच्चियों का इलाज रामगढ़ सदर अस्पताल में चल रहा है।

# दुर्गा पूजा में सड़क पर उतरा पुलिस-प्रशासन, वाहन जांच से मचा हड़कंप

## साकची में रैश ड्राइविंग करते युवक धराए, 5 बाइक जब्त



जमशेदपुर : दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था के मद्देनजर शहर के प्रमुख चौक चौराहों, पूजा पंडाल के रास्तों में पुलिस द्वारा चौकसी बढ़ा दी गई है. इसके तहत सभी थाना क्षेत्रों में चौक-चौराहों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा. यातायात नियमों का उल्लंघन व रैश ड्राइविंग करने वाले युवाओं के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष सख्ती बरती जा रही है. जांच अभियान में वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस और वाहनों की डिक्की में रखे सामानों की तलाशी ली जा रही. इसी क्रम में साकची गोलचक्कर से 5 बाइक में सवार युवा रैश ड्राइविंग करते पकड़े गए. सभी को हिरासत में लेते हुए गाड़ियां जब्त कर ली गई हैं. साथ ही उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की तैयारी जा रही है.

दुर्गा पूजा के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन सजग है. चौक-चौराहों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तैनात हैं. साथ ही पंडाल की ओर आने एवं जाने वाले रास्ते में भारी संख्या में पुलिस के जवान तैनात किये गए हैं. साथ ही, पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में उपद्रव मचाने वालों और यातायात नियमों को तोड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है. दूसरी ओर पुलिस की ओर से रैश ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ सख्ती देखकर दूसरे लोगों में हड़कंप मच गया है.

## वन भूमि पर कब्जा से जुड़े विवाद के समाधान के लिए सांसद से लगाई गुहार

पश्चिमी सिंहभूम (ईएमएस)। कोल्हान वन प्रमंडल अंतर्गत बुंडू के ग्रामीणों ने सांसद जोबा माझी से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंप कर घाटखुड़ी कंपार्टमेंट संख्या- 1, 2, 3 एवं 4 की वन भूमि को लेकर बुंडू और अगरवां गांव के ग्रामीणों के बीच वर्षों से चले आ रहे विवाद के समाधान की गुहार लगाई है। बुंडू के ग्रामीणों ने बताया कि तत्कालीन झारखंड आंदोलनकारी नेताओं के दिशा निर्देश के अनुसार बुंडू के ग्रामीणों ने कई अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर वर्ष 1978 से इस कंपार्टमेंट की जंगलों की साफ सफाई की थी।इसमें अगरवां के ग्रामीण शामिल नहीं थे।जब बुंडू के ग्रामीणों ने इस जगह को साफ सफाई करके खेती करने लायक बनाया तो अगरवां के ग्रामीण जबरदस्ती इस जगह पर अवैध तरीके से हक जमाना चाह रहे हैं। जबकि यह सरासर अन्याय है।प्रमाण के तौर पर ग्रामीणों ने आंदोलनकारियों के सारे कागजात इस आवेदन के साथ संलग्न किया है। उल्लेखनीय है कि उक्त वन भूमि पर कब्जा से जुड़े विवाद को लेकर दोनों गांवों के ग्रामीणों के बीच कई बार हिंसक झड़प हो चुकी है। एक घटना में बुंडू के ग्रामीणों ने अगरवां के तीन ग्रामीणों की हत्या व दर्जनों को घायल कर दिया था।इस विवाद को सुलझाने के लिए जिला पुलिस प्रशासन की तरफ से विशेष ग्राम सभा का आयोजन रोवाम में किया गया था। इसके अलावे अनेक बार बैठक भी हुई थी।लेकिन समाधान नहीं निकला। समाधान नहीं निकलने का मुख्य वजह यह है कि जिस जमीन के लिए दोनों गांवों के ग्रामीण लड़ रहे हैं वह आरक्षित वन भूमि है।जिसे जंगल काटकर ग्रामीणों ने झारखंड आंदोलन के दौरान साफ-सफाई कर उसपर कब्जा व खेती प्रारंभ किया था।इस दौरान झारखंडी शहीद दिवस कमिटी के अध्यक्ष कृष्णा तोपनो, वन अधिकार समिति के अध्यक्ष बेंगरा केराई, सचिव सुरेश अंगारिया, गंगदा गांव के मुंडा बिरसा सुरीन,माधो तोपनो, विजय अंगारिया, मथुरा पुरती शामिल थे।

## जमशेदपुर में टाटा स्टील ने रतन टाटा को दी श्रद्धांजली,आम और खास हुए शामिल

पूर्वी सिंहभूम। टाटा स्टील ने पद्म विभूषण श्री रतन एन. टाटा की स्मृति में अपने परिचालन स्थानों पर पुष्पांजलि समारोह आयोजित किए।जमशेदपुर में उत्कृष्टता केंद्र (सीएफई) को गुरुवार को जनता के लिए खोल दिया गया, जिससे जमशेदपुर के नागरिक अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि दे सकें। टाटा स्टील के कर्मचारी जमशेदपुर वर्क्स के स्टीलेनियम हॉल में एकत्रित हुए और अपना दुख व्यक्त किया।टाटा स्टील के सभी परिचालन स्थानों पर एक साथ पुष्पांजलि का आयोजन किया गया,जहां कर्मचारी कंपनी और राष्ट्र के लिए उनके योगदान का सम्मान करने के लिए एकत्र हुए।टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू) ने भी जमशेदपुर में टीडब्ल्यूयू कार्यालय में आयोजित एक विशेष श्रद्धांजलि समारोह में अपने सम्मान का इजहार किया, जिसमें उन्होंने उस नेता के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की, जिन्हें कार्यबल के साथ अपने गहरे जुड़ाव के लिए सराहा जाता था।

Office of the District Social Welfare Officer, Dhanbad
Notice Inviting
(Very Short Notice Tender)
RFP FOR
TRANSFORMATION OF ANGANWADIS IN DIFFERENT BLOCKS OF DHANBAD DISTRICT INTO SMART EXPERIENTIAL ANGANWADIS Under District Mineral Fund, Office of the District Social Welfare officer, Dhanbad, Govt. of Jharkhand

REP No **01**

Opening date: **09.10.2024**
Closing date: **26.10.2024**

District Social Welfare Officer, Dhanbad, Govt. of Jharkhand intends Selection of Agency for Rate Contract of Transformation of Anganwadi in Different Blocks of Dhanbad District into Smart Experiential Anganwadi's. The department intends to select reputed agencies to participate in the biding process. The main purpose of procurement of these items is to develop existing Anganwadi's into Smart Experiential Anganwadi's and the use of which would enhance the interest as well as comfort level of the beneficiaries.

The Bid document can be downloaded from the website (https://dhanbad.nic.in) and the responses for this Request for Proposal (RFP) shall be deemed to have done after careful study and examination of this document and full understanding of its modalities, process of execution and items to be delivered. The bids are to be submitted uploaded hard copy by hand or by post (Registered / Speed) or by courier on or before the closing date in the address mentioned in the document. Technical bids submitted by the bidder will be opened in the presence of the Tender committee member. Detailed information regarding important dates, address for submission of bid, Material Supply List (MSL), Total Bill of Material (BOM), Quantity, Delivery Location and other requisite is available in the information Factsheet of this Bid Document.

Sd/-

District Social Welfare officer
Dhanbad

PR No **338742** (Dhanbad) **24-25**

## लोयाबाद में दुर्गा पूजा के महासप्तमी को पालकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई



लोयाबाद। लोयाबाद थाना क्षेत्र के सभी पूजा पडालो मे गुरूवार को धूमधाम से बेलभरणी माँ तथा नवपत्रिका का पूजन किया गया।बताया जाता है कि महासप्तमी के अहले सुबह ढांक ध्वनि,घंटा ध्वनि, शंख ध्वनि के साथ बेलभरनी माँ तथा नवपत्रिका का पूजन को लेकर के पालकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा मंदिर प्रागण से निकाली गई।जिसमें भक्तजनों ने मां के जयकारे लगाते हुए लोयाबाद मोड़ होते हुए मदनाडीह छठ तालाब पहुंची जहां अचार्यों व मंदिर के मुख्य पुजारी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण का आह्वान के साथ पूजन कर जल भरन तथा बेलभरण किया गया।जिसके पाश्चत माँ बेलभरणी को पालकी में बिठा कर पुनः मंदिर परिसर में लाया गया। तबपाश्चात नवपत्रिका प्रवेश के बाद माँ दुर्गा सप्तशती का पाठ और पूजन किया गया और पुष्पांजलि की गई। इसके साथ ही माँ दुर्गा को विधिवत आराधना शुरू हो गई है। श्रद्धालुओं ने माँ की आराधना कर अपने अपने परिवार की सुख शांति और समृद्धि की कामना किये।वहीं संध्या बेला में मां दुर्गा की महाआरती विधि विधान पूर्वक की गई।

वही सुरक्षा के दृष्टिकोण से लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार अपने दलबल के साथ लगातार क्षेत्र में गस्ती कर रहे थे।

### दुर्गा पूजा पंडाल से लौट रही लड़की का अपहरण कर गैंगरेप

गढ़वा (ईएमएस)। झारखंड के गढ़वा में दुर्गा पूजा के दौरान एक भयानक घटना सामने आई है, जहां एक लड़की को पूजा पंडाल से घर लौटते समय चार युवकों ने अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि वह पूजा पंडाल में दर्शन करके लौट रही थी, तभी रास्ते में चार युवकों ने घेरे लिया और उसकी इज्जत लूटने के इरादे से अपहरण कर लिया। आरोपी पीड़िता को पकड़कर नजदीकी नदी के किनारे ले गए, जहां उन्होंने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। वारदात के बाद आरोपी पीड़िता को बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद जब पीड़िता को होश आया, तब उसने अपने एक सहेली को कॉल कर घटना की जानकारी दी। सहेली ने तुरंत पीड़िता के परिजनों को सूचित किया, जिन्होंने घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तुरंत एक्शन लेकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। घटना ने लोगों में हड़कंप मचा दिया है और लोग इस कृत्य के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। लोगों ने घटना की कड़ी निंदा कर कहा है कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

## सांगठनिक अपराध के खिलाफ चतरा में पुलिस का काम सरहनीय : डीजीपी




चतरा(ईएमएस)। चतरा जिले के चतरा थाना क्षेत्र में बीते रात टीएसपीसी और पुलिस के बीच बुधवार देर शाम तक चली मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। जबकि एक नक्सली को जिंदा पकड़ा गया है। मारे गए दोनों नक्सलियों की पहचान हरेंद्र गंझू और ईश्वर के रूप में हुई है। चतरा एसपी विकास पांडेय ने टीएसपीसी नक्सलियों की मौत की पुष्टि की है।

चतरा पहुंचे डीजीपी अनुराग गुप्ता ने गुरुवार को चतरा में प्रेस कांग्रेस में कहा मुठभेड़ में पुलिस पर हमला करने वाले दो अपराधियों को चतरा पुलिस ने मार गिराया है। डीजीपी ने चतरा पुलिस के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि सांगठनिक अपराध के खिलाफ चतरा पुलिस का यह कार्य सराहनीय है।उन्होंने कहा की जिले में चल रहे नशीले पदार्थों की खेती और तस्करी पर भी इसी प्रकार से चोट की जायेगी।

कल शाम पुलिस और टीएसपीसी सबजोनल कमांडर हरेंद्र गंझू के दस्ते के नक्सलियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई। इस दौरान दोनों ओर से फायरिंग हुई। नक्सलियों का नेतृत्व कर रहे नक्सली हरेंद्र गंझू सहित दो नक्सलियों मारे गए। बताते चलें कि इसी साल 2024 सात फरवरी को इसी जंगल में पुलिस और टीएसपीसी उग्रवादियों के बीच भीषण मदभेड़ हुई थी। इसमें दो पुलिसकर्मी बलिदान हो गए थे और दो जवान घायल हुए थे। घटना में जोनल कमांडर हरेंद्र गंझू उग्रवादी दस्ते का नेतृत्व कर रहा था। हरेंद्र गंझू टीएसपीसी का दुर्दांत उग्रवादी है और उसके विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, धनबाद।

मोबाईल नं0: 8789242462 Email : rdsd.dhanbad@rediffmail.com
पत्रांकः-846 धनबाद/दिनांक-09.10.2024

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई- निविदा सूचना संख्या - **RWD/SD/DHANBAD-25/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धनबाद जिला के झरिया प्रखण्ड अन्तर्गत भाटडीह-पासबाद जाने वाले सडक पर पुल निर्माण (पुल की लम्बाईः- 32.66 मी0) | **258.46500** | परिमाण विपत्र की राशि **2%** | **10000.00** | 18 महीना |
| 2. | धनबाद जिला के झरिया प्रखण्ड अन्तर्गत कुजामा नदी से लोदना बाजार को जोडने वाली पथ स्थित जोडिया पर पुल निर्माण (पुल की लम्बाईः- 32.66 मी0) | **228.19300** | परिमाण विपत्र की राशि **2%** | **10000.00** | 15 महीना |
| 3. | धनबाद जिला के झरिया प्रखण्ड अन्तर्गत सिमलाबहाल बस्ती से बी0एन0आर0 कुमार मंगलम स्टेडियम जाने वाली पथ स्थित मुर्घाटी जोडिया पर पुल निर्माण (पुल | **242.01800** | परिमाण विपत्र की राशि **2%** | **10000.00** | 15 महीना |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि -**18.10.2024**
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय-दिनांक **18.10.2024** से दिनांक **28.10.2024** को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई-निविदा खोलने का स्थान - कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय- **30.10.2024** अपराह्न 2:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः- ई0 नरेन्द्र कुमार, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० - **8789242462** (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**(ई0 नरेन्द्र कुमार)**
**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,**
**धनबाद**

PR No. **338707** (Rural Work Department) **24-25**

## संक्षिप्त खबरें

### 11447/48 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस का

## मैकलुस्कीगंज स्टेशन पर ठहराव

हाजीपुरः यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 11147/11148 जबलपुर-हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस का धनबाद मंडल के मैकलुस्कीगंज स्टेशन पर दिनांक 12.10.2024 से 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है । दिनांक 12.10.2024 से गाड़ी सं. 11147 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस 11.41 बजे मैकलुस्कीगंज पहुंचेगी और 11.43 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह गाड़ी सं. 11148 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस 22.17 बजे मैकलुस्कीगंज पहुंचेगी और 22.19 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

### दुर्गा पूजा के दौरान भीड़ प्रबंधन हेतु उठाए गए कई कदम

## रेल पटरियों एवं स्टेशन के आस-पास बनाये गए पूजा पंडालों के मद्देनजर अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बलों की तैनाती



हाजीपुर : दुर्गा पूजा के दौरान कई स्थानों पर स्टेशन परिसरों के समीप एवं रेलवे लाईन के आस-पास पूजा पंडाल बनाये गये हैं । इन पूजा पंडालों के पास होने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा इन स्थानों पर लोगों की सुरक्षा एवं उन्हें समुचित रूप से निर्देशित करने हेतु अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। रेलवे लोगों से अपील करती है कि दुर्गा पूजा खुशीपूर्वक मनाएं एवं रेलवे के सुरक्षित एवं निर्बाध परिचालन में सहयोग करें । रेलवे लाईन से सुरक्षित दूरी पर रह कर ही पूजा का आनंद लें, विशेषकर बच्चों एवं बुजुर्गों का ध्यान रखें । रेलवे लाईन पार करने हेतु समपार फाटकों का ही उपयोग करें । रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पूजा स्थल पर जाकर ग्रामीणों एवं पूजा समितियों से समन्वय स्थापित भी किया जा रहा है। साथ ही यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्री सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल निरंतर चौकसी बरत रहे हैं तथा अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए कुछ स्टेशनों पर डॉग स्क्वायड के साथ रेल सुरक्षा बल की तैनाती की जा रही है । यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए स्टेशनों पर ट्रेन के आवागमन की जानकारी सहज उपलब्ध हो सके इसके लिए स्टेशनों पर निरंतर उद्घोषणा की जा रही है । असमाजिक तत्वों तथा भीड़ नियंत्रण पर काबू करने हेतु यात्री सुरक्षा को देखते हुए मुख्य स्टेशनों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे से रेल सुरक्षा बलों द्वारा चौबीसों घंटे गहन निगरानी की जा रही है । नशाखुरानी की घटनाएं ना हो, इसक लिए ट्रेनों की निगरानी की जा रही है और ऐसे मामलों पर नियंत्रण के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है । महिला यात्रियों की सुरक्षा एवं मदद हेतु ट्रेनों एवं प्रमुख स्टेशनों पर आरपीएफ की अतिरिक्त महिला कांस्टेबलों की टीम ''मेरी सहेली'' की तैनाती की जा रही है।

## 3 और 10 नवंबर को तालीमी इनामी मुकाबला आयोजित करेगी



ओरमांझी(मोहसीनआलम):तहरीक मकातीबे फ़िक्र रांची झारखण्ड के द्वारा मुस्लिम छात्र-छात्राओं के अंदर शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से तालीमी इनामी मुकाबला का आयोजन करने जा रही हैं,जिसमें क्षेत्र के 55 मकतब के बच्चे शामिल होंगे,परीक्षा दो श्रेणी में होगी,यह परीक्षा 3 नवंबर क़ो फ्लोरेंस पैरामेडिकल संस्थान इरबा में रखा गया हैं जिसमें छात्र-छात्राओं के बीच इस्लामिक लिखित परीक्षा होगा, जिसमें एक एक प्रश्न छोड़कर सभी प्रश्न ऑब्जेक्टिव रहेंगे,जबकि10 नवंबर को इरबा के हीरात मैरेज हॉल में तिलावत,नात पाक,तकरीर का मुकाबला होगा, इस इनामी प्रतियोगिता में एक मकतब से 6 बच्चे शामिल होंगे,जिसमें तीन बच्चे लिखित परीक्षा में भाग लेंगे व तीन बच्चे तकरीर नात पाक व केरत में हिस्सा लेंगे.मकतब के बच्चों का तालीमी इनामी मुकाबला क़ो लेकर गुरुवार क़ो दावत नामा बांटा गया,इस अवसर पर मुख्य रूप से तहरीक माक्तिबे फिक्र के अध्यक्ष जाकिर अंसारी,कारी मोईन अंसारी,हाफिज अतहर इमाम,पूर्व उप मुखिया नसीम अंसारी,मोहसिन आलम,मिन्हाज अंसारी,अब्दुल इमाम अंसारी,जावेद अंसारी,खालिक खान सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

# संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने आपात बैठक बुलाकर अपनी लंबित मांग पूरी करने के लिए सरकार से लगाई गुहार




रांचीः झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा में शामिल सभी घटक संगठनों, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ, झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ, झारखंड स्टेट प्राईमरी टीचर्स एसोशिएशन, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (+ 2 संवर्ग) की एक आपात बैठक प्रदेश संयोजक अमीन अहमद एवं आशुतोष कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में अरगोड़ा चौक स्थित शांति भवन में संपन्न हुई। बैठक में लिये गये निर्णय के पश्चात मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के नाम मोर्चा द्वारा पांच सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद एवं प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने जानकारी देते हुए बताया कि मोर्चा के सदस्य पिछले दिनों राज्य के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन से उनके आवासीय कार्यालय में मिलकर राज्य के शिक्षको के लंबित एवं जायज मांगों को उनके समक्ष विस्तार से रखा गया था। उक्त वार्ता के क्रम में मुख्यमंत्री महोदय ने शिक्षकों के लंबित समस्यायों के समाधान के लिए आश्वस्त भी किये थे।

विगत वर्षों मोर्चा सहित अन्य शिक्षक संघों द्वारा धरना प्रदर्शन, आमरण अनशन के माध्यम से भी लंबित मांगो को पूर्ण करने के लिए आवाज उठाई गई थी, जिसमें राज्य के कई माननीय विधायक महोदय सभास्थल आकर मांगो को जायज बताते हुए अपनी सहमति दी थी। विगत माह मोर्चा द्वारा लगातार माननीय मंत्री गणों से भी मिलकर लंबित मांगो को पुरा कराने हेतु आग्रह किया गया था, जिसमें मुख्यरूप से माननीय मंत्री वैद्यनाथ राम, दीपक बिरुआ, डॉ० रामेश्वर उरावं, श्रीमती दीपिका पांडेय, मिथिलेश ठाकुर, बन्ना गुप्ता, सांसद जोबा माझी, राज्यसभा सांसद डॉ० महुआ माजी के समक्ष मांगो को रखा गया था। आज के बैठक में मुख्यरूप निम्न लंबित मांगो को राज्य सरकार से चुनाव आचार संहिता के पूर्व पूर्ण करने की मांग करती है ताकि राज्य सरकार के प्रति शिक्षकों एवं राज्यकर्मियों की आस्था बनी रहे।

*1.* झारखंड राज्य के शिक्षकों सहित सभी राज्यकर्मियों के सेवानिवृति उम्र 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष करते हुए बताया गया कि झारखंड के साथ एक ही समय बने दो अन्य राज्यों छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड सहित आंध्रप्रदेश का उदाहरण देते हुए मोर्चा के सदस्यों ने कहा कि उक्त राज्यों में राज्यकर्मियों की सेवानिवृति उम्र बढ़ाकर 62 वर्ष कर दी गई है और अभी पिछले दिनों मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय ने अपने राज्य में शिक्षकों की सेवानिवृति उम्र 62 वर्ष से बढ़ाकर विश्वविद्यालय के शिक्षकों के तर्ज़ पर 65 वर्ष किये जाने की घोषणा की गई है। अतः शिक्षा एवं राज्य हित में अपने भी राज्य में शिक्षकों सहित राज्यकर्मियों की सेवानिवृति उम्र बढ़ाकर कम से कम 62 वर्ष की जानी चाहिए।

*2.* राज्य के प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के साथ हो रहे आर्थिक अत्याचार को एम ए सी पी का लाभ देकर राज्य सरकार इसे दूर कर सकती है। विडंबना है कि शिक्षकों को छोड़कर राज्य के सभी कर्मचारियों को नियमित रुप से पद प्रोन्नति एवं एम ए सी पी का लाभ नियमानुकूल दिया जाता है, परन्तु शिक्षकों को न तो प्रोन्नति ही मिलता है और ना ही एम ए सी पी का लाभ।

झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने राज्य के मुख्यमंत्री से चुनाव आचार संहिता के पूर्व यथाशीघ्र शिक्षकों को एम ए सी पी का लाभ देकर शिक्षकों के साथ आर्थिक न्याय करने की मांग की है। ज्ञातव्य हो कि बिहार सरकार ने शिक्षकों के साथ न्याय करते हुए 2021 में ही अपने शिक्षकों को एम ए सी पी का लाभ दे चुकी है।

*3.* वर्ष 2006 से पूर्व के नियुक्त शिक्षकों को छठे वेतन आयोग की अनुशंसा के बावजूद उत्क्रमित वेतनमान से अभी तक वंचित रखा है जबकि राज्य के सचिवालय कर्मियों को 2019 में ही इसका लाभ दे दिया गया है। जिससे राज्य के शिक्षक अपने ही राज्य में ठगे से महसूस कर रहे हैं। ऐसे में राज्य में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की कल्पना कैसे कर सकते हैं जब शिक्षकों को ही न्याय नहीं मिले।

*4.* गृह जिला स्थानांतरण के मामले में पूर्व के बने सभी जटिल नियमों को शिथिल करते हुए सामूहिक गृह जिला स्थानांतरण किये जाने की मांग की है, ताकि शिक्षकों का अपने अपने गृह जिला में वापसी हो सके जिससे राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में आर टी ई के तहत अपने मातृभाषा में पठन - पाठन सुनिश्चित हो सके।

*5.* शिक्षा विभाग में व्याप्त एन जी ओ के दखल से मुक्त करने की भी अपील की गई है ताकि राज्य में बेहतर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में शिक्षकों के योगदान की अहमियत बना रह सके।

आज के आपात बैठक में मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह, प्रवक्ता अरुण कुमार दास, आशुतोष कुमार, शैलेंद्र कुमार सुमन, मंगलेश्वर उरावं, डॉ० सुधांशु कुमार, मो० फखरुद्दीन, मक़सूद जफर हादी मुख्यरूप से मौजूद थे।

## तेतूलतल्ला मैदान में लगाए गए मेले का उद्घाटन सांसद दुल्लू महतो ने किया

धनबादः बुधवार को श्री श्री सार्वजनिक तेतुलतल्ला दुर्गा पूजा कमिटी के मेला का उद्घाटन किया। पूजा कमिटी के अध्यक्ष जयदेव गुप्ता मनोज (जे डी दा) एवं सचिव, सुरेंद्र यादव मैदान के बीच बने में मंच पर सांसद को पगड़ी पहनकर स्वागत सम्मानित किया। साथ ही सांसद,कमिटी के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों द्वारा जरूरतमंद एवं गरीब महिलाओं को हर वर्ष की भांति साड़ी वितरित किया गया। सांसद ढुलू महतो ने तेतूल तल्ला पूजा कमेटी के अध्यक्ष, सचिव एवं समस्त सदस्यों को को सरकारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए भव्य पूजा आयोजित करने के लिए बधाई दी।साथ ही इस अवसर पर जरूरतमंदों को साड़ी वितरण कार्य की प्रशंसा किया।भव्य पूजा के लिए पूजा कमिटी के अध्यक्ष, जे डी दा ने बताया कि श्री श्री सार्वजनिक तेतुलतला दुर्गा पूजा समिति की मोर पंख से बनी मां दुर्गा का प्रतिमा श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है। मां की पूजा पारंपरिक रूप से हो रही है एवं श्रद्धालु मेला का आनंद ले रहे है। पंडाल में श्रद्धालुओं के लिए पीने का पानी, महिलाओं के लिए शौचालय, प्राथमिक उपचार केंद्र, एम्बुलेंस सेवा, खोया-पाया केंद्र, जन सुविधा केंद्र, पुलिस सहायता केंद्र, साथ ही साथ सुरक्षा व्यवस्था हेतु ड्रोन कैमरा, सी.सी. टी.वी लगे हुए हैं।कमिटी के सदस्य पूजा मैदान, पंडाल एवं मेले की निगरानी रख रहे हैं। साथ ही साथ पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद है.

# झरिया में दुर्गा पूजा का एक समृद्ध इतिहास रहा है

धनबादः झरिया में दुर्गा पूजा का एक समृद्ध इतिहास रहा है, जो इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। झरिया, जो धनबाद जिले के अंतर्गत आता है, अपने कोयला खदानों के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन यहां दुर्गा पूजा का उत्सव भी भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस पूजा का इतिहास झरिया के विकास के साथ ही जुड़ा हुआ है, और इसका सांस्कृतिक महत्व कई दशकों से स्थानीय समुदाय के लिए विशेष रहा है।

### झरिया में दुर्गा पूजा का प्रारंभ,

ब्रिटिश काल से आरंभ झरिया में दुर्गा पूजा का आयोजन 19वीं शताब्दी के अंत और 20वीं शताब्दी की शुरुआत में ब्रिटिश शासन के दौरान शुरू हुआ। उस समय झरिया क्षेत्र में कोयला खदानों का विकास हो रहा था और बंगाल के कई लोग यहां रोजगार की तलाश में आए थे। बंगाली समुदाय की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के कारण झरिया में दुर्गा पूजा की परंपरा शुरू हुई। बंगाली प्रभाव, झरिया में दुर्गा पूजा का प्रारंभ बंगाली समुदाय के प्रमुख व्यवसायी और मजदूरों ने किया। इन लोगों ने दुर्गा पूजा को अपने धार्मिक आस्था के केंद्र में रखा और धीरे-धीरे इसे एक सामूहिक उत्सव के रूप में मनाना शुरू किया।

### पूजा का विकास,

सामाजिक मेलजोल प्रारंभ में यह पूजा केवल बंगाली समुदाय के बीच सीमित थी, लेकिन धीरे-धीरे इसमें अन्य समुदायों ने भी भाग लेना शुरू किया। यह पूजा न केवल धार्मिक आयोजन थी, बल्कि सामाजिक मेलजोल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का एक प्रमुख अवसर बन गई।

भव्य आयोजन, समय के साथ झरिया में दुर्गा पूजा का आयोजन भव्य रूप से किया जाने लगा। विभिन्न पूजा समितियों द्वारा बड़ी-बड़ी मूर्तियों की स्थापना और पंडालों का निर्माण शुरू हुआ। 20वीं सदी के मध्य तक यह पूजा झरिया और उसके आस-पास के इलाकों में प्रमुख धार्मिक उत्सव बन चुकी थी।

### महत्वपूर्ण पूजा समितियाँः

झरिया पूजा समितिः झरिया में कई दुर्गा पूजा समितियाँ हैं, जिनमें से कुछ का गठन कई दशकों पहले हुआ था। इनमें से प्रमुख समितियाँ अपने विशाल पंडालों और कला कौशल के लिए जानी जाती हैं।

उद्योगपतियों का योगदानः झरिया के उद्योगपति और कोयला व्यापार से जुड़े लोग इस पूजा के बड़े संरक्षक रहे हैं। उन्होंने पूजा को और भी भव्य बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की, जिससे इसे व्यापक स्तर पर मनाया जा सके।

### वर्तमान समय में पूजाः

भव्यता और कलाः आज झरिया में दुर्गा पूजा का आयोजन अत्यधिक भव्य होता है, जिसमें बड़े-बड़े पंडाल, आकर्षक लाइटिंग और सुंदर मूर्तियों की स्थापना की जाती है। हर साल यहाँ नई थीम और कलात्मक पंडाल बनाए जाते हैं, जो लोगों का ध्यान आकर्षित करते हैं।

संस्कृतिक महत्वः धार्मिक पूजा के साथ-साथ, झरिया की दुर्गा पूजा सांस्कृतिक गतिविधियों का भी केंद्र है। इस दौरान नाट्य मंचन, संगीत कार्यक्रम, और सामुदायिक भोज जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, जो स्थानीय समाज को एकजुट करती हैं।

### सामाजिक प्रभावः

सांप्रदायिक सौहार्दः झरिया में दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक समागम का प्रतीक है। यहाँ हिन्दू-मुस्लिम समुदाय मिलकर इस पर्व में हिस्सा लेते हैं और यह क्षेत्र में सांप्रदायिक सद्भावना को प्रोत्साहित करता है।

आर्थिक पहलूः दुर्गा पूजा का झरिया के स्थानीय व्यापार और अर्थव्यवस्था पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। पूजा के दौरान दुकानों, खानपान और अन्य सेवाओं की मांग बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय व्यापारियों को आर्थिक लाभ होता है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है दुर्गा पूजा का त्योहार



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।दुर्गा पूजा का त्योहार बरकट्ठा प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बरकट्ठा मंदिर में मां दुर्गा की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।बरकट्ठा में बनाया गया भव्य पूजा पंडाल लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना है।पर्व को लेकर बरकट्ठा मंदिर को रंग बिरंगे लाईट से काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया है।वहीं एनएच दो पर पूरे बरकट्ठा मेन रोड में विद्युत सज्जा किया गया है।जबकि बरकट्ठा में चहुंओर बज रही धार्मिक गीतों से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है।पूजा सफल बनाने में पूजा समिति अध्यक्ष रामखेलावन यादव, सचिव रामेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष महादेव साव, उपाध्यक्ष जीबलाल नायक, शोभा समिति अध्यक्ष सुरज मोदी, सचिव सुरेश राम, कोषाध्यक्ष दीपक राणा, उपाध्यक्ष दीपक सोनी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, पंसस प्रतिनिधि संजय गुप्ता, अशोक गुप्ता, इंद्रजीत प्रसाद, दिलीप दास, बालकी यादव, दिलीप सोनी समेत अन्य लोग शामिल हैं।

## विधायक ने किया विकास योजना का सूर्यकुण्ड में शिलान्यास



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड में विकास योजना का विधायक अमित कुमार यादव ने शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक ने सूर्यकुण्ड में होने वाली तालाब का विस्तार गहरी करण एवं स्नानागार निर्माण कार्य की आधारशिला रखीं। मौके पर बरकट्ठा जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साहू, झारखंड आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, शिक्षाविद सीके पांडेय मौजूद थे। सौंदर्यीकरण कार्य संवेदक मेसर्स देवेन्द्र पांडेय के द्वारा पर्यटन विभाग से लगभग 37 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। इस अवसर पर सुरेंद्र पांडेय, राजकुमार यादव, राजकुमार गिरी, सुरेश कुमार पांडेय, रामस्वरूप पांडेय, संजय पांडेय, ईश्वर नायक, दीपक पांडेय, बिनोद गिरी, लखन पांडेय, गणेश साव समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# मेडिकल रिलीफ बनाने पर कर्मचारी ने मांगा रिश्वत



धनबादः जिले के धनसार थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदमारी मांझी बस्ती में बीसीसीएल कर्मी ने बेड़ा कोलियरी के कर्मचारी पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। वहीं पीड़ित परिवार ने मीडिया को बताया कि बेड़ा कोलियरी के कर्मचारी काजल बोरला ने मेडिकल रिलीफ बनाने के लिए 30 हजार रिश्वत की मांग की। जिसके बाद भुक्तभोगी के बेटे हरेधाम भुईया ने मामले की शिकायत विजिलेंस को कर दिया है। जिसके बाद बेड़ा कोलियरी के कर्मचारी ने भुक्तभोगी परिवार को धमकी दी है। जिससे पीड़ित परिवार काफी डरे और सहमे हुए है। पीड़ित परिवार धमकी के बाद घर में डरे और सहमे हुए है। पूजा के माहौल में पीड़ित परिवार घर से बाहर नही निकल रहे है जबकि उक्त बीसीसीएल अधिकारी के वजह से नज़र बंद है। महेंद्र भुईया दिनांक 04-08-23 से बीमार पड़े हुए थे। जिसके बाद उन्हें धनबाद के सेंट्रल अस्पताल ले जाया गया था। जहां से उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें दुर्गापुर रेफर कर दिया गया था। जिसकी सूचना परिवार वाले ने बेड़ा कोलियरी प्रबंधन को दे दिया था। जिसके साथ ही सभी कागजात भी जमा करा दिया है। बीसीसीएल कर्मी लकवा की बीमारी से ग्रसित है। जिसके कारण ड्यूटी जाने में असमर्थ हैं। वहीं भुक्तभोगी का वेतन रोक दिया गया है। भुक्तभोगी के बेटे ने प्रबंधन को कई बार लिखित आवेदन भी दिया है। परंतु कोई कारवाई नही की जा रही है।

भुक्तभोगी डेढ़ साल से कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। परंतु प्रबंधन के कर्मचारी काजल बोरला आपदा में अवसर की तलाश में है। बेड़ा कोलियरी के कर्मचारी ने पीड़ित परिवार को कहा कि 'तुम दौड़ते रह जाओगे और तुम्हारा बाप मर जाएगा'। अगर तुम 30 हजार नही दोगे तो तुम्हारा काम नही होगा। वही कर्मचारी ने कहा कि 30 हजार रुपए में कर्मचारी और पदाधिकारी को रुपए देने पड़ते है। चुकी भुक्तभोगी एनसीडबल्यू ए के एरियर का पैसा बीमार पड़ने पर लिव का पैसा एवं मेडिकल बिल बकाया है। इसी सब का भुगतान हेतु 30 हजार रुपए की मांग कर रहे है। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने मीडिया से न्याय की गुहार लगाई है।

## बैंक मोड़, नगर निगम परिसर में पूजा पंडाल का उद्घाटन नगर आयुक्त ने किया



धनबाद, दुर्गा पूजा कमेटी नया बाजार, नगर निगम परिसर बैंक मोड़ के पूजा पंडाल का उद्घाटन नगर आयुक्त, रवि राज शर्मा ने फीता काटकर किया।साथ ही मां दुर्गा के समक्ष मुख्य अतिथि रविराज शर्मा उनकी धर्मपत्नी एवं कमिटी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सभी लोगो के लिए मंगलमय कामना की। नगर आयुक्त ने समस्त धनबाद वासियों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी।कमेटी के अध्यक्ष, राजेश्वर सिंह यादव ने बताया 76वां वर्ष के रूप में इस बार पूजा का भव्य आयोजन किया गया। पंडाल के पूजा समारोह में सभी अतिथियों को गुलदस्ता देकर एवं माता का चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के रवींद्र वर्मा, रवि चौधरी, प्रभात सुरोलिया, चेतन गोयनका,रामजी भगत,रवि रंजन सिंह, विपिन चौरसिया, राजेश साव, ।,प्रमोद गोयल राहुल यादव,पी मंडल,राकेश यादव, विंध्याचल यादव,श्रीधर सिंह यादव,विजय यादव,संजय गोस्वामी,दिलीप कुमार, विलायती शर्मा, बीरेंद्र यादव,समेत कमिटी के अन्य सदस्य एवं श्रद्धालु भक्तगण मौजूद थे।

## प्रेस क्लब में महाअष्टमी पर हुआ मां सरस्वती का पूजन

इन्दौर। नवरात्रि के पावन पर्व और महाष्टमी के मौके पर आज इन्दौर प्रेस क्लब में स्थित मां सरस्वती के मंदिर में हवन पूजन के साथ ही महाआरती हुई। प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी और उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी ने मंदिर के पुजारी पं. धीरेंद्र राजौरिया की उपस्थिति में विधि विधान से पूजन किया। पूजन और महाआरती में प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य विपिन नीमा, प्रवीण बरनाले, राहुल वावीकर, चंदू जैन, गिरधर नागर, मांगीलाल चौहान, राजेंद्र कोपरगांवकर, लोकेंद्र थनवार, धर्मेन्द्र शुक्ला, हेमन्त जैन, बालकृष्ण मुले, तत्पश्चात कन्याभोज का आयोजन भी हुआ।

## नवरात्रा के मौके पर भोग का वितरण



रांचीः नवरात्र का समय और मां भक्तों की भक्ति रांची की राजधानी में देखे जा रहे हैं इसी कड़ी में राष्ट्रीय जय हिंद पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह केंद्रीय अध्यक्ष बबन चौबे के सहयोग से मां भक्तों के भोग वितरण किया वही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आड़े हाथो लिया उनका कहना है कि अहमदाबाद में देश के प्रधानमंत्री वंदे मातरम ट्रेन चल रहे हैं और झारखंड और बिहार राज्यों के लोग भूखे मर रहे हैं झारखंड और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देनी चाहिए ताकि यहां की जनता को रोजगार स्वास्थ्य शिक्षा सही से मिल पाए.

## संक्षिप्त ख़बरें

### सरकारी टीचरों के लिए ड्रेस कोड लागू

पटना (ईएमएस)। बिहार के शिक्षा विभाग ने राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षक और शिक्षकों के लिए एक नया ड्रेस कोड लागू किया है, जिसके तहत जींस और टी-शर्ट पहनने पर रोक है। इस निर्णय का उद्देश्य स्कूलों में अनुशासन और औपचारिकता बनाए रखना है। शिक्षा विभाग के निदेशक (प्रशासन) सह अपर सचिव सुबोध कुमार चौधरी ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किए। नए निर्देशों के अनुसार, सरकारी स्कूलों में शिक्षक अब से फॉर्मल ड्रेस में ही आएंगे। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की गतिविधियां विद्यालयों के शैक्षणिक माहौल पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं और इस स्वीकार नहीं किया जा सकता।इसके अलावा, सोशल मीडिया पर निम्न स्तर की गतिविधियां भी संचालित हो रही हैं। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल शिक्षा कैलेंडर के अनुसार विशेष दिनों में नृत्य, संगीत आदि का अनुशासित और शालीन कार्यक्रम मान्य है।इसके साथ ही, जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे सुनिश्चित करें कि सभी शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी शिक्षण-कार्यालय अवधि के दौरान गरिमायुक्त औपचारिक परिधान में ही स्कूल आएं। इस निर्णय को कई शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा मिश्रित प्रतिक्रियाओं के साथ देखा जा रहा है। कुछ लोग सकारात्मक बदलाव मान रहे हैं, जबकि अन्य व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन मानते हैं।

### पर्यटन विभाग ने शुरू किया "मेरा प्रखंड मेरा गौरव" प्रतियोगिता

पटना, (ईएमएस)। बिहार सरकार के पर्यटन विभाग "मेरा प्रखंड मेरा गौरव" प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया जायेगा। दरअसल अगर आपके गांव में कोई ऐसा स्थान है जो ऐतिहासिक है और उसकी पहचान अभी तक उजागर नहीं हो पायी है तो अब आपके पास उसे फेमस करने का मौका है। इसके एवज में आपको ईनाम भी मिलेगा। इसके लिए सिर्फ उस जगह की फोटो और वीडियो शेयर करना होगा और उसके बदले आप ईनाम पा सकते हैं। बताया गया है कि राज्य के पर्यटन विभाग का कहना है कि सुदूरवर्ती इलाकों के ऐसे ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थल जिनकी पहचान नहीं हो सकी है, उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस योजना से पहचान दिलाई जायेगी। इस योजना के तहत बिहार के प्रत्येक प्रखंड स्तर पर पर्यटन स्थलों को लेखन, तस्वीरों और वीडियो के माध्यम से प्रमोट किया जायेगा। प्रतियोगिता के जरिये पर्यटन स्थलों को न केवल राज्य, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रचारित किया जायेगा। इससे स्थानीय पर्यटन को एक नई दिशा मिलेगी। मेरा प्रखंड मेरा गौरव प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए सरकार के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने आवश्यक निर्देश जारी किया है। निर्देश में कहा गया है कि मेरा प्रखंड मेरा गौरव प्रतियोगिता का आयोजन पर्यटन विभाग की ओर से प्रखंड स्तर पर होगा। इस अभियान के तहत ग्रामीण इलाकों के स्थानीय लोग हिस्सा लेकर अपने-अपने क्षेत्र के छिपे पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी दे सकते हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया जायेगा। प्रतिभागियों को वीडियो, फोटोग्राफ और संक्षिप्त अभिलेख अपलोड करने के लिए विभाग की ओर से एक अलग से वेब पेज का निर्माण किया जा रहा है।

### बिहार से अगले दो दिन में मानसून की हो जाएगी पूरी तरह विदाई

पटना, (ईएमएस)। बिहार में नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के माहौल में मनाया जा रहा है। शहर से लेकर गांवों में विभिन्न तरह के दर्शनीय पंडाल बनाए गए हैं। लेकिन बिहार में बारिश को लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जिससे दुर्गापूजा के जश्न में व्यवधान पड़ने की संभावना है। दरअसल मौसम विभाग ने बिहार के 7 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने जिन 7 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है उनके नाम हैं- आरा, बक्सर, सिवान, गोपालगंज, रोहतास, औरंगाबाद और कैमूर जिला। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, पुरवा हवा की वजह से बिहार के कुछ भागों में मानसून सक्रिय है और इस कारण कुछ जगहों पर हल्की-फुल्की बारिश हो रहा है। हालांकि, 12 अक्टूबर के बाद से बिहार के किसी भी जिले में बारिश की संभावना नहीं है। इस दौरान सभी जिलों में मौसम सामान्य बना रहेगा। वहीं नवमी और विजया दशमी को बारिश की संभावना नहीं है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने 11 अक्टूबर यानी नवमी और 12 अक्टूबर यानी विजया दशमी को लेकर कोई चेतावनी जारी नहीं की है। इन दोनों दिन के लिए मौसम विभाग ने जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसके अनुसार राज्य के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा और बारिश के कोई आसार नहीं हैं। बिहार के कई हिस्सों में मानसून विदा हो चुका है और अगले दो दिन में मानसून की पूरी तरह बिहार से विदाई हो जाएगी।

### रतन टाटा के निधन से बिहार में शोक की लहर

पटना, (ईएमएस)। देश के दिग्गज उद्योगपति और सबसे बड़े समूह टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन नवल टाटा नहीं रहे। अपनी उम्र से जुड़ी बीमारी के बाद 86 वर्ष की उम्र में बुधवार रात मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। वहीं बिहार के राजनीतिक गलियारों में भी शोक की लहर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिग्गज उद्योगपति एवं पद्म विभूषण रतन टाटा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। पूर्व उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी उनके निधन पर शोक जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, मानवीय मूल्यों व परोपकार में गहरी आस्था रखने वाले बड़े उद्योगपति, विजनरी लीडर, ईमानदारी, नैतिकता, दयालुता और सद्भावना की मिसाल श्री रतन टाटा जी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता हूं। वो ऐसे उद्योगपति थे जो हमेशा औरों के लिए जिए। उन्होंने अनुकरणीय जीवन जिया। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें। वहीं केंद्रीय मंत्री और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा, देश के महान सुपुत्र रतन टाटा जी के निधन की खबर से स्तब्ध हूं। रतन टाटा जी ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से भारत ने एक महान उद्योगपति, समाजसेवी और देशभक्त खो दिया है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

### वीर प्रताप सिंह बना बिहार रणजी टीम का कप्तान



नालंदा : नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव निवासी वीर प्रताप सिंह को बिहार रणजी टीम का कप्तान बनाया गया है। इस खबर से नालंदा जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिले के क्रिकेट प्रेमियों ने वीर प्रताप सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वीर प्रताप सिंह एक प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं। उन्होंने 2012 में जब बिहार को रणजी टीम में मान्यता नहीं मिली थी, तब बंगाल से रणजी खेला था। इसके अलावा, वह आईपीएल में भी कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और डेक्कन चार्जर्स जैसी टीमों के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने आईपीएल में सचिन तेंदुलकर का विकेट भी लिया है। नालंदा जिले के क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि वीर प्रताप सिंह को बिहार रणजी टीम का कप्तान बनाए जाने से नालंदा जिले का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने कहा कि यह नालंदा जिले के लिए गौरव का क्षण है। नालंदा जिले के पूर्व और वर्तमान खिलाड़ी, कोच और अंपायरों ने वीर प्रताप सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। नालंदा जिले के क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव गोपाल कुमार सिंह और पूर्व सचिव सय्यद मोहम्मद जावेद इकबाल ने वीर प्रताप सिंह को बधाई देते हुए बिहार क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी और सचिव ज़िआउल आफ़्रीन का धन्यवाद किया। नालंदा जिले के क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय कुमार, कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुमार और संयुक्त सचिव संजीव कुमार ने भी वीर प्रताप सिंह को बिहार टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# बिहार के चर्चित आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे का पूर्णिया से तबादला



पटना, (ईएमएस)। बिहार के चर्चित आईपीएस अधिकारी और पूर्णिया रेंज के आईजी शिवदीप लांडे का राज्य सरकार ने तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारी के तौर पर पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण पटना के पद पर नियुक्त किया है. इस तबादले की अधिसूचना गृह विभाग ने जारी कर दी है. आपको बता दें कि कुछ दिन पहले ही उन्होंने इस्तीफा दिया था. इसके बाद यह आदेश आया है. उनकी जगह पर राकेश राठी जो कि पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण पटना हैं उन्हें भेजा गया है. अब यहां सवाल यह उठ रहा है कि शिवदीप लांडे ने जिस तरीके से पूर्णिया रेंज में आईजी के पद पर योगदान देने के बाद लगातार एक्शन में रहे, क्या वही एक्शन तो उनके इस्तीफे की वजह नहीं बन गया?

दरअसल शिवदीप लांडे ने पूर्णियां में 26 जुलाई को तनिष्क लूटकांड के मामले में बरती गई लापरवाही पर खुले तौर पर नाराजगी जाहिर की थी. उन्होंने घटनास्थल जिस थाना क्षेत्र में पड़ता है, उसके थाना अध्यक्ष सहित थाना में पदस्थापित सभी पुलिस पदाधिकारियों और पुलिसकर्मियों को इस मामले में लापरवाह मानते हुए निलंबित करने की बात कही थी. साथ ही सदर डीएसपी की भूमिका पर भी सवाल खड़ा करते हुए उन्हें नोटिस जारी किया था. इसमें लिखा था कि शिथिलता और लापरवाही को लेकर उनके खिलाफ बिहार पुलिस मुख्यालय को रिपोर्ट क्यों न दी जाए. लांडे के इस एक्शन के बाद खलबली मच गई थी. इतना ही नहीं बीते 9 अक्टूबर को उन्होंने एक और बड़ा एक्शन लिया. कटिहार के मनिहारी में हुए स्टीमर हादसे को लेकर कटिहार एसपी को कई बिंदुओं पर जांच के निर्देश दिए. ऐसा माना जा रहा है कि शिवदीप लांडे का तबादला उसी आदेश का रिएक्शन है. शिवदीप लांडे ने कटिहार के मनिहारी के पास दो साल पहले मालवाहक जहाज डूबने के मामले में कड़ा एक्शन लिया था. उन्होंने 11 बिंदुओं पर नए सिरे से जांच के आदेश दिए. मनिहारी के तत्कालीन थानाध्यक्ष, सीओ, एसडीओ, एसडीपीओ, एमवीआई, डीटीओ, माइनिंग पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाई थी. उन्होंने अपने टिप्पणी में इन अधिकारियों की भूमिका के जांच के आदेश दिए थे.यह आदेश निकलने के चंद घंटे बाद ही शिवदीप लांडे का तबादला पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण पटना के पद पर कर दिया गया. दरअसल अभी दुर्गा पूजा का मौका है और विधि व्यवस्था को बनाए रखना बिहार पुलिस मुख्यालय की जिम्मेदारी है. इसी कारण सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द की गई हैं. ऐसे में उनका तबादला बड़े सवाल खड़े कर रहा है. ज्ञात हो कि शिवदीप लांडे ने पिछले महीने के 19 तारीख को पद से इस्तीफा दे दिया था. उन्होंने इसकी घोषणा सोशल मीडिया पर की थी. लेकिन बिहार को ही अपनी कर्मभूमि बनाए रखने की बात कही थी.

### अष्टमी की रात तंत्र साधना के लिए प्रसिद्ध है यह शक्तिपीठ

पटना : बाहर से इस मंदिर का रूप बदला जा रहा है। शहरों की तरह पंडाल वाली सजावट दिख रही है। बनारस की तर्ज पर महाआरती कराई जा रही। लेकिन, इसके इस नए रूप की जगह भक्तों के मन में सदियों पुराना इसकी छवि विद्यमान है। 600 साल से तंत्र साधना के लिए बेगूसराय जिले के बखरी बाजार स्थित पुरानी दुर्गा स्थान में बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, नेपाल और बांग्लादेश से भी साधक आते रहे हैं। यह साधना नए रूप में भले न हो सके, लेकिन माना जाता है कि आज भी अपनी तांत्रिक शक्तियों को सिद्ध करने के लिए साधक महाअष्टमी की रात यहां महिषासुर का वध करतीं तमतमाए लाल चेहरे वाली माता भगवती देवी का दर्शन जरूर करते हैं। संतान प्राप्ति और गंभीर बीमारियों से राहत के लिए भी देवी का अष्टी (स्थान) पर महिला-पुरुष मन्नत मांगने आते हैं। इसके साथ ही यह बलि के लिए भी प्रसिद्ध है। बताया जाता है कि परमार वंश ने इस मंदिर की स्थापना की थी।

## 9 माह के बच्चे की हत्या, मारकर शव को झाड़ी में फेंक दिया




आरा : आरा में 9 माह के मासूम बच्चे की चोरी कर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। घटना जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भोराही टोला गांव की है। बच्चे का शव गुरुवार की सुबह गांव में ही नाले के किनारे झाड़ी से बरामद किया गया। मृत बच्चे के चेहरे पर निशान पाया गया है, जिस कारण परिजनों ने मुंह और नाक दबाकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया गया है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, जगदीशपुर थानाध्यक्ष बिगाउ राम, अपर पुलिस अधीक्षक जयंत प्रकाश पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए हैं। वहीं पुलिस द्वारा एफएसएल की टीम भी बुलाई गई है। जिसके बाद एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य का संकलन किया। जानकारी के अनुसार मृत मासूम बच्चा तीयर थाना क्षेत्र के तीयर गांव निवासी विकास कुमार का 9 माह का पुत्र युवराज कुमार है। उधर घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर उतर गए और आरा मोहनिया-नेशनल हाईवे पर हाटपोखर गांव के पास शव को सड़क के बीचों-बीच रख जाम कर दिया।सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई एवं आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। सड़क जाम की सूचना पाकर जगदीशपुर थाना अध्यक्ष बिकाऊ राम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे लोगों को समझाने बुझाने में जुट गए हैं।

## दंड परिक्रमा कर माता के दरबार में पहुंचे 100 से ज्यादा युवा



बेगूसराय : बेगूसराय में युवाओं द्वारा दंड परिक्रमा देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ लग गई। इस दंड परिक्रमा के माध्यम से युवाओं ने लोगों के बीच एक आस्था का नया पैगाम दिया है। बताया जाता है कि बेगूसराय जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित बीहट नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत बीहट बड़की दुर्गा मंदिर सिद्ध पीठ के रुप में मान्यता है। यह भक्तों के लिए बड़ा ही आस्था का केंद्र बना हुआ है। खासकर अष्टमी के दिन जो भी मां से मन्नत मांगती है। माता रानी से उनकी मन्नत पूरा करती है। सबसे बड़ी बात है कि आज 100 से अधिक युवाओं की टीम के द्वारा सिमरिया गंगा घाट से दंड परिक्रमा के माध्यम से माता के मंदिर में हाजिरी लगाने पहुंचे हैं। इस दौरान युवा बताते हैं कि बीहट की शक्तिपीठ माता का मंदिर है। आज माता के दरबार में परिक्रमा के माध्यम से माता से मन्नत मांगी गई है। माता रानी मन्नत जरूर पूरा करेगी। बताते चले कि आस्था का एक नए स्वरूप देखने को मिला, जहां 100 से अधिक युवा के टीम सिमरिया से दंड परिक्रमा करते हुए माता के दरबार में पहुंचे। तस्वीरों में देख सकते हैं किस तरह से युवा के द्वारा दान परिक्रमा करते हुए माता के पास हाजिरी लगाने के लिए पहुंचे हैं।बताते चले कि यह दुर्गा मंदिर बेगूसराय जिला ही नहीं, पूरे देश में सबसे ऊंचा और विशाल दुर्गा मंदिर है। इस मंदिर की ऊंचाई 221 फीट है और यह 11 मंजिला का विशाल मंदिर है। इस दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना पूरे पारंपरिक तरीके से होती हुई आ रही है। इस दुर्गा मंदिर के पुजारी पंकज कुमार सिंह उर्फ फलाहारी बाबा बताते हैं कि माता रानी की यहां असीम उनकी कृपा है। जो भी श्रद्धा भाव से यहां पर भक्त पहुंचते हैं, उनकी मन्नते माता पूरी कर देती हैं।फलाहारी बाबा ने बताया कि अभी तक सैकड़ों, नहीं हजारों वैसे भक्तगण हैं, जिनकी मन्नतें पूरी मां ने की है। जो लोग बिहार से बाहर रहते हैं। वो लोग दुर्गा पूजा के समय में यहां आकर श्रद्धा भाव से पूजा करते हैं। उन्होंने बताया है कि आस्था का एक नया रूप इस जगह देखने को मिलता।

## तेज रफ्तार का कहर, आपस में तीन बाइक टकराईएक की मौके पर मौत, चार युवक घायल




जमुई : गुरुवार की दोपहर जमुई जिले के सिकंदरा-नवादा मुख्य मार्ग बरडीह मोड़ के समीप तेज रफ्तार तीन बाइक आपस में टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अलग-अलग बाइक पर सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और इसकी सूचना सिकंदरा थाने की पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायल को सिकंदरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए दो घायलों को जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि चंद्रदीप थाना क्षेत्र के इस्लामनगर गांव निवासी महेंद्र यादव का 19 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार अकेले एक बाइक पर सवार था। जबकि दूसरे बाइक पर उसी गांव के बखोरी यादव के 17 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार और मसूदन यादव के 17 वर्षीय पुत्र बलिंदर कुमार सवार होकर सिकंदरा की ओर से अलीगंज की ओर अपने गांव जा रहे थे।वहीं तीसरा चंद्रदीप थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी स्वर्गीय राजेंद्र यादव के 43 वर्षीय पुत्र बिल्टू यादव और जयराम यादव के 36 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश यादव एक बाइक पर सवार होकर अलीगंज की ओर से कुमार गांव आ रहे थे। इसी दौरान बरडीह मोड़ के समीप तीनों बाइक की गति तेज रहने के कारण अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गई। जिसमें इस्लामनगर गांव निवासी महेंद्र यादव के 19 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार की मौके पर मौत हो गई।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मृतक रंजीत के पिता महेंद्र यादव ने बताया कि मां के कहने पर बाजार से पान और कसैली लाने के लिए कहा गया, लेकिन सिकंदरा के तरफ किस लिए आया था, इसकी जानकारी नहीं है। मौके पर पहुंचे सिकंदरा थाना के अपर थानाध्यक्ष क्षैबर राम ने बताया कि इस सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। जबकि चार घायल हुए है। पुलिस मृतक की शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

### मेले में मची भगदड़ से रोकने का अनोखा उपाय, शिक्षक ने गीत गाकर बच्चों को किया जागरूक

समस्तीपुर : बच्चों को पढ़ने और उसे जागरूक करने को लेकर अपने अंदाज के लिए हमेशा चर्चा में रहने वाले शिक्षक बैजनाथ रजक का एक वीडियो इन सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। उक्त वीडियो में शिक्षक बच्चों को भगदड़ और भीड़ से बचाव के लिए जागरूक कर रहे हैं। वायरल वीडियो में शिक्षक गीत के माध्यम से बच्चों को माता-पिता या अपने बड़े बुजुर्ग के साथ मेला में घूमने, रास्ते में सावधानी के साथ बाएं चलने देखकर सड़क पार करने और अत्यधिक भीड़ का हिस्सा न बनने की नसीहत देते नजर आ रहे हैं। 'सुन-सुन रे चुनवा मुनवा': गीत के माध्यम से वो बच्चों को कहते हैं कि सुन-सुन रे चुनवा मुनवा, हमरो बचनिया कि मेला में रखिए एतना ध्यान रे...भगदड़ भीड़ से खुद के बचइहिए। समय नई रहि छै समान हे.. पापा के हाथ ना छोड़िए मम्मी के साथ ना छोड़िहिएं..नई छोड़िहिएं अपना सब के संग रे..घर के मोबाइल नंबर याद तू रखिए, नई घटतो तोहरो उमंग रे.. शिक्षक बैद्यनाथ रजक ने ब्लैकबोर्ड पर भी भगदड़ के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लिखा है जो इस प्रकार है। भगदड़ के दौरान भागती हुई भीड़ के विपरीत दिशा में न भागें, हाथों को छाती के सामने रखकर आगे बढ़ें और अपनों का हाथ पकड़े रहें। शिक्षक का कहना है कि बच्चों को ज्यादा अनुभव नहीं होता है। इसलिए उनके साथ परिवार के किसी सदस्य का होना आवश्यक होता है,ताकि उनकी सुरक्षा और मार्गदर्शन हो सके। शिक्षक बैद्यनाथ रजक वर्ष 2006 से ही समस्तीपुर जिले के प्राथमिक कन्या विद्यालय मालदह हसनपुर में पदस्थापित हैं और लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते आ रहे हैं। इससे पहले भी उनका आपदा से बचाव, खेल-खेल में पढ़ाने, बच्चों को विद्यालय से जोड़ने,चमकी को धमकी देने,किताब से दिल लगाने और लू पर बनाया गया गीत काफी सुर्खियां बटोर चुके हैं। एक तरफ जहां सरकारी विद्यालय की व्यवस्था पर प्रायः अंगुली उठती रहती है, वहीं बैद्यनाथ रजक जैसे शिक्षक पूरी तरह से इसे खारिज कर रहे हैं। इनके पढ़ाने के अनोखे अंदाज और उत्कृष्ट शिक्षण शैली के कारण ही बिहार सरकार ने भी इन्हें इस वर्ष का राजकीय शिक्षा पुरस्कार प्रदान किया है।

### नाबालिग लड़की को नेपाल ले जा रहा था शख्स

मोतिहारी : मानव तस्करी रोधी इकाई एसएसबी रक्सौल के टीम प्रभारी इंस्पेक्टर सीआर बेनीवाल ने बताया कि राजस्थान से एक नाबालिग लड़की को प्यार के जाल में फंसाकर नेपाल ले जा रहे उक्त नेपाली नागरिक राहुल को पकड़ कर हरैया पुलिस को सुपुर्द किया गया है। इसके साथ अगवा की गई नाबालिग लड़की को रेस्क्यू किया गया। एएचटीयू एसएसबी रक्सौल की टीम को इस बात की सूचना मिली कि एक लड़की को अगवा कर नेपाली नागरिक नेपाल की तरफ ले जाने वाला है। सूचना पर मैत्री पुल पर सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया और जांच के दौरान उक्त लड़की का रेस्क्यू किया गया। अगवा कर लड़की को ले जा रहा नेपाली नागरिक वर्तमान में राजस्थान में किसी कारखाने में काम कर रहा था। वहां उक्त लड़की को प्रेम जाल मे फांस लिया था। एसएसबी की प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि लड़की के माता-पिता मुलतः मुज़फ़्फ़रपुर बिहार के रहने वाले हैं और मजदूरी हेतु भिवाड़ी राजस्थान में अस्थाई तौर पर रहते हैं। यह नेपाली नागरिक भी उसी कारखाने में काम कर रहा था, जिसमें लड़की के माता-पिता काम करते हैं। वहीं से जान पहचान बनाकर पहले उसके साथ किसी मन्दिर में शादी किया, ताकी किसी को शक ना हो। फिर उसे अपने साथ लेकर जा रहा था।

## 26 नंवबर को जदयू की भीम संसद का आयोजन



पटना : जनता दल यूनाईटेड इस साल 26 नवंबर को भीम संसद का आयोजन कर रही है। बिहार सरकार के मंत्री और जदयू के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि कहा पिछले साल 26 नवम्बर 2023 को हम लोगों ने संविधान दिवस के अवसर पर भीम संसद का आयोजन किया था। भीम संसद कार्यक्रम को एक वर्ष पूरा हो रहा है। इस वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर धूम-धाम से बापू सभागार में मनायंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 18-19 वर्षों में नीतीश कुमार ने इस प्रदेश में दलितों के उत्थान के लिए जो भी कार्यक्रम किए है, जिस तरह से दबे-कुचले, दलित-महादलित, पिछड़ो-अति पिछड़ों के सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक रूप से उत्थान के लिए इस प्रदेश में काम किये है। उन सबके उत्साह के रूप में बाबा साहब की जयंती दिनांक 14 अप्रैल, 2025 के दिन पूरे बिहार के सभी दलित भाईयों ने ''दलित महाकुम्भ'' कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि अपने साथी मंत्रीगण और अन्य साथियों के साथ बैठक कर ''दलित महाकुम्भ'' कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान या वेटनरी मैदान कोई एक स्थल निर्धारित कर आप सभी को बता दिया जाएगा। वहीं नेता प्रतिपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार जी का काम बोलता है और तेजस्वी यादव का केवल ट्वीट बोलता है।

#### नेता योजनाओं का निर्माण किया

मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि हर एक राजनैतिक दल अपने समूह को एकजुट रखने का प्रयास करता है जिससे कि उनकी ताकत बनी रहे। दलितों को लेकर इस प्रदेश में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये है जिस पर कुछ लोग पटाक्षेप करते रहते है। समाज के सबसे निचले पायदान पर रहने वाले लोगों के साथ कई वर्षों तक छुआ-छूत हुआ है, जिसे बाबा साहब ने संविधान में अधिकार देकर समान पायदान पर लाने का प्रयास किया है। इनको एकजुट करने, इन्हें आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक रूप से मुख्य धारा में लाने के लिए नेता योजनाओं का निर्माण किया और धरातल पर उतारा।

#### देश के सभी रत्नों से उपर थे रतन टाटा

मंत्री ने कहा कि एक बड़ी आबादी दलितों की इस प्रदेश में है। सबकी इच्छा होती है कि एक ऐसे राजनैतिक दल से एक ऐसे नेता से जुड़े जो भविष्य में इनके आने वाली पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए काम करें।

### प्रभावित किसान मजदूर यूनियन के संयोजक का खेत में मिला शव



बक्सर : बनारपुर गांव निवासी प्रभावित किसान मजदूर यूनियन के संयोजक अशोक तिवारी सिकरौल गांव के खेत के पास शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर गांव के आस-पास के लोगों की काफी संख्या में भीड़ जमा हो गई। वहीं सूचना पर पहुंचे परिजन युवक की हत्या होने का आरोप लगा रहे है। घटना की सूचना मिलते हीं राजपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। पुलिस की सूचना पर मौके पर एफएसएल की टीम भी पहुंच जांच में जुटी है। ग्रामीणों ने चौसा मोहनिया स्टेट हाइवे को जाम कर दिया है। वहीं मौके पर सदर डीएसपी धीरज कुमार पहुंच अक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। गांव के लोगों का कहना है कि जब तक एसएसपी नहीं आएंगे तब तक यहां से शव उठाने नहीं देंगे। ग्रामीणों के अनुसार मृतक 48 वर्षीय अशोक तिवारी पिता स्व.राम बच्चन तिवारी को अपनें घर से 1 किलोमीटर दूर सिकरौल गांव में जाने वाले रास्ते के पास पानी भरे खेत में मुंह के बल गिरे मिले।सिकरौल गांव के लोगों द्वारा इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी गई है। बेटे हिमांशु कुमार द्वारा सिकरौल गांव के 2 लोगों पर पिता की हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक का समाजिक कार्यकर्ता होने के कारण मौके पर 10 गांव के लोगों की भिड़ जमा हो गई है। बनारपुर गांव के लोगों ने बताया गांव में शिवालय के पास दुर्गा जी की प्रतिमा को रखा गया है।वहां रात के 9 बजे तक खीर के प्रसाद को भी बांटा है। उसके बाद से अचानक गायब हो गए। जहां शव मिला है, मौके पर एफएसएल की टीम पहुंच कर उसके आसपास के सैंपल को जमा कर रही है। वहीं मौके पर सदर डीएसपी धीरज कुमार, राजपुर और मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंच लोगों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेने के प्रयास में जुटी हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### एक और नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, विधर्मी ने कई बार बनाया अपनी हवस का शिकार

सूरत (ईएमएस)| मंगलवार को सूरत के बोरसरा में नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप की घटना के बाद अब जिले के मांडवी में 14 साल की किशोरी से दुष्कर्म की घटना सामने आई है| विधर्मी शख्स ने अनेकों बार नाबालिग लड़की को अपनी हवस का शिकार बनाया| मामला तब सामने आया जब पीड़िता गर्भवती हो गई| पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश तेज कर दी है| जानकारी के मुताबिक सूरत जिले की मांडवी तहसील के एक गांव में रहनेवाली 14 वर्षीय किशोरी को विधर्मी ने युवक ने बहला फुसलाकर अपने ऑटो रिक्शा में बिठाया और उसके बाद सूनसाम इलाके में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया| जिसके बाद विधर्मी युवक नाबालिग लड़की को डरा-धमका कर निर्जन स्थान पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा| विधर्मी की दुष्कृत्य का तब पर्दाफाश हुआ जब पीड़ित लड़की गर्भवती हो गई| दरअसल पेट दर्द की शिकायत के बाद परिवार ने लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया| जहां मेडिकल जांच में लड़की के गर्भवती होने का खुलासा हुआ| पूछताछ में पीड़िता ने पूरा मामला बयां कर दिया| जिसके बाद पीड़िता के परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी विधर्मी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है| आरोपी की पहचान अरबाज सिराज पठान के तौर पर हुई है|

### उत्तराखंड परिवहन निगम को मिली नई बसें, टाटा ने शुरु की डिलेवरी

देहरादून (ईएमएस)। साढ़े चार साल के लंबे इंतजार के बाद, उत्तराखंड परिवहन निगम को आखिरकार नई बसें मिलनी शुरू हो गई हैं। परिवहन निगम ने टाटा कंपनी को 130 नई बीएस-6 डीजल बसों का ऑर्डर दिया था, जो गोवा प्लांट में तैयार हुई हैं। इन बसों की आपूर्ति शुरू हो गई है, और 15 अक्टूबर तक सभी 130 बसें मिल जाने की उम्मीद है। इन्हें 13 डिपो में आवंटित किया जाएगा, जिसमें अधिकांश बसों का संचालन पर्वतीय मार्गों पर किया जाएगा। परिवहन निगम की ओर से पर्वतीय मार्गों के लिए 130 नई बीएस-6 डीजल बसों की खरीद प्रक्रिया सितंबर 2022 में शुरू की गई थी, और इस माह के मध्य तक पूरा करने का दावा हो रहा है। पहले निगम ने पर्वतीय मार्गों पर 34 सीटर बसों का संचालन किया, लेकिन मार्ग चौड़ीकरण के बाद अब 38 सीटर बसों का संचालन किया जाएगा। वहीं दिल्ली में प्रदूषण के कारण डीजल बसों के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को देखकर उत्तराखंड परिवहन निगम को दिसंबर तक फौरी राहत मिली है। लेकिन दिल्ली मार्ग के लिए नई बसों की खरीद कब होगी, इस पर निगम ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। वर्तमान में, दिल्ली मार्ग पर परिवहन निगम की 540 बसें संचालित हो रही हैं, जिनमें 170 अनुबंधित सीएनजी बसें शामिल हैं। निगम की अपनी 370 बसें डीजल बीएस-4 श्रेणी की हैं, जो 31 मार्च के बाद दिल्ली नहीं जा सकतीं। दिल्ली सरकार ने निगम को दिसंबर तक आधी और शेष बसें 31 मार्च तक खरीदने की चेतावनी दी है। परिवहन निगम पिछले एक वर्ष से दिल्ली मार्ग के लिए 175 नई सीएनजी बसों की खरीद की तैयारी कर रहा है, लेकिन अभी तक इस प्रक्रिया की शुरुआत नहीं हो सकी है। इनमें से 75 सीएनजी बसें निगम को खुद खरीदनी हैं, जबकि 100 सीएनजी बसें अनुबंध पर लगेंगी।

### उत्तराखंड में परिवहन निगम कर्मचारी जाएंगे हड़ताल पर, दीपावली के बाद

देहरादून (ईएमएस)। उत्तराखंड परिवहन निगम में कर्मचारियों की मांगों को लेकर बने परिवहन निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने दीपावली के बाद प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। संयुक्त मोर्चा की बैठक में हुआ कि 15 अक्टूबर को देहरादून स्थित उत्तरांचल प्रेस क्लब में परिवहन निगम की वित्तीय और प्रशासनिक कुप्रबंधन के खिलाफ एक प्रेस वार्ता की जाएगी। इसके बाद 22 से 24 अक्टूबर तक प्रदेशव्यापी तीन दिवसीय कार्य-बहिष्कार किया जाएगा। 23 अक्टूबर को देहरादून, हल्द्वानी, और टनकपुर बस अड्डों पर प्रदर्शन भी किया जाएगा। यदि सरकार और निगम प्रबंधन ने कर्मचारियों की मांगों को नहीं माना, तब पांच नवंबर से संपूर्ण कार्य-बहिष्कार कर बसों का संचालन ठप कर दिया जाएगा। मोर्चा के संयोजक अशोक चौधरी ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार विशेष श्रेणी और संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग हो रही है। इस संयुक्त मोर्चा में उत्तराखंड रोडवेज इंप्लाइज यूनियन, उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन और परिवहन निगम एससी-एसटी श्रमिक संघ शामिल हैं। साथ ही, संयुक्त मोर्चा ने राष्ट्रीयकृत मार्गों पर निजी बसों के परमिट देने का भी विरोध किया है।

### परिणाम बताते हैं कि 370 का हटना लोगों को पंसद नहीं आया : उमर

श्रीनगर (ईएमएस)। नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा चुनाव के नतीजों पर प्रतिक्रिया देकर कहा कि यह साबित करता है कि जम्मू-कश्मीर के ज्यादातर लोग केंद्र के द्वारा पूर्ववर्ती राज्य के विशेष दर्जे को समाप्त करने के फैसले के पक्ष में नहीं हैं। उमर ने कहा, यह (जनादेश) स्पष्ट रूप से उस फैसले के पक्ष में नहीं है। अगर ऐसा होता, तब भाजपा चुनाव जीत जाती। जम्मू-कश्मीर के ज्यादातर लोगों ने धारा 370 हटने का समर्थन नहीं किया है। यह एक सच्चाई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस अपने राजनीतिक एजेंडे से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा, हमारा राजनीतिक एजेंडा या विचारधारा चुनाव दर चुनाव नहीं बदलती है। हम अपने राजनीतिक एजेंडे के प्रति प्रतिबद्ध हैं। हम यह मानते हैं कि विलय के समय जम्मू-कश्मीर से जो वादा किया गया था, वह हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। उमर के बयान से साफ है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस अपने समर्थन आधार को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी आवाज उठाने का इरादा रखती है, जो कि जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### हरियाणा में हारे हुए कांग्रेस विधायक ने शीर्ष लीडरशिप को सुनाई खरी-खरी

चंडीगढ़ (ईएमएस)। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं, इसमें फिर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की सरकार बन रही है। बीजेपी ने 90 सीटों में से 48 पर जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस गठबंधन ने 37 सीटें जीती हैं। इंडियन नेशनल लोक दल (आईएनएलडी) को दो सीटें मिली हैं, जबकि जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) का खाता नहीं खुला है। वहीं अंबाला कैंट विधानसभा क्षेत्र से हारने वाले कांग्रेस उम्मीदवार परविंद्र सिंह परी ने अपनी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, मुझे चुनाव हराया गया है, पार्टी ने एक बागी उम्मीदवार उतारकर मुझे चुनाव हराया गया है। परी ने कांग्रेस की राजनीति पर सवाल उठाकर कहा कि यदि कुमारी शैलजा सही समय पर आतीं, तब चुनाव के नतीजे बेहतर हो सकते थे। परी ने राहुल गांधी के दौरे का भी जिक्र कर कहा, उन्हें गलत सूचना दी गई, जिससे उन्हें अचंभा हुआ कि यह क्षेत्र अंबाला विधानसभा का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के भीतर परिवारवाद का उदाहरण देखने को मिला है, जहां 6 बार हारने वाले उम्मीदवार को फिर से टिकट दिया गया।

### सत्ता की चाबी अपने ही हाथ में रखने वाले दलों की जमानत जब्त

नई दिल्ली (ईएमएस)। हरियाणा विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद चर्चा उन दलों की हो रही है जो मतगणना शुरू होने तक सत्ता की चाबी अपने ही हाथ होने के दावे कर रहे थे। ये दल कह रहे थे कि हरियाणा में हमारे बिना सरकार नहीं बनेगी। इस खबर में इन्हीं दलों के बारे में चर्चा करते है। हरियाणा चुनाव में आम आदमी पार्टी खाली हाथ रही। पार्टी ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। पहली बार हरियाणा के चुनावी रण में पूरी ताकत के साथ उतरी आप का खाता नहीं खुल सका लेकिन पार्टी एक मामले में टॉप रही। आप के 85 उम्मीदवार अपनी जमानत नहीं बचा सके जो इस बार किसी एक दल के जमानत बचाने में भी फेल रहे उम्मीदवारों की सर्वाधिक संख्या है। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला खुद अपनी सीट पर जमानत भी नहीं बचा सके। जेजेपी और चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी (एएसपी) गठबंधन के 82 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। चौटाला परिवार की मूल पार्टी इंडियन नेशनल लोक दल और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के गठबंधन से 72 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई है। हरियाणा चुनाव में कुल 700 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई है। इस बार 443 निर्दलीयों सहित कुल 1031 उम्मीदवार मैदान में थे।

# हरियाणा जीत को लेकर बीजेपी में है जोश, दिल्ली पर चाहती है कब्जा

## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी बना रही खास प्लान

नई दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली में 1998 से लगातार सत्ता से बाहर रही बीजेपी अगले विधानसभा चुनाव में वापसी करने के लिए तैयारी में जुट गई है। पार्टी दिल्ली में अलग-अलग सीटों के लिए अलग-अलग रणनीति बना रही है। पार्टी की नजर उन 10 विधानसभा सीटों पर हैं, जहां पिछली बार वह कम अंतर से हार गई थी।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि शुरुआती दौर में ऐसी सीटों की पहचान की गई हैं, जहां हार जीत का अंतर तीन हजार व उससे कम का था। इनमें आम आदमी पार्टी सरकार में डिप्टी सीएम रहे मनीष सिसोदिया की पटपड़गंज विधानसभा सीट भी है। 2020 के विधानसभा चुनाव में काउंटिंग के समय काफी उतार चढ़ाव के बाद सिसोदिया ने बीजेपी उम्मीदवार रवींद्र सिंह नेगी को 3207 वोटों से हरा दिया था। बिजवासन विधानसभा क्षेत्र में आप और बीजेपी प्रत्याशी के बीच हार-जीत का अंतर सिर्फ 753 वोट का था। इस विधानसभा सीट से बीजेपी के सतप्रकाश राणा हार गए थे।

सूत्रों के मुताबिक बीजेपी को लग रहा है कि अगर इस सीट पर भी रणनीति के तहत चुनाव लड़ा जाए तो इस बार कामयाब जरुर होंगे। आदर्श नगर विश्वनसभा सीट पर भी पिछले चुनाव में कांटे की टक्कर थी यहां हार-जीत का अंतर 1589 वोटों का था। यहां आप के पवन शर्मा ने बीजेपी के राजकुमार भाटिया को हराया था।

लोकसभा चुनाव में जिस तरह से आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी उम्मीदवार को वोट मिले, उससे पार्टी इस सीट को लेकर काफी उत्साहित है। पार्टी नेताओं का कहना है कि शालीमार बाग और कस्तूरबा नगर विधानसभा में भी हार-जीत का अंतर ज्यादा नहीं था। इन दोनों विधानसभाओं में बीजेपी प्रत्याशियों की हार करीब तीन हजार वोटों से हुई थी। इन्हीं सब को देखते हुए पार्टी इस बार दिल्ली विधानसभा में अपनी नई रणनीति के तहत चुनाव लड़ेगी।



# जब रतन टाटा ने ली थी प्रधानमंत्री से दुश्मनी, इस्तीफा देने को थे तैयार

## कांग्रेस नेता राजीव गांधी के हस्ताक्षेप से बनी थी बात

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत के मशहूर उद्योगपति और टाटा समूह के चेयरमैन रतन टाटा का बीत रात निधन हो गया। अपनी मेहनत टाटा साम्राज्य को बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए रतन टाटा को हमेशा याद किया जाता रहेगा। रतन टाटा तो इस फानी दुनिया को अलविदा कह गए लेकिन उनसे जुड़ी कहानियां-किस्से छोड़ गए हैं। उनका एक किस्सा बड़ा मशहूर है, जब रतन टाटा पूर्व पीएम विश्वनाथ प्रताप सिंह से नाराज हो गए और पंगा मोल ले लिया। बात रतन टाटा के इस्तीफे तक पहुंच गई थी। रतन टाटा ने एक साक्षात्कार में विस्तार से पीएम वीपी सिंह वाली घटना का जिक्र किया था। उन्होंने बताया कि बात उन दिनों की है जब उन्हें एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस का चेयरमैन बनाया गया था। उन्होंने आगे कहा कि वह तीन साल तक इसी पद पर रहे, लेकिन वक्त उस समय सही नहीं चल रहा था, काफी दिक्कतों भरा साल था। इसकी वजह एयर इंडिया का बहुत ज्यादा राजनीतिकरण था। विचार भी अलग थे। पीएम वीपी सिंह की उस समय देश में सरकार थी। तब जेआरडी टाटा ने उन्हें पत्र लिखा था। पत्र में टाटा जुग पर विदेशी मुद्रा उल्लंघन के आरोपों पर अपनी बात रखी थी। साक्षात्कार में रतन टाटा ने बताया था कि पूर्व प्रवर्तन निदेशक, विदेशी मुद्रा भूरे लाल एक जांच कर रहे थे जिसमें आरोप थे कि क्या माता-पिता की संतान या मूल कंपनी के पोते को भी रजिस्ट्रेशन के लिए रिजर्व बैंक की स्वीकृति की जरुरत है या नहीं है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा कभी साबित ही नहीं हो पाया। जांच में उन्हें ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे हम पर लगे आरोप साबित हो पाएं। तब इसको लेकर रतन टाटा वीपी सिंह से नाराज हो गए। बात यहां तक पहुंच गई थी कि रतन टाटा अपने पद से इस्तीफा देने वाले थे। हलांकि कांग्रेस नेता राजीव गांधी के हस्ताक्षेप के बाद रतन टाटा को अपना यह फैसला वापस लेना पड़ा था। राजीव गांधी ने उन्हें समझाया तब जाकर रतन टाटा मान गए। रतन टाटा ने अपने साक्षात्कार में बताया था कि वह मुद्दा टाटा के बजाय भारतीय होटलों के आसपास ज्यादा घूमता था। ऐसी खबर थी कि भारतीय होटलों का बहुत सारा विदेशी परिचालन था। रतन टाटा ने खुद बताया कि तब उन्होंने तत्कालीन पीएम वीपी सिंह से दुश्मनी मोल ली थी।

### मानसून सीजन के बाद भी दिल्ली-जयपुर हाईवे की सर्विस लेन पर दो फुट तक पानी



गुरुग्राम (ईएमएस)। मानसून सीजन में ढाई माह तक जलमग्न रही दिल्ली-जयपुर हाईवे की सर्विस लेन नरसिंहपुर में बिना बारिश के भी जलमममग्न है। सर्विस लेन पर करीब दो फुट जलभराव है। दूषित पानी सर्विस लेन पर भरने और हाईवे की ड्रेन में जाने से प्रदूषण फैल रहा है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि अगर ड्रेन और सर्विस लेन पर दूषित पानी छोड़ा जा रहा है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच की जाएगी। बता दें कि मानसून की बारिश के दौरान यह जगह जलभराव की दृष्टि से हॉट स्पॉट रहती है इस वजह से हाईवे पर करीब 10 किमी लंबा जाम लगता है। बारिश के जलभराव में नरसिंहपुर में कई वाहन भी खराब हो गए थे। आसपास की कंपनियों के कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इससे वे अपने ऑफिस पहुंचने में दिक्कत का सामाना करते है। उन्होंने इस समस्या से जल्द निजात दिलाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इसी तरह की समस्या रेवाड़ी जिले के धारूहेड़ा क्षेत्र में कई वर्षों चल रही है और उसका समाधान नहीं हो पा रहा है। नरसिंहपुर में हाईवे के किनारे दस से ज्यादा कंपनियों के कार्यालय हैं। मानसून में पानी की निकासी के लिए एनएचएआइ ने पंप लगाए थे, लेकिन पंप चालू नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# एसआई भर्ती परीक्षा-2021: चार ट्रेनी एसआई गिरफ्तार

जयपुर (ईएमएस)। एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में एसओजी ने चार ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार किया है। अब एसओजी चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी। दरअसल, एसओजी 9 अक्टूबर को राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) पहुंची थी। यहां से 5 ट्रेनी एसआई को हिरासत में लिया था। इन लोगों से पूछताछ के बाद 4 को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि कड़ी से कड़ी जोड़कर एसओजी अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है। पूर्व में गिरफ्तार और रिमांड पर चल रहे आरोपियों ने पूछताछ में कुछ ट्रेनी एसआई के बारे में जानकारी दी है। जांच में पुष्टि होने पर गुरुवार सुबह ट्रेनी एसआई को आरपीए से डिटेन कर पूछताछ के लिए लाए थे।

गुरुवार को ट्रेनी एसआई मोनिका, रेणु कुमारी चौहान, सुरजीत सिंह यादव और नीरज कुमार यादव को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड पर लेने के बाद इन सभी ट्रेनी एसआई से कई सवाल-जवाब करने हैं। साथ ही पैसों के बारे में जानकारी जुटानी है कि इन लोगों ने आरोपियों को पैसा कहां से लाकर दिया था। साथ ही इन के द्वारा और किस-किस को एसआई का पेपर दिया गया। इस तरह के कई सवाल इन ट्रेनी एसआई से रिमांड के दौरान पूछे जाएंगे। एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के पूर्व सदस्य रामू राम राईका, उसके बेटे देवेश राईका और बेटी शोभा राईका की भी गिरफ्तारी हुई है। राईका ने अपने बेटे-बेटी के लिए एसआई परीक्षा से 6 दिन पहले ही पेपर की व्यवस्था कर दी थी। रामूराम जानता था कि बेटे-बेटी पेपर को भी एक-दो दिन में पढ़कर पास नहीं कर सकते। इसकारण छह दिन तक दोनों बच्चों को पेपर की तैयारी कराई गई। एसओजी की पूछताछ में आरोपी राईका ने बताया कि पेपर तत्कालीन आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा से मिला था।

### राजस्थान के राज्यपाल, सीएम और कई नेताओं ने उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया

जयपुर (ईएमएस)। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डा प्रेमचंद बैरवा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं वसुंधरा राजे, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तथा अन्य कई नेताओं ने सुप्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री बागडे ने अपने शोक संदेश में कहा कि उनका निधन अपूरणीय क्षति है। उन्होंने टाटा के औद्योगिक और सामजिक सरोकारों को स्मरण करते हुए कहा कि वह दूर दृष्टि वाले उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले लोकप्रिय उद्यमी थे।

वहीं सीएम शर्मा ने कहा कि भारत के प्रख्यात उद्योगपति एवं समाजसेवी रतन टाटा जी का निधन अत्यंत दुःखद है। उन्होंने कहा कि श्री टाटा जी का योगदान केवल व्यावसायिक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं था। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

श्री देवनानी ने कहा कि देश एवं दुनिया के प्रसिद्ध उद्योगपति, महान देशभक्त एवं पद्मविभूषण से सम्मानित रतन टाटा जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि भारत को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने और स्वास्थ्य और जनसेवा के क्षेत्र के आपके अभूतपूर्व योगदान के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा।

इसी कड़ी में श्रीमती दिया कुमारी एवं डॉ.बैरवा ने रतन टाटा के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। पूर्व सीएम श्री गहलोत ने कहा कि उद्योगपति रतन टाटा का निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। श्री टाटा ने अपने कारोबार में हमेशा भारत देश को प्राथमिकता देकर हम सभी को गर्व करने के बहुत से मौके दिए। वे अपने परोपकारी कार्यों के लिए भी प्रसिद्ध थे। ऐसे प्रेरणादायक व्यक्तित्व को मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

इस तरह केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने दिग्गज उद्योगपति और समाजसेवी रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक एवं दुख व्यक्त किया। इसी तरह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा भाजपा प्रभारी डा सतीश पूनियां, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट तथा अन्य कई नेताओं ने भी रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# वनबंधु कल्याण योजना के जरिये सुनिश्चित किया राज्य के आदिजाति क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास

## गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2007 में लागू की थी वनबंधु कल्याण योजना

गांधीनगर (ईएमएस)| गुजरात में अंबाजी से लेकर उमरगाम तक के 14 आदिजाति जिलों में लगभग 89 लाख से अधिक आदिजाति बंधु बसते हैं। ये सभी आदिजाति लोग सुखी, स्वस्थ एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनें; ऐसा सपना गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देखा था। 7 अक्टूबर, 2001 को जब नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, तब उन्होंने आदिजाति बांधवों के सर्वांगीण विकास का संकल्प किया। उनके नेतृत्व वाली गुजरात सरकार ने राज्य के सर्वसमावेशी विकास एवं प्रभावशाली क्रियान्वयन के प्रति अपनी नीतियों के जरिये आदिजाति विकास पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया। आदिवासी समुदाय तथा मुख्य धारा के समुदाय के बीच की दूरी खत्म करने के लिए गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2007 में वनबंधु कल्याण योजना लागू की। यह योजना आदिवासी समुदायों के विकास के लिए महत्वपूर्ण टर्निंग पॉइंट सिद्ध हुई। उल्लेखनीय है कि नरेन्द्र मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के 23 वर्ष पूरे हुए हैं, जिसके सम्मान में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाली गुजरात सरकार 7 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक 'विकास सप्ताह' मना रही है।

इन 23 वर्षों में गुजरात के आदिवासी समुदाय के एकीकृत सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए गुजरात सरकार द्वारा विभिन्न प्रयास किए गए हैं, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण योगदान वनबंधु कल्याण योजना ने दिया है, जो नरेन्द्र मोदी का विचार बीज है। आदिवासी समुदायों के समन्वित, सर्वग्राही तथा समावेशी विकास के लिए वनबंधु कल्याण योजना द्वारा राज्य सरकार ने आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल, सिंचाई एवं मूलभूत सुविधाओं की पहुँच जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित किया है।



### वर्ष 2007 में वनबंधु कल्याण योजना-1 अंतर्गत निम्न 10 मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया गया :

1. गुणात्मक तथा टिकाऊ रोजगार
2. गुणवत्तायुक्त शिक्षा
3. आर्थिक विकास
4. स्वास्थ्य
5. आवास
6. सुरक्षित पेयजल
7. सिंचाई
8. यूनिवर्सल इलेक्ट्रिफिकेशन
9. ऑल वेदर रोड कनेक्टिविटी
10. शहरी विकास

वनबंधु कल्याण योजना के क्रियान्वयन के लिए गुजरात सरकार ने राज्य के बजट का उल्लेखनीय हिस्सा आवंटित किया है। वर्ष 2007-08 से 2020-21 यानी वनबंधु कल्याण योजना-1 के दौरान गुजरात के आदिवासी समुदाय तथा आदिवासी क्षेत्रों की आजीविका, आर्थिक स्थिति, शिक्षा, ढाँचागत सुविधाओं, स्वास्थ्य तथा सुख-सुविधा के लिए 1.02 लाख करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए हैं। योजनांतर्गत की गई व्यापक विकासपरक गतिविधियों ने गुजरात की आदिजाति जनसंख्या की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया है और इस मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त हुई है।

वनबंधु कल्याण योजना-1 अंतर्गत महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ

• आदिवासी क्षेत्रों में 8035 प्राथमिक विद्यालय, 1064 माध्यमिक विद्यालय, 509 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, 47 एकलव्य आदर्श निवासी शालाएँ, 43 कन्या साक्षरता निवासी शालाएँ (जीएलआरएस), 75 आदर्श निवासी शालाएँ (एएनएस), 661 आश्रमशालाएँ, 71 कस्तूबरा गांधी बालिका विद्यालय, 12 आदर्श विद्यालय, 11 साइंस कॉलेज, 11 कॉमर्स कॉलेज, 23 आर्ट्स कॉलेज, 175 सरकारी छात्रालय, 910 ग्रांट-इन-एड छात्रालय कार्यरत।

• नर्मदा जिले में बिरसा मुंडा ट्राइबल यूनिवर्सिटी तथा गोधरा में श्री गोविंद गुरु यूनिवर्सिटी की स्थापना।

• उच्च शहरी शिक्षा केन्द्रों में आदिवासी विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अहमदाबाद, आणंद, भावनगर, भुज, राजकोट, वडोदरा, हिम्मतनगर, जामनगर, पाटण तथा सूरत में 20 अत्याधुनिक समरस छात्रालयों की स्थापना। समरस हॉस्टल में 30 प्रतिशत सीटें आदिवासी विद्यार्थियों के लिए आरक्षित।

## संक्षिप्त ख़बरें

### महासप्तमी पर मां दुर्गा के दर्शन हेतु खुले विभिन्न पूजा पंडालों के पट, लोगों ने श्रद्धा भक्ति से किए मां के दर्शन

दुमकाःमहासप्तमी के पावन अवसर पर सूबे की उपराजधानी दुमका के विभिन्न पूजा पंडालों के पट खुल गए, इसके पश्चात भक्तों ने श्रद्धा भक्ति से मां दुर्गा के दर्शन किए. इससे पहले अहले सुबह विभिन्न पूजा पांडालों से श्रद्धालु कलश में जल लाने के लिए ढोल नगाड़ों के साथ बड़ा बांध व खूंटा बांध समेत अन्य तालाबों पर पहुंचकर कलश में जल भरा.इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया.श्रद्धालु महिला पुरुष व बच्चे खुशी से झूमते दिखे. तालाब से जल उठाकर श्रद्धालुओं ने वापस पूजा पांडाल एवं मंदिर पहुंचकर पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की.बताते चलें कि पूजा की तिथियों को लेकर इस बार लोगों में असमंजस भी है. गुरुवार को कुछ लोगों ने महाअष्टमी की पूजा भी की परन्तु ज्यादातर लोगों ने मां दुर्गा के सातवें स्वरूप की पूजा-अर्चना की.बताते चलें कि उपराजधानी के दुर्गा स्थान, धर्मस्थान, पगलाबाबा मंदिर समेत बाबूपाड़ा, यज्ञ मैदान, शिव पहाड़, बन्दरजोड़ी, दुधानी समेत अन्य जगहों पर बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जाती है.अवसर पर भव्य पांडाल बनाकर मां की मूर्ति स्थापित कर धूमधाम से पर्व मनाया जाता है.गुरुवार से विभिन्न स्थानों पर मेला का आयोजन किया जाता है.महिलाएं, बच्चे बूढ़े व जवान मेले में पहुंचकर पूजा का आनंद उठाते हैं.दुर्गा पूजा को लेकर जिला मुख्यालय समेत विभिन्न प्रखंडों में चार दर्जन से अधिक स्थानों पर भव्य व आकर्षक पंडाल बनाया गया है.गुरुवार को बेलभरनी के आगमन के साथ ही मां दुर्गा की पूजा का विधिवत शुभारंभ हो गया, जो इस बार तीन दिनों तक चलेगा.अहले सुबह से ही लोग मां दुर्गा के आह्वान को लेकर काफी आनंदित दिखे.गौरतलब है कि दुमका का धर्मस्थान, दुर्गा स्थान व पागल बाबा मंदिर को आस्था का केंद्र माना जाता है.दुर्गा स्थान में तकरीबन 150 वर्षों से भी अधिक समय से मां दुर्गा की पूजा की जाती है. गुरुवार को मां दुर्गा की विधिवत पूजा शुरू हुई,जो अगले तीन दिनों तक विधिवत रूप से की जाएगी.

### सांसद ने शिकारीपाड़ा में किया दो उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास

दुमकाःदुमका सांसद नलिन सोरेन ने गुरुवार को शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अन्तर्गत तकरीबन पांच करोड़ रु की लागत से बनने वाली दो उच्च स्तरीय पुल का विधिवत शिलान्यास किया। सांसद नलिन सोरेन ने शिकारीपाड़ा प्रखंड के घाट हरिपुर से कुरूमटांड़ के बीच उच्च स्तरीय पुल निर्माण और शिकारीपाड़ा प्रखंड के ही सोनाढाब ग्राम से धर्मपुर गांव के बीच द्वारका नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल दुमका के कार्यपालक अभियंता उदय सिंह, कनीय अभियंता मनोवर आलम, जिला परिषद सदस्य सुनील मराण्डी, झामुमो के प्रखण्ड अध्यक्ष चुंडा हेम्ब्रम सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। अवसर पर सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार जनहित में लगातार काम कर रही है और उसी कड़ी में इन दोनों पुलों का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार है, जिसने पीएम आवास योजना को झारखंड में बंद कर दिया परन्तु राज्य सरकार अबुआ आवास दे रही है। साथ ही साथ मंईयां सम्मान योजना और कई अन्य हितकारी योजना से लोगों को लाभान्वित कर रही है। उन्होंने मौके पर से लोगों से यह आह्वान किया कि आने वाले दिनों में आप फिर से महा गठबंधन की सरकार को भारी बहुमत से लाएं और विकास के मार्ग को प्रशस्त करें।

### डीएसपी इकुड डुंगडुंग व थाना प्रभारी बलराम सिंह ने किया विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण

दुमकाः महासप्तमी के दिन पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय इकुड डुंगडुंग ने थाना प्रभारी बलराम सिंह के साथ प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों के साथ विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस उपाधीक्षक ने आसनबनी, सुखजोड़ा एवं रानीश्वर बाजार के दुर्गा मंदिरों का जायजा लिया। बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र में 14 लाइसेंसी पूजा होती हैं। यहां महिषबाथान गांव में सरकारी दुर्गा पूजा होती हैं। यहां हेतमपुर के राजा ने दुर्गा पूजा शुरू की थी। पचास के दशक में जमींदारी उन्मूलन के बाद राजस्व विभाग के देखरेख में ग्रामीण पूजा आयोजित करते हैं। सदीपुर गांव में ब्राह्मणपाड़ा एवं लायेकपाड़ा की पूजा ने सार्वजनिक पूजा का रूप ले लिया हैं। रघुनाथपुर गांव में मयूराक्षी विस्थापितों की दुर्गा पूजा पांच दशक से जारी हैं।रघुनाथपुर मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर में बड़े बजट से पूजा आयोजित हो रही हैं। रानीश्वर बाजार समिति की पूजा भी बड़े बजट की हैं। गुरुवार के अहले सुबह श्रद्धालुओं ने मयूराक्षी नदी से डोला लेकर मंदिर पहुंचकर पूजा का विधिवत शुभारम्भ किया।

### दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

दुमकाःजामा प्रखंड अंतर्गत रंगीला क्लब निश्चितपुर की ओर से आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरुवार को नवाडीह एफ सी बनाम डीफेन्स एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें नवाडीह एफ सी ने तीन गोल से जीत हासिल कर प्रतियोगिता पर कब्जा जमा लिया।इससे पूर्व फाइनल खेल का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया मुकेश गिरी, झामुमो प्रखंड सचिव सत्तार खान, झामुमो युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकृष्ण हेम्ब्रम, सचिव सह मुखिया कमीशन सोरेन, पंचायत समिति प्रतिनिधि सुशील मरांडी, सक्रिय कार्यकर्ता अनाउल अंसारी, नसीम अंसारी, ग्राम प्रधान बरियर हेम्ब्रम, पूर्व मुखिया डूनूच मुर्मू, सुभाष सोरेन एवं बुदिलाल मरांडी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मुकाबले की विजेता टीम नवाडीह एफ सी को मुख्य अतिथि झामुमो प्रखंड सचिव सत्तार खान, झामुमो युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामकृष्ण हेम्बरम, सक्रिय कार्यकर्ता अनाउल अंसारी ने संयुक्त रूप से 20,000 रू देकर सम्मानित किया।उपविजेता टीम डीफेन्स एकेडमी को विशिष्ट अतिथि स्थानीय मुखिया मुकेश गिरी, भुट्टोकोड़िया मुखिया कमीशन सोरेन, पंचायत समिति प्रतिनिधि सुशील मरांडी, सुभाष सोरेन, बुदियाल मरांडी के द्वारा संयुक्त रूप से 15,000 रू देकर सम्मानित किया गया।तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को चार-चार हजार रूपए देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। इस अवसर मुख्य रूप से छोटू सोरेन, प्रकाश हेंब्रम, सुजीत सोरेन दाउद सोरेन, फिलिप्स सोरेन आदि अन्य खेल प्रेमी मौजूद थे ।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायधीश ने सपरिवार की फौजदारी दरबार बासुकीनाथ में पूजा-अर्चना



दुमकाः बाबा बासुकीनाथ के फौजदारी दरबार में इलाहाबाद हाइकोर्ट के न्यायाधीश विवेक कुमार वर्मा ने अपने परिवार के साथ पूजा-अर्चना की। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर महासप्तमी को बासुकीनाथ मंदिर पहुंचे न्यायाधीश ने भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर परिवार एवं देश की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर न्यायाधीश एवं उनके स्वजनों को पुरोहित कुंदन पत्रलेख, अशोक मिश्रा, आशीष कुमार ने षोडशोपचार विधि से पूजा करायी। न्यायाधीश ने बाबा बासुकीनाथ के प्रधान मंदिर सहित मैया पार्वती, माता काली व बगलामुखी माता के मंदिरों में भी पूजा-अर्चना कर भोलेनाथ की वृहत आरती की। इस मौके पर दुमका न्यायालय से जुड़े न्यायिककर्मी, जरमुंडी एसडीपीओ अमित कुमार कच्छप, जरमुंडी इंस्पेक्टर श्यामानंद मंडल, दुमका कोर्ट के बड़ा बाबू अनिल कुमार राय सहित बासुकीनाथ मंदिर के कर्मी व अन्य मौजूद थे। पूजा अर्चना के उपरांत न्यायधीश और उनके स्वजन वन विभाग के विश्रामागार में क्षणिक विश्राम करने के उपरांत अपने अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर गए।

# दुमका पुलिस ने किया इंडियन बैंक शाखा हंसडीहा लूटकांड का उद्भेदन, दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

### अपराधियों के पास से तीन मोबाईल एवं लुटी गई कुल 13,300 राशि बरामद



दुमकाः पुलिस ने हंसडीहा थाना क्षेत्र के इंडियन बैंक शाखा से पिछले आठ अगस्त 2024 को हुए लूट कांड का उद्भेदन करते हुए मामले में संलिप्त दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपराधियों के पास से तीन मोबाईल व लुटी गई कुल 13,300 रुपया नगद राशि बरामद की है।मामले में पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने बताया कि पिछले 8 अगस्त को हंसडीहा थाना क्षेत्र अन्तर्गत हंसडीहा देवधर मुख्य मार्ग के पगवारा गांव में सड़क किनारे स्थित इंडियन बैंक शाखा हंसडीहा से अज्ञात अपराध कर्मियों द्वारा हथियार के बल पर बैंक कर्मियों को बन्धक बनाकर कुल 18.96,565 रूपया लूटकर डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। उक्त काण्ड के उद्भेदन हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, जरमुण्डी के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। एसआईटी टीम में शामिल पदाधिकारियों द्वारा तकनीकि अनुसंधान के दौरान दिनांक-09.10. 2024 को इंडियन बैंक शाखा हँसडीहा में डकैती की घटना को अंजाम देने वाले अपराधकर्मियों रंजीत दास उर्फ रंजीत सक्सेना उम्र करीब 32 वर्ष पिता-घुटर दास ग्राम-बम्पास टाउन घनगौर थाना-सदर नगर जिला-देवधर एवं दीपक यादव उर्फ दुर्गा यादव उम्र-करीब 40 वर्ष पिता स्व० कृष्णा प्रसाद यादव साकिन नीमा, थाना-रजौन, जिला बाँका (बिहार) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के पश्चात् दोनों से घटना से संबंधित गहराई से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार दोनों अपराधकर्मियों का बारी-बारी से अपराध स्वीकारोक्ति बयान अंकित किया गया। गिरफ्तार दोनों अपराधकर्मियों द्वारा घटना को अंजाम देने में अपनी-अपनी संलिप्तता को स्वीकार करते हुए घटना में शामिल सभी साथी सहयोगी अपराधकर्मियों की संलिप्तता बतायी गयी। जिसकी गिरफ्तार हेतु छापामारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अपराधकर्मियों के पास से वीभो कंपनी का तीन मोबाईल एवं लुटी गई राशि कुल-13,300 रूपया बरामद की गई है ।छापामारी टीम में अमित कुमार कच्छप अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी जरमुण्डी, पु०नि० श्यामानन्द मण्डल, थाना प्रभारी, जरमुण्डी थाना।पु०अ०नि० प्रकाश कु० सिंह, थाना प्रभारी, हँसडीहा थाना, पु०अ०नि० अजीत कुमार यादव, थाना प्रभारी, तालझारी थाना, पु०अ०नि० अजीत कुमार, थाना प्रभारी, जामा थाना, पु०अ०नि० ताराचन्द, थाना प्रभारी, सरैयाहाट थाना, पु0अ0नि0 अनिल कुमार टुडू, थाना प्रभारी मसलिया थाना, पु०अ०नि० अमर महतो, हँसडीहा थाना, पु०अ०नि० मोनू राम, सरैयाहाट थाना एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### फोर्टिफाइड चावल का निःशुल्क वितरण दिसम्बर-2028 तक जारी रहेगा

भोपाल(ईएमएस)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने केन्द्र सरकार के दिसंबर-2028 तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) सहित सभी सरकारी योजनाओं के तहत फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने के निर्णय की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि फोर्टिफाइड चावल वितरण का उद्देश्य एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करना है।प्रदेश में 5 करोड़ 45 लाख हितग्राहियों को फोर्टिफाइड चावल का वितरण मंत्री राजपूत ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत निःशुल्क फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है। आँगनवाड़ी केन्द्रों और मध्यान्ह भोजन के लिये भी फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है।

## महासप्तमी पर मां दुर्गा के दर्शन हेतु खुले शिकारीपाड़ा प्रखंड के पूजा पंडालों के पट, लोगों ने श्रद्धा भक्ति से किए मां के दर्शन



दुमकाः शिकारीपाड़ा महासप्तमी के पावन अवसर पर शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों के पट खुल गए, इसके पश्चात भक्तों ने श्रद्धा भक्ति से मां दुर्गा के दर्शन किए। इससे पहले अहले सुबह विभिन्न पूजा पांडालों से श्रद्धालु कलश में जल लाने के लिए ढोल नगाड़ों के साथ शिकारीपाड़ा के बांध समेत अन्य तालाबों पर पहुंचकर कलश में जल भरा। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। श्रद्धालु महिला पुरुष व बच्चे खुशी से झूमते दिखे। तालाब से जल उठाकर श्रद्धालुओं ने वापस पूजा पांडाल एवं मंदिर पहुंचकर पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की| बताते चलें कि पूजा की तिथियों को लेकर इस बार लोगों में असमंजस भी है। गुरुवार को कुछ लोगों ने महाअष्टमी की पूजा भी की परन्तु ज्यादातर लोगों ने मां दुर्गा के सातवें स्वरूप की पूजा-अर्चना की।बताते चलें कि शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के शिकारीपाड़ा, सरस डंगाल, महुल पहाड़ी, बरमसिया , बेनागढ़िया ,मंदिर समेत अन्य जगहों पर बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जाती है| अवसर पर भव्य पांडाल बनाकर मां की मूर्ति स्थापित कर धूमधाम से पर्व मनाया जाता है।गुरुवार से विभिन्न स्थानों पर मेला का आयोजन किया जाता है।महिलाएं, बच्चे बूढ़े व जवान मेले में पहुंचकर पूजा का आनंद उठाते हैं।दुर्गा पूजा को लेकर विभिन्न प्रखंडों में चार दर्जन से अधिक स्थानों पर भव्य व आकर्षक पंडाल बनाया गया है। गुरुवार को बेलभरनी के आगमन के साथ ही मां दुर्गा की पूजा का विधिवत शुभारंभ हो गया, जो इस बार तीन दिनों तक चलेगा।अहले सुबह से ही लोग मां दुर्गा के आह्वान को लेकर काफी आनंदित दिखे।गौरतलब है कि शिकारीपाड़ा दुर्गा मंदिर को आस्था का केंद्र माना जाता है।मंदिर मे कई वर्षों से भी अधिक समय से मां दुर्गा की पूजा की जाती है। गुरुवार को मां दुर्गा की विधिवत पूजा शुरू हुई,जो अगले तीन दिनों तक विधिवत रूप से की जाएगी।

## नौकरी देने वाले बने युवा : राज्य मंत्री श्रीमती गौर

### राज्य मंत्री ने स्टार्स प्रोजेक्ट अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया

भोपाल (ईएमएस)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि युवा पढ़-लिखकर नौकरी माँगने के स्थान पर नौकरी देने वाले बनें। राज्य मंत्री श्रीमती गौर गुरूवार को पीएमश्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरखेड़ा में स्टार्स (स्ट्रैंथनिंग टीचिंग लर्निंग एंड रिजल्ट्स फॉर स्टेट्स) प्रोजेक्ट अंतर्गत आयोजित कौशल प्रदर्शनी के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि नई शिक्षा नीति से पहले केवल पढ़ने पर जोर दिया जाता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को नई शिक्षा नीति दी और नई शिक्षा नीति में पठन-पाठन के सैद्धंतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावसायिक ज्ञान भी दिया जा रहा है। नई शिक्षा नीति में बच्चों के कौशल विकास पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। पढ़ाई के साथ व्यवहारिक और वैज्ञानिक ज्ञान प्राप्त कर नई पीढ़ी अत्म-विश्वास के साथ आगे बढ़ेगी और अत्म-निर्भर बनेगी। यह पीढ़ी नौकरी माँगने वाली नहीं, नौकरी और रोजगार देने वाली बनेगी।राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि स्कूलों में व्यावसायिक पाठयक्रमों को शुरू किया गया है। इसमें दैनिक दिनचर्या में काम आने वाली आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बच्चों को पढ़ाया और सिखाया जा रहा है। यह बच्चे आत्म-निर्भर बनेंगे और आत्म-निर्भर युवा पीढ़ी आत्म-निर्भर राष्ट्र के निर्माण में योगदान देगी।राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि स्टॉर्स प्रोजेक्ट के माध्यम से स्कूली शिक्षा के पठन-पाठन और परिणाम के सुदृढ़ीकरण के लिये किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा संचालित जिले के विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सीखी गई स्किल पर आधारित मॉडल और चार्ट्स प्रदर्शनी में प्रदर्शित किये गये हैं। वर्षा, मौसम विज्ञान, कृषि, बिजली, सिटी प्लॉनिंग, मशीनरी, इलेक्ट्रिक उत्पादन, इलेक्ट्रिक ट्रांसमिशन, कम्प्यूटर हार्डवेयर, कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर और ऐसे अनेकों दैनिक उपयोग में आने वाले विभिन्न आवश्यकताओं पर आधारित मॉडल को प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया गया है। विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों द्वारा तैयार किये गये मॉडल अद्भुत हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी का अवलोकन कर मैं संतुष्ट हूँ और इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित किये गये मॉडल भविष्य की वैज्ञानिक पीढ़ी की सफलता की गारंटी सुनिश्चित करते हैं।

यह मॉडल विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिता के बाद चयनित किये गये हैं। सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों, जिन्होंने मॉडल तैयार किये हैं, उन्हें शुभकामनाएँ देती हूँ।राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के साथ हमें पारम्परिक कौशल से भी जुड़े रहना है।

# गौवर्धन पूजा के साथ मनेगा एमएसपी पर सोयाबीन खरीदी उत्सव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल(ईएमएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों के हित में सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी का उत्सव गौवर्धन पूजा के साथ पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा। साथ ही जन-प्रतिनिधियों और किसानों की उपस्थिति में कृषक कल्याण के फैसलों और किसानों के लिए लाभकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में पर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए राज्य सरकार पूर्ण सजग है। किसान हितेषी फैसले निरंतर लिए जाएंगे, साथ ही किसानों के साथ नियमित संवाद भी होता रहेगा। बैठक में जानकारी दी गई की भारत सरकार की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के कम्प्यूट्राइजेशन के अंतर्गत प्रदेश में 4536 पैक्स में कार्यवाही की गई है। बैठक में कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव और कृषि उत्पादन आयुक्त मो. सुलेमान, अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ल और राघवेंद्र कुमार सिंह, कृषि सचिव एम सेलवेन्द्रन, राजस्व सचिव विवेक पोरवाल, आयुक्त एवं सचिव जनसंपर्क डॉ. सुदाम खाड़े एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना, महामंत्री चंद्रकांत गौर, के अलावा राघवेन्द्र जी, राजेन्द्र पालीवाल, प्रमोद चौधरी, आर.सी. पटेल, भवानी शंकर शर्मा, नमो नारायण दीक्षित, शिवनंदन रघुवंशी आदि उपस्थित थे।

### संपदा पोर्टल 2.0 किसानों को देगा ई रजिस्ट्री की सुविधा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय किसान संघ के विभिन्न सुझावों पर राज्य सरकार आवश्यक कदम उठाएगी। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर शुरू डिजिटल इंडिया मिशन के अंतर्गत ई-रजिस्ट्री की नवीन प्रणाली पर विकसित संपदा 2.0 पोर्टल और मोबाइल एप का आज ही शुभारंभ किया है। इस नवाचार का लाभ बड़ी संख्या में किसान वर्ग को प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह भी बताया कि उन्होंने आज हांगकांग निवासी चंद्रावत और दिल्ली के एक बुजुर्ग दंपत्ति से संपदा 2.0 की विशेषताओं पर चर्चा भी की। सभी वर्गों द्वारा डिजिटल क्रांति के क्षेत्र में इसे मील का पत्थर बताया जा रहा है। नवीन तकनीक पर आधारित संपदा 2.0 ऑनलाइन दस्तावेज पंजीयन एक क्रांतिकारी कदम है। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने इस व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई दी। किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पोर्टल और एप के माध्यम से नागरिकों को घर में ही यह सुविधा प्रदान किए जाने की शुरूआत और प्रदेश के सभी जिलों में जीआईएस लैब स्थापित करने का महत्वपूर्ण फैसला मध्यप्रदेश की नई पहचान बनाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों के राजस्व से जुड़े अन्य कार्यों को भी आसान बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि फौती नामांतरण और अन्य प्रकरणों के निराकरण से 3.96 लाख आवेदक लाभान्वित हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं के लिए किसानों की भूमि के उपयोग पर किसान को राशि देने के स्थान पर उन्हें परियोजना में भागीदार बनाने के सुझाव पर भी विचार किया जाएगा। इसके साथ ही बन्दोबस्त कार्य से संबंधित विभिन्न शिकायतों को हल करने के लिए ड्रोन सर्वे का उपयोग भी बढ़ाया जाएगा। खेतों के पारम्परिक रास्ते बनाए रखने की पद्धति भी विकसित की जाएगी।

### किसान अपनाएं सोलर संयंत्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में थर्मल पावर के साथ ही सोलर एनर्जी का प्रयोग निरंतर बढ़ाया जा रहा है। नवीन और नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है।

किसानों द्वारा सौर ऊर्जा का उपयोग किया जाता है तो उन्हें पूर्ण प्रोत्साहित किया जाएगा। सौर ऊर्जा संयंत्रों का उपयोग कृषि कार्य में भी हो रहा है। सौर ऊर्जा को एक महत्वपूर्ण समाधान के रूप में देखा जा रहा है। कृषि कार्य में सोलर पम्प के उपयोग और उद्योग क्षेत्र में भी औद्योगिक संस्थानों को अपनी बिजली बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि केंद्र सरकार ने पीएम कृषक मित्र सूर्य योजना में बड़ी संख्या में सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए सहयोग देने पर सहमति दी है।

### घरों में चोरी करने वाला चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दुमकाःविगत कई दिनों से दुमका जिलान्तर्गत जारमुण्डी एवं हँसडीहा थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा घरो में चोरी की घटना कारित किया गया था। उक्त घटना का उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक , दुमका द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, जरमुण्डी के नेतृत्व में एक एस०आई०टी० गठित किया गया। एस०आई०टी० टीम में शामील पदाधिकारियों द्वारा तकनीकि अनुसंधान के दौरान संबंधित कांडों का उद्भेदन करते हुए 10 अक्तूबर को उक्त घटना को अंजाम देने वाले हाजरा गिरोह के एक सदस्य मिथलेस कुमार पासवान, जो दो-चार कांडों में वांछित थे, को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जप्त सामानों में जरमुण्डी थाना क्षेत्र के ग्राम-डुमरिया एवं जरमुण्डी बाजार से चोरी किया गया साड़ी, कपड़ा, स्टील का वर्तन ईत्यादि शामिल हैं ।छापामारी टीम में - अमित कुमार कच्छप, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, जरमुण्डी।पु०नि० श्यामानन्द मण्डल, थाना प्रभारी, जरमुण्डी थाना। पु०अ०नि० सुखराम उराँव, जरमुण्डी थाना एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल हैं ।

### वन विभाग की उदासीनता से शिकारीपाड़ा में बेरोकटोक जारी है कीमती हरे-भरे पेड़ों की कटाई



दुमकाःवन विभाग की उदासीनता से शिकारीपाड़ा में हरे-भड़े पेड़ों को काटकर तस्करी की जा रही है। शिकारीपाड़ा वन क्षेत्र से लकड़ी माफियाओं द्वारा आएं दिन कीमती लकड़ियों की तस्करी की जा रही है। इसी क्रम में शिकारीपाड़ा कंलेज के बगल में स्थित सखुआ पेड़ को काट लिया गया। सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के लकड़ी माफिया सरसाजोल से हरे भरे पेड़ की कटाई कर पश्चिम बंगाल ले जा रहे हैं, जिसपर वन विभाग उदासीन बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लकड़ी के अलावा शिकारीपाड़ा के विभिन्न नदी तलो से बालू का उठाव कर ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से जंगल के रास्ते बालू का परिवहन हो रहा है। जबकि उक्त मामले में वन पाल तारिणी मंडल से पूछने पर बताया पेड़ों की कटाई की सूचना तुरंत नहीं मिलने के कारण लकड़ी माफिया पेड़ों को कटाई कर लेकर जाने में सफल हो जा रहे हैं, फिर भी विभाग द्वारा लगातार छापामारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हाल-फिलहाल भी अवैध लकड़ी लदा वाहन जप्त किया गया था।

### अज्ञात बाइक चालक ने वृद्धा को मारी टक्कर

उल्हासनगर, (ईएमएस)। एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही और तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए ६८ साल की एक वृद्ध महिला को जोरदार टक्कर मारकर घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार उल्हासनगर के कैंप तीन, संतु बिल्डिंग के पास रहने वाली भारती रमेश आहूजा (६८) ने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मध्यवर्ती पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई है। अपनी शिकायत में उन्होंने पुलिस को बताया कि कल शाम चार बजे वह अपने घर के पास पैदल जा रही थी तभी एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही और तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए उन्हें टक्कर मारकर घायल कर दिया और वहां से फरार हो गया। इस घटना में उन्हें गंभीर चोट आई है। आगे की जाँच पुलिस उपनिरीक्षक ज्ञानेश्वर वाघमारे कर रहे हैं।

# 21वां दिव्य-कला मेला 17 से 27 अक्टूबर तक जबलपुर में होगा आयोजित

भोपाल (ईएमएस)। दिव्यांगजन द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पादों तथा उनकी शिल्प कौशल का प्रदर्शन करने केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 21वें दिव्य-कला मेला का आयोजन 17 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक जबलपुर में किया जायेगा। राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के दिव्यांग उद्यमियों द्वारा अपने उत्पादों और शिल्प-कला का प्रदर्शन किया जायेगा। दिव्य-कला मेला एमएलबी स्कूल जबलपुर के सामने स्थित मैदान में लगाया जायेगा। दिव्यांगजन की क्षमताओं और शिल्प कौशल को आमलोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किये जा रहे इस मेले में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। आयुक्त, निःशक्तजन संदीप रजक ने कलेक्ट्रेट जबलपुर में मेले की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में दिव्य-कला मेले को भव्य स्वरूप में आयोजित करने के निर्देश दिये गए।आयुक्त, निःशक्तजन श्री रजक ने बताया कि दिव्य-कला मेला में स्वयं का व्यवसाय या उद्यम स्थापित करने के इच्छुक दिव्यांगजन को राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त और विकास निगम द्वारा बैंकों से संचालित ऋण योजनाओं की जानकारी दी जायेगी और प्रकरण भी तैयार किये जायेंगे। दिव्यांगजन के जॉब फेयर का आयोजन भी दिव्य-कला मेले के दौरान किया जायेगा। दिव्यांगजन को रियायती दर पर सहायक उपकरण भी इस मेले में उपलब्ध कराये जाएंगे। उन्होंने बताया कि दिव्य-कला मेले में देश के विभिन्न राज्यों के दिव्यांग उद्यमियों के उत्पादों के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर भी दिव्यांगजन द्वारा तैयार किये गये उत्पादों के प्रदर्शन और विक्रय के लिये स्टॉल आरक्षित किये जायेंगे। दिव्य-कला मेले में खान-पान के स्टॉल भी लगाये जा रहे हैं। इसमें भी स्थानीय दिव्यांगजन को प्राथमिकता दी जायेगी। श्री रजक ने बताया कि मेले के आयोजन को भव्य स्वरूप देने केंद्र एवं राज्य शासन के विभागों, विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों, उद्योग संघों, व्यावसायिक संगठनों तथा रोटरी क्लब एवं लॉयंस क्लब का सहयोग देंगे।

### मसानजोर जलाशय में बोटिंग के लिए रांगामेटिया समिति की ओर से मोटर बोट सेवा का शुभारंभ

दुमकाःविस्थापित मसानजोर जलाशय मत्स्य जीवी सहयोग समिति रांगामेटिया की ओर से गुरुवार को मसानजोर जलाशय में पर्यटकों के मनोरंजन हेतु दो मोटर बोट का शुभारंभ किया गया| कोलरकोंदा पंचायत के मुखिया उकील मुर्मू ने फीता काटकर व नारियल फोड़कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया। अवसर पर मुखिया उकील मुर्मू ने कहा कि पंचायत के पांच गांव रांगामेटिया, कोलरकोंदा, ताल डंगाल, भालका एवं लपसा पाड़ा के दस बेरोजगार युवाओं ने एक समिति बनाकर रोजगार के उद्देश्य से कोलकत्ता स्पोर्ट कम्पनी से दो मोटर बोट खरीदा है। जिसका उद्देश्य मसानजोर जलाशय क्षेत्र में पर्यटकों को घुमाने के साथ साथ कैच के मध्यम से मछली पालन कर आर्थिक रूप से सशक्त होना है। इसके लिए दुमका आरटीओ से दो लोग रंजीत मुर्मू एवं अनिल हंसदा के नाम ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत किया गया है। उन्होंने बताया कि बेरोजगार का यह कदम काफी सराहनीय है। उनके इस कदम से इस क्षेत्र के बेरोजगार प्रोत्साहित होंगे। अवसर पर समिति के अध्यक्ष रविनाथ किस्कु, सचिव दीपक कुमार मुर्मू, सदस्य सिमम सोरेन, विनोद सोरेन, आलोक मरंडी, रविंद्र मुर्मू, अनिल हंसदा, रंजीत मुर्मू, ओमेल, रामधन आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### रतन टाटा ने उद्यमियों की कई पीढ़ियों को प्रेरित कियाः फिक्की

नई दिल्ली (ईएमएस)। उद्योग मंडल फिक्की ने उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर गुरुवार को शोक व्यक्त करते हुए उन्हें एक ऐसा आदर्श बताया, जिन्होंने नैतिक पूंजीवाद के अपने दृष्टिकोण से उद्यमियों की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया। फिक्की के अध्यक्ष अनीश शाह ने ककि कि फिक्की रतन टाटा को न केवल एक सफल व्यवसायी के रूप में बल्कि एक आदर्श व्यक्ति के रूप में भी याद करता है, जिन्होंने ईमानदारी, विनम्रता तथा सामाजिक जिम्मेदारी के मूल्यों को अपनाया। इसी तरह भारतीय वाणिज्य एंव उद्योग मंडल (एसोचैम) ने रतन टाटा को एक प्रतिष्ठित व्यक्ति बताया, जिनका प्रभाव भारतीय उद्योग जगत से परे फैला है। एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा कि टाटा ने न केवल विविधतापूर्ण टाटा समूह को दुनिया के कई देशों में पहुंचाया, बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी, मोटर वाहन, इस्पात तथा आतिथ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक परिदृश्य पर भारत की ब्रांड इक्विटी में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन भारत के उद्यमियों के लिए वैश्विक स्तर पर सोचने और आगे बढ़ने, बेदाग प्रतिष्ठा तथा कॉर्पोरेट प्रशासन के उच्च मानक को बनाए रखने के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

### सेबी ने चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग पर लगाया 2 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली (ईएमएस)। मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने ब्रोकरेज फर्म चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग पर निर्धारित नियमों का पालन नहीं करने के आरोप में 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सेबी के आदेश के मुताबिक चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग ने एक्सचेंज को ऑथराइज्ड पर्सन (एपी) से जुड़े क्लाइंट्स की सही जानकारी नहीं दी। बताया गया है कि ब्रोकरेज के ऑथराइज्ड पर्सन और क्लाइंट के बीच तीन मामलों में एपी सर्विसेज के लिए फंड की लेनदेन हुई। इस दौरान एपी टर्मिनल्स का इस्तेमाल अनऑथराइज्ड लोगों द्वारा किया गया।सेबी के आदेश में जांच के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया गया है कि ब्रोकरेज फर्म के ऑथराइज्ड पर्सन्स में से एक ने एक्सचेंज को 226 क्लाइंट्स की जानकारी नहीं दी, जबकि दूसरे ने 118 क्लाइंट्स की और तीसरे ने 7 क्लाइंट्स की जानकारी एक्सचेंज को उपलब्ध नहीं कराई। सेबी की जांच में इस बात का भी पता चला कि ब्रोकरेज फर्म के ऑथराइज्ड पर्सन्स में से एक ग्रो कैपिटल फाइनेंस सर्विसेज अपने क्लाइंट को फंड ट्रांसफर कर रहा था। हालांकि ब्रोकरेज फर्म की ओर से सफाई दी गई कि फंड ट्रांसफर का ये काम ऑथराइज्ड पर्सन ने पर्सनल कैपेसिटी में क्लाइंट के साथ किया था, जिसके लिए ब्रोकरेज फर्म को जिम्मेदार नहीं माना जाना चाहिए।

### अदाणी समूह के सात हवाई अड्डों पर थालेस लगाएगी स्मार्ट डिजिटल मंच

मुंबई (ईएमएस)। थालेस अदाणी समूह के परिचालन वाले सात भारतीय हवाई अड्डों पर एक स्मार्ट डिजिटल मंच की तैनाती करेगी। यह मंच हवाई अड्डे के समग्र प्रबंधन, सुरक्षा और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सभी जरूरी अनुप्रयोगों को केंद्रीय रूप से संभालेगा। थालेस और अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है।नयी दिल्ली । यूरोपीय कंपनी थालेस अदाणी समूह के परिचालन वाले सात भारतीय हवाई अड्डों पर एक स्मार्ट डिजिटल मंच की तैनाती करेगी। यह मंच हवाई अड्डे के समग्र प्रबंधन, सुरक्षा और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सभी जरूरी अनुप्रयोगों को केंद्रीय रूप से संभालेगा। बुधवार को जारी बयान के मुताबिक, थालेस और अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इसमें थालेस को सात हवाई अड्डों- मुंबई, अहमदाबाद, गुवाहाटी, जयपुर, लखनऊ, मंगलुरु और तिरुवनंतपुरम में नवोन्मेषी हवाई अड्डा संचालन नियंत्रण केंद्र (एपीओसी) तैनात करने का अनुबंध मिला है। बयान के मुताबिक, थालेस की तरफ से हवाई अड्डों पर लगाया जाने वाला क्लाउड-आधारित 'स्मार्ट डिजिटल मंच' हवाई अड्डे के समग्र प्रबंधन, सुरक्षा और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सभी जरूरी अनुप्रयोगों को केंद्रीय रूप से संभालेगा। जल्द ही लागू किया जाने वाला यह समाधान अनियोजित संसाधन की कमी का अनुमान लगाएगा और उसे कम करेगा ताकि पूर्वानुमान और वैश्विक दक्षता बढ़ाई जा सके। उन्नत प्रौद्योगिकी मुहैया कराने वाली कंपनी थालेस ने 2024 की शुरुआत से ही इन हवाई अड्डों पर 'फ्लाई टू गेट' समाधान तैनात कर दिया है। अदाणी समूह ने कहा कि इन हवाई अड्डों पर यात्रियों के प्रसंस्करण समय को 30 प्रतिशत तक कम करते हुए जिम्मेदार बायोमेट्रिक समाधानों का यह सहज एकीकरण भारत सरकार के डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण से मेल खाता है।

### अमेरिकी दृष्टिकोण से भारत महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक भूमिका निभाता है यूएसआईएसपीएफ

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी दृष्टिकोण से भारत महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक भूमिका निभाता है और अमेरिकी कंपनियों को विनिर्माण क्षेत्र में चीन से उत्पन्न खतरे को कम करने का अवसर देता है। अमेरिका-भारत सामरिक एवं साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि की गाथा बेहद शानदार है। भारत उन बहुत कम बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से है जो सात से आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी दृष्टिकोण से भारत भू-राजनीतिक स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अधिकारी ने एक साक्षात्कार में कहा कि भारत एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जो बाजार में अवसर प्रदान कर रही है। खासकर अमेरिकी कंपनियों को जो यहां आकर निवेश करती हैं और बाजार में हिस्सेदारी हासिल करती हैं। यह एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जो विनिर्माण क्षेत्र में चीन से खुद को जोखिम मुक्त कर रही है। उन्होंने ककि कि हम देख रहे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था सिर्फ बाजार के लिए अवसर नहीं बन रही है, बल्कि यह विनिर्माण के लिए अवसर बन रही है लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हम भारत में वैश्विक क्षमता केंद्रों की वृद्धि देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद है। भारत करीब 125 अरब अमेरिकी डॉलर की सेवाओं का निर्यात कर रहा है। यह टिप्पणी 14 अक्टूबर को भारत में हो रहे यूएसआईएसपीएफ के वार्षिक शिखर सम्मेलन से पहले की है। फॉर्च्यून 100 के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) सहित कई बड़े अमेरिकी उद्योगपति इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचेंगे। शिखर सम्मेलन में भारत-अमेरिका साझेदारी को आगे बढ़ाने और मजबूत करने के लिए विचारोत्तेजक सत्र तथा चर्चाएं होंगी।

### एमएचआई ने ओला इलेक्ट्रिक के खिलाफ शिकायतों पर एआरएआई से मांगी जानकारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) ने ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) को ओला इलेक्ट्रिक के खिलाफ उपभोक्ताओं की शिकायतों के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। ओला इलेक्ट्रिक फेम-2 और पीएम ई-ड्राइव योजनाओं का लाभार्थी है। इसका पात्रता प्रमाण पत्र एआरएआई द्वारा प्रदान किया गया है, जो मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक प्रमाणन व परीक्षण एजेंसी है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने सात अक्टूबर को उपभोक्ता अधिकारों के कथित उल्लंघन, भ्रामक विज्ञापन तथा अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए ओला इलेक्ट्रिक को कारण बताओ नोटिस जारी किया। फेम-2 और पीएम ई-ड्राइव योजनाओं के तहत मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) को ग्राहकों की समस्याओं के समाधान के लिए सर्विस सेंटर स्थापित करने होते हैं। इसके अलावा सभी ओईएम द्वारा इन दो योजनाओं के तहत वारंटी भी दी जाती है।

### रुपया एक पैसे बढ़कर 83.95 डॉलर पर खुला

मुंबई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत रुख और प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर होने से रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ 83.95 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा विशेषज्ञों ने बताया कि हालांकि वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि और भारी विदेशी पूंजी निकासी से घरेलू मुद्रा में आगे सुधार की संभावना सीमित हो गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 83.95 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की बढ़त दर्शाता है।

# देश में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर 96.96 करोड़ पहुंची

### दूरसंचार कंपनियों को हर ग्राहक से 8 फीसदी अधिक कमाई



नई दिल्ली (ईएमएस)। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में देश में इंटरनेट ग्राहकों की संख्या तिमाही आधार पर 1.59 फीसदी बढ़कर 96.96 करोड़ पहुंच गई। जनवरी-मार्च तिमाही में देश में 95.44 करोड़ इंटरनेट ग्राहक थे। कुल 96.96 करोड़ ग्राहकों में 4.20 करोड़ लोग वायर के जरिये इंटरनेट का उपयोग करते हैं, जबकि वायरलेस इंटरनेट सब्सक्राइबर्स की संख्या 92.75 करोड़ पहुंच गई है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से इंडिया टेलीकॉम सर्विसेज परफॉर्मेंस इंडिकेटर रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मोबाइल सेवाओं के लिए हर ग्राहक से दूरसंचार कंपनियों को होने वाली कमाई सालाना आधार पर 8.11 फीसदी बढ़कर 157.45 रुपये पहुंच गई है। मासिक आधार पर इन कंपनियों का प्रति उपयोगकर्ता औसत मासिक राजस्व (एआरपीयू) जनवरी-मार्च तिमाही के 153.54 रुपये की तुलना में 2.55 फीसदी बढ़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल-जून तिमाही में दूरसंचार सेवा क्षेत्र का समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बढ़कर 70,555 करोड़ रुपये पहुंच गया है। इसमें तिमाही आधार पर 0.13 फीसदी और सालाना आधार पर 7.51 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ब्रॉडबैंड के जरिये इंटरनेट चलाने वालों की संख्या अप्रैल-जून तिमाही में 1.81 फीसदी बढ़कर 94.07 करोड़ पहुंच गई। जनवरी-मार्च तिमाही में इनकी संख्या 92.40 करोड़ थी। हालांकि, नैरोबैंड इंटरनेट सब्सक्राइबर्स की संख्या 3.03 करोड़ से घटकर 2.88 करोड़ रह गई। देश में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या अप्रैल-जून तिमाही में बढ़कर 120.56 करोड़ हो गई। इसमें जनवरी-मार्च की तुलना में 0.53 फीसदी और सालाना आधार पर 2.70 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। शहरी इलाकों में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या 66.53 करोड़ से बढ़कर 66.71 करोड़ पहुंच गई। ग्रामीण इलाकों में भी यह संख्या 53.85 करोड़ है, जो तिमाही आधार पर अधिक है। देश में वायरलेस ग्राहकों की संख्या 50.4 लाख बढ़कर अप्रैल-जून में 117.05 करोड़ पहुंच गई है। मासिक आधार पर संख्या 0.43 फीसदी और सालाना आधार पर 2.36 फीसदी बढ़ी है। इस दौरान वायरलाइन ग्राहकों की संख्या मासिक आधार पर 3.90 फीसदी और सालाना आधार पर 15.81 फीसदी बढ़कर 3.51 करोड़ पहुंच गई। रिपोर्ट के मुताबिक देश में कुल दूरसंचार घनत्व तिमाही आधार पर 85.69 फीसदी से बढ़कर 85.95 फीसदी पहुंच गया। ग्रामीण इलाकों में यह 59.19 फीसदी से बढ़कर 59.65 फीसदी पहुंच गया, जबकि शहरी दूरसंचार घनत्व 133.72 फीसदी से घटकर 133.46 फीसदी रह गया। वायरलेस दूरसंचार घनत्व 83.27 फीसदी से बढ़कर 83.45 फीसदी पहुंच गया है।

### शेयर बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत

मुंबई (ईएमएस)। वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से गुरुवार के कारोबारी दिन भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 बढ़त के साथ खुले। शुरुआत में बीएसई सेंसेक्स 250 अंकों की बढ़त के साथ 81,717 पर खुला, जबकि निफ्टी50 87 अंकों की बढ़त के साथ 25,069 पर कारोबार करता दिखा। टाटा सन्स के चेयरमैन एमेरिटस रतन टाटा का बुधवार को 86 वर्ष की आयु में मुंबई के अस्पताल में निधन हो गया। वे कुछ समय से गंभीर हालत में थे। उनके निधन के बाद गुरुवार को टाटा समूह की कंपनियों के शेयरों जैसे टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाटा टेक्नोलॉजीज और ट्रेंट पर भी ध्यान केंद्रित रहेगा। आरबीआई एमपीसी के फैसले के बाद 9 अक्टूबर को बीएसई, एनएसई के बेंचमार्क इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। कल हैवी वेटेज वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर 1 फीसदी से ज्यादा गिर गए, जिसकी वजह से सेंसेक्स-निफ्टी बढ़त बनाने में कामयाब नहीं हो सके। बुधवार को बीएसई का बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 167.71 अंक लुढ़ककर 81,467.10 के लेवल पर बंद हुआ। जबकि एनएसई का बेंचमार्क निफ्टी 50 31.20 अंक गिरकर 24,981.95 के लेवल पर बंद हुआ।

# अनिल अग्रवाल की वेदांता पर 92 करोड़ का जुर्माना

### 10 करोड़ रुपये का अतिरिक्त जुर्माना भी शामिल




मुंबई (ईएमएस)। अनिल अग्रवाल की वेदांता लिमिटेड पर भारी जुर्माना लगाया गया है, जिसमें 92.04 करोड़ रुपये का टैक्स जुर्माना और 10 करोड़ रुपये का अतिरिक्त जुर्माना शामिल है। इसके साथ ही, कंपनी को कस्टम ड्यूटी और उस पर लगने वाले ब्याज का भी भुगतान करना होगा। यह जानकारी कंपनी ने शेयर बाजार को दी। यह जुर्माना तब लगाया गया है जब अनिल अग्रवाल ने हाल ही में सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा था कि भारत की आयरन ओर इंडस्ट्री संकट में है। उनका कहना था कि ऊंचे नीलामी प्रीमियम, सीमित ऑफर और खदानों के धीमे संचालन के कारण यह स्थिति बनी है। सरकार ने उनके आरोपों को भ्रामक और गलत बताया था। जुर्माने की कार्रवाई वेदांता द्वारा आयात से पहले की शर्तों के उल्लंघन के कारण हुई है। ये शर्तें एडवांस ऑथराइजेशन के तहत किए गए आयात पर सीमित समय के लिए लागू थीं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि कंपनी को तूतीकोरिन के कस्टम कमिश्नर के दफ्तर से एक आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें 92,03,85,745 रुपये का जुर्माना और 10,00,00,000 रुपये का अतिरिक्त जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही कस्टम ड्यूटी और उस पर लगने वाला ब्याज भी मांगा गया है। वेदांता ने कहा है कि वह इस आदेश की समीक्षा कर रही है और उचित समय पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। कंपनी का मानना है कि उसके पास मजबूत कानूनी आधार हैं, खासकर हालिया न्यायिक फैसलों के संदर्भ में। वेदांता का यह कहना है कि इस आदेश का कंपनी की वित्तीय स्थिति, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह घटनाक्रम वेदांता के सामने आने वाली नियामक चुनौतियों को और बढ़ा देता है। कंपनी हाल के वर्षों में कई कानूनी और परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना कर रही है। वेदांता लिमिटेड एक ग्लोबल प्राकृतिक संसाधन कंपनी है, जो खनिजों और धातुओं की खोज, निकासी और प्रसंस्करण से जुड़ी है। भारत और अन्य देशों में कंपनी की मजबूत उपस्थिति खनन और धातु उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## रतन टाटा के निधन पर बोले, अंबानी- मैंने एक अच्छा दोस्त खो दिया

### अडाणी और आनंद महिंद्रा ने भी रतन टाटा के निधन पर जताया दुख



मुंबई (ईएमएस)। टाटा समूह के मानद चेयरमैन रतन टाटा नहीं रहे। उन्होंने मुंबई स्थिति अस्पताल में बुधवार को अंतिम सांस ली। रिलायंस के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने रतन टाटा को भारत के सबसे प्रतिष्ठित और परोपकारी बेटों में से एक बताया। अंबानी के अलावा अरबपति गौतम अडानी और ऑटो क्षेत्र के दिग्गज आनंद महिंद्रा ने भी टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया। अंबानी ने कहा, यह भारत के लिए बहुत दुखद दिन है। रतन टाटा का जाना सिर्फ टाटा समूह ही नहीं, बल्कि हर भारतीय के लिए बहुत बड़ी क्षति है। व्यक्तिगत स्तर पर रतन टाटा के जाने से मैं बेहद दुख में हूं, क्योंकि मैंने अपने एक अच्छे दोस्त को खो दिया है। उनके साथ हुई कई मुलाकातों में हर बार मुझे प्रेरित किया, ऊर्जा दी और उनके अपनाए हुए मूल्यों के प्रति मेरा सम्मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि रतन टाटा दूरदर्शी कारोबारी और परोपकारी थे, जो हमेशा समाज की अच्छाई के लिए काम करते थे। उन्होंने कहा, रतन टाटा के जाने से भारत ने सबसे पुत्र और दयालु बेटे को खो दिया है। टाटा ने भारत को दुनिया के सामने रखा और दुनिया की अच्छी चीजों को भारत लेकर आए। उन्होंने टाटा घराने को संस्थागत बनाया और साल 1991 में टाटा समूह संभालने के बाद इसे 70 गुना बढ़ा दिया। उन्होंने कहा, रिलायंस, नीता और अंबानी परिवार की तरफ से मैं टाटा परिवार के शोकाकुल सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। रतन, आप हमेशा मेरे दिल में रहेंगे। अडानी ने कहा कि भारत ने एक दिग्गज, एक दूरदर्शी व्यक्ति को खो दिया है जिन्होंने आधुनिक भारत के मार्ग को फिर से परिभाषित किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रतन टाटा सिर्फ एक कारोबारी नेता नहीं थे, उन्होंने ईमानदारी, करुणा और व्यापक भलाई के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता के साथ भारत की भावना को मूर्त रूप दिया। उनके जैसे दिग्गज अमर रहते हैं। ओम शांति। आनंद महिंद्रा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ऐतिहासिक छलांग लगाने के कगार पर है और टाटा के 'जीवन और कार्य का हमारे इस स्थिति में आने में बहुत बड़ा योगदान है।

# ओला के बाद एथर एनर्जी के ई-स्कूटर्स की सर्विस से परेशान हुए ग्राहक



नई दिल्ली (ईएमएस)। सोशल मीडिया पर ओला इलेक्ट्रिक की खराब सर्विस को लेकर ग्राहकों की ओर से लगातार शिकायतों के बाद अब इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी एथर एनर्जी के ई-स्कूटर्स (इलेक्ट्रिक स्कूटर्स) को लेकर सोशल मीडिया पर ग्राहकों की शिकायतों की बाढ़ आ गई है। एथर के ग्राहकों ने कंपनी की हार्डवेयर-सॉफ्टवेयर सर्विस को लेकर शिकायतें दर्ज करवाई हैं। कंपनी की डिलिवरी सर्विस को लेकर भी देरी की शिकायतें हैं। कंपनी ने एक्स हैंडल पर इन शिकायतों पर प्रतिक्रिया देते हुए इशू को जल्द से जल्द सुलझाने की बात कही है। हाल ही में एक एथर ई-स्कूटर ग्राहक ने एक्स पर पोस्ट किया 14 सितंबर को 10,000 ओडोमीटर के लिए सर्विसिंग की गई, स्कूटर में कई समस्याएं थी, स्टॉक स्पेयर नहीं होने की बात कहकर इस परेशानी की ओर ध्यान नहीं दिया गया। कंपनी को शिकायत की गई तो जांच के लिए स्कूटर छोड़ने का सुझाव दिया गया, इसलिए 3 अक्टूबर को वापस लौटाया गया। कल स्कूटर की फोर्क के साथ डिलिवरी की गई, चाबी का स्लॉट बदला गया। लेकिन फिटिंग अधूरी थी। एक दूसरे ग्राहक ने कहा कि एथर एनर्जी मुझे अपने 450एक्स में समस्या आ रही है। 2 दिनों से जब मैं थ्रॉटल बंद करता हूं, तो वाहन तुरंत धीमा हो जाता है। पहले ऐसा नहीं होता था। कृपया मेरी सहायता करें कि क्या यह सॉफ्टवेयर समस्या है या मुझे सर्विस सेंटर जाना चाहिए। कंपनी के एक अन्य ग्राहक ने कहा कि आपकी इंदौर सिटी सेवाएं खराब हैं और कर्मचारी अहंकारी हैं, जो शिकायतों पर ध्यान नहीं देते हैं। पाट्‌र्स उपलब्ध नहीं हैं, मेरा वाहन 4 कार्य दिवसों के लिए सर्विस में है। एक अन्य यूजर ने पोस्ट किया कि एथर एनर्जी, मैं कल से अपने एथर 450एक्स की अपडेट स्क्रीन पर अटका हुआ हूं। रीस्टार्ट करने से काम नहीं चल रहा है और अगर मैं चाबी निकाल भी दूं, तो स्क्रीन चालू रहती है। यह वाकई निराशाजनक है। कंपनी निराश और परेशान ग्राहकों की मदद के लिए अपनी ओर से लगातार प्रयासों में है। दूसरी तरफ एथर एनर्जी आईपीओ के जरिए पैसा जुटाने की योजना में है। कंपनी ने पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास ड्राफ्ट रेट हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल कर दिया है। प्रस्तावित 3,100 करोड़ रुपये के आईपीओ में फ्रेश इश्यू के साथ 2.2 करोड़ शेयरों का ऑफर फॉर सेल है।

### लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर के विकास को मंजूरी

अहमदाबाद (ईएमएस)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर (एनएमएचसी) के विकास के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस परियोजना का मकसद भारतीय समुद्री धरोहर और इतिहास को प्रदर्शित करना है। अधिकारियों ने कहा कि इस परियोजना पर काम चल रहा है और नियमित रूप से सरकार की ओर से उच्च स्तरीय निगरानी होती है। परियोजना के फेज 1ए पर काम चल रहा है और 60 प्रतिशत काम हो चुका है और इसे 2025 तक पूरा किए जाने की योजना है। मंत्रिमंडल के एक बयान में कहा गया है कि परियोजना के फेज 1ए और 1बी को ईपीसी मॉडल पर विकसित किया जा रहा है और फेज-2 को जमीन पट्टे पर देकर/पीपीपी के माध्यम से विकसित किया जाएगा, जिससे एनएचएमसी को वैश्विक स्तर का धरोहर संग्रहालय बनाया जा सके। एक आधिकारिक बयान के अनुसार एनएमएचसी परियोजना के विकास में लगभग 22,000 नौकरियों के सृजन की उम्मीद है। इसमें 15,000 प्रत्यक्ष रोजगार और 7,000 अप्रत्यक्ष रोजगार होंगे। एनएमएचसी की निर्माण योजना प्रसिद्ध वास्तु फर्म हफीज कॉन्ट्रैक्टर ने तैयार की है। चरण 1ए का निर्माण कार्य टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को सौंपा गया है। लाइटहाउस ऐड लाइटशिप महानिदेशालय, लाइटहाउस म्यूजियम के लिए धन मुहैया कराएगा। इस पर काम भी आगामी चरणों में होगा। मास्टरप्लान में भारतीय नौसेना और तटरक्षक दीर्घा भी शामिल है। दूसरे चरण में तटीय राज्यों के मंडप, आतिथ्य क्षेत्र, लोथल शहर से संबंधित मनोरंजन, समुद्री संस्थान और छात्रावास तथा 4 थीम आधारित पार्क होंगे।

### साल 2030 तक 4 लाख यूनिट्स की वार्षिक बिक्री करेगी किआ

नई दिल्ली (ईएमएस)। इलेक्ट्रिक कारों की लोकप्रियता को देखते हुए, किआ इंडिया भी इस सेगमेंट में अपनी पकड़ मजबूत करने की तैयारी कर रही है। कंपनी का लक्ष्य है कि वह साल 2030 तक भारत में 4 लाख यूनिट्स की वार्षिक बिक्री हासिल करे। इस योजना के तहत, किआ इंडिया 2025 की पहली छमाही में एक नई इलेक्ट्रिक कार लॉन्च करने जा रही है, जो किआ कैरेंस ईवी हो सकती है। किआ कैरेंस ईवी की लॉन्चिंग अगले साल यानी 2025 की दूसरी छमाही में होने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह कार एक बार चार्ज होने पर 500 किलोमीटर से ज्यादा की ड्राइविंग रेंज प्रदान कर सकती है।

# छोटे खाद्य कारोबारियों को नहीं देना होगा पंजीयन शुल्क

नई दिल्ली (ईएमएस)। छोटे खाद्य कारोबारियों (फेरी वालों) को अब पंजीयन शुल्क नहीं देना होगा क्योंकि सरकार ने फेरी वालों के लिए पंजीयन शुल्क को माफ करने का निर्णय लिया है। हालांकि जिन्होंने पहले आवेदन कर दिए हैं, उन्हें शुल्क वापस नहीं किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा व मानक विनियम, 2011 के तहत प्रत्येक छोटे खाद्य व्यवसाय संचालकों यानी खाद्य कारोबारियों को पंजीयन कराना होता है। इसके लिए इन कारोबारियों को सालाना 100 रुपये शुल्क देना होता है। भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण (एफएसएसए) ने एक आदेश जारी कर फेरीवालों के लिए लगने वाले इस शुल्क को माफ करने की घोषणा की है। इस आदेश में कहा गया है कि फेरीवाला का अर्थ है एक ऐसा व्यक्ति जो पैकेज्ड या ताजे तैयार किए गए खाद्य पदार्थों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पैदल या चलने वाले ठेलों पर बेचता है। इस आदेश में यह भी कहा कि शुल्क माफी का यह फैसला 28 सितंबर से लागू होगा। एफएसएसएआई ने फेरीवालों का पंजीयन शुल्क माफ करने के साथ ही उन्हें नये पंजीकरण के लिए आवेदन करने पर 5 वर्षों के लिए पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान करने का भी निर्णय लिया है। एफएसएसएआई ने नये पंजीयन के लिए शुल्क माफ करने के साथ ही मौजूदा पंजीयन का नवीनीकरण कराने पर भी फेरीवालों को राहत दी है। अब फेरी वालों को मौजूदा पंजीयन का नवीनीकरण कराने पर भी शुल्क नहीं देना होगा। हालांकि जो फेरी वाले पंजीयन के लिए आवेदन कर चुके हैं, उन्हें राहत नहीं दी गई है। एफएसएसएआई द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि जिन फेरी वालों ने 28 सितंबर, 2024 से पहले पंजीयन के लिए आवेदन किए हैं और उनके आवेदन प्रक्रिया में हैं, उनकी शुल्क वापसी पर विचार नहीं किया जाएगा।

### गिरावट पर ब्रेक, फिर बढ़े सोने के भाव चांदी भी हुई महंगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। लगातार तीन दिन से सोने की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है और गुरुवार को इस गिरावट पर ब्रेक लग गया है। गुरुवार सोने का वायदा भाव 0.11 फीसदी की तेजी के साथ 75,013 रुपए जबकि चांदी का भाव 0.24 फीसदी बढ़त के साथ 89,082 रुपए पर कारोबार कर रहे हैं। कमजोर घरेलू मांग के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। सोना 600 रुपए गिरकर 77,700 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। मंगलवार को सोना 78,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 2,800 रुपए लुढ़ककर 91,200 रुपए प्रति किलोग्राम रही जो एक दिन पहले 94,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपए गिरकर 77,300 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू मांग में सुस्ती के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में दिसंबर आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध की कीमत 29 रुपए बढ़कर 75,190 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। एक्सचेंज में दिसंबर आपूर्ति वाले चांदी अनुबंध की कीमत भी 754 रुपए बढ़कर 89,483 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। एशियाई कारोबारी घंटों में कॉमेक्स वायदा 0.03 प्रतिशत गिरकर 2,634.50 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में एक वरिष्ठ जिंस विश्लेषक ने कहा कि सुरक्षित निवेश के तौर पर प्रीमियम कम होने से बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में और अधिक कटौती की संभावना कम हो गई। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में चांदी 0.75 प्रतिशत बढ़कर 30.83 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई।

## संक्षिप्त ख़बरें

### रतन टाटा के निधन पर, क्या कह रहा दुनिया का मीडिया

लंदन (ईएमएस)। भारत के प्रतिष्ठित उद्योगपति रतन नवल टाटा का निधन हो गया, उनके निधन पर न केवल भारतीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शोक की लहर दौड़ गई है। रतन टाटा ने अपने बिजनेस करियर में एक अद्वितीय पहचान बनाई और उन्हें कई पुरस्कार मिले। उनके निधन की खबर भारत के साथ-साथ पाकिस्तान, अमेरिका और ब्रिटेन के प्रमुख अखबारों में प्रमुखता से छपी है।पाकिस्तानी अखबार ने लिखा है कि रतन टाटा ने कई हाई-प्रोफाइल अधिग्रहणों के जरिए एक मजबूत और विशाल भारतीय समूह को वैश्विक मंच पर स्थापित किया। उनकी मेहनत ने परिवार की विरासत को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया।ब्रिटिश अखबार ने रतन टाटा की मृत्यु को शीर्षक दिया हैः अरबपति जगुआर, लैंड रोवर और टेटली टाइकून रतन टाटा का 86 वर्ष की आयु में निधन। अखबार ने बताया कि रतन टाटा भारत के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे पहचाने जाने वाले कारोबारियों में से एक थे। टाटा समूह, जो जगुआर और लैंड रोवर का मालिक है, का वार्षिक राजस्व 100 बिलियन डॉलर से अधिक है।अमेरिकी अखबार ने रिपोर्ट में बताया कि रतन टाटा ने 1991 से 2012 तक कंपनी के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी रहते हुए मुनाफे को 50 गुना बढ़ाया। रतन टाटा का जन्म 1937 में एक पारसी परिवार में हुआ था और उन्होंने कॉर्नेल विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। 1962 में भारत लौटकर, उन्होंने अपने परिवार की कंपनी को संभाला, जिसे 1868 में उनके परदादा जमशेदजी टाटा ने स्थापित किया था।अरब जगत के मीडिया समूह ने रतन टाटा को इंडस्ट्री लीजेंड और नेशनल आइकन कहा है। अखबार ने लिखा है कि रतन टाटा एक लाइसेंस प्राप्त पायलट थे और अपने शांत व्यवहार और संयमित जीवनशैली के लिए प्रसिद्ध थे। बांग्लादेशी अखबार ने उन्हें भारत के सबसे सम्मानित बिजनेस दिग्गजों में से एक बताया, जिन्होंने अपने परिवार के उद्यम को एक वैश्विक समूह में बदलकर भारतीय अर्थव्यवस्था को गहराई से प्रभावित किया।

### इजराइली हवाई हमले में पांच स्वास्थ्यकर्मी मारे गए

बैरूत (ईएमएस)। दक्षिणी लेबनान के दरदघया शहर में एक लेबनानी असैन्य सुरक्षा केंद्र पर इजराइली हवाई हमले में पांच स्वास्थ्यकर्मी मारे गए। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता एली खैरल्ला ने यह जानकारी दी है।लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी घटना की पुष्टि कर कहा कि इजराइल ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों, मानदंडों और मानवीय समझौतों का उल्लंघन कर बचाव दल और एम्बुलेंस कर्मचारियों को निशाना बनाया है। खैरल्ला ने जानकारी दी कि मारे गए स्वास्थ्यकर्मियों में लेबनानी असैन्य सुरक्षा केंद्र के टायर रिजनल सेंटर के प्रमुख अब्दुल्ला अल-मौसावी भी शामिल हैं।

### ईरान पर इजराइली हमला घातक और चौंकाने वाला होगा!

तेल अवीव,(ईएमएस)। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के साथ बुधवार को फोन पर बात की। पिछले 50 दिनों में पहली बार दोनों नेताओं ने बातचीत की। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच ईरान के मिसाइल हमले का जवाब देने पर चर्चा हुई। इजरायल ने कहा कि उसका जवाबी हमला विनाशकारी होगा। लेकिन बाइडन ने ईरान के परमाणु या तेल उत्पादन स्थलों को टारगेट करने पर विरोध किया है। बाइडन से बात न होने तक नेतन्याहू ने अपने रक्षा मंत्री को अमेरिका जाने से रोका दिया था।इजराइल के रक्षा मंत्री ने बुधवार को कहा था कि ईरान पर उसकी ओर से किया जाने वाला हमला घातक और चौंकाने वाला होगा। उन्होंने कहा कि हाल में ईरान द्वारा किए गए मिसाइल हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा। इजराइली हमले से ईरान सकते में आ जाएगा। कोई विवरण दिए बिना रक्षा मंत्री ने कहा कि वे समझ नहीं पाएंगे कि क्या हुआ और कैसे हुआ। पिछले सप्ताह ईरान ने इजराइल पर कई मिसाइलें दागीं, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है जिसे लेकर पूरी दुनिया चिंतित है।बाइडन लंबे समय से नेतन्याहू के गाजा में युद्ध के साथ-साथ लेबनान में इजराइल की लड़ाई के तरीकों को लेकर निराश और नाराज हैं। साथ ही संघर्ष खत्म करने से जुड़ी रणनीति न अपनाने पर अफसोस जताया है लेकिन बुधवार को हुई बातचीत को व्हाइट हाउस ने डायरेक्ट और उत्पादक बताया और पीएमओ ने कहा कि बातचीत सकारात्मक रही। इस दौरान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी इस फोन पर चल रही बातचीत सुन रही थीं।व्हाइट हाउस ने ईरान के खिलाफ संभावित इजराइली जवाबी हमले पर अमेरिका के रुख के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। हालांकि बातचीत में बाइडन ने कहा था कि वह इजराइल को हर तरह से मदद दे रहे हैं। पीएमओ के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह नेतन्याहू को फोन किया और इजराइल की ओर से हिजबुल्ला के खिलाफ चलाए गए अभियानों के लिए उन्हें बधाई दी थी।

### ट्रंप ने पीएम मोदी की तारीफ की कहा, वे सबसे बेहतर इंसान हैं

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत का जिक्र करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के आने से पहले भारत में हर साल पीएम बदला जाता था। वहां बहुत ज्यादा अस्थिरता थी। इसके बाद वह आए। वह महान हैं। वह मेरे मित्र हैं। बाहर से वह ऐसे दिखते हैं, जैसे वह आपके पिता हैं। वह सबसे अच्छे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कॉमेडियन एंड्रयू शुल्ट्ज और आकाश सिंह के साथ फ्लैग्रैंट नामक पॉडकास्ट में ये बातें कहीं। 88 मिनट लंबे साक्षात्कार के लगभग 37 मिनट तक उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने संबंधों का जिक्र किया।ट्रंप ने आगे कहा कि हाउडी मोदी 2019 में टेक्सास के ह्यूस्टन में भारतीय समुदाय का एक कार्यक्रम था। एनआरजी स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ी और दोनों देशों के बीच संबंधों को दर्शाया गया। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग पागल हो रहे थे और हम घूम रहे थे।।हम उनके बीच में थे, हर किसी को हाथ हिला रहे थे। अभिनेत्री से राजनेता बनीं कंगना रनौत ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक पॉडकास्ट को अपने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर शेयर किया। इस पॉडकास्ट में ट्रंप ने पीएम मोदी को सबसे अच्छा इंसान बताते हुए उन्हें टोटल किलर करार दिया।सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पॉडकास्ट को शेयर करते हुए कंगना रनौत ने कैप्शन में लिखा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लैग्रैंट पॉडकास्ट में प्रधानमंत्री मोदी को सबसे अच्छा इंसान बताया, लेकिन साथ ही उन्हें टोटल किलर (ऐसे शख्स जो सफल हैं, आक्रामक हैं और किसी भी स्थिति से निपटने में पारंगत) बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक जवाबी कार्रवाई की धमकी देकर उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया, जब उन्होंने कहा कि हम उनसे निपट लेंगे, भारत ने सैकड़ों वर्षों से उन्हें हराया है। इसकी तुलना मुंबई में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की बेरुखी से करें।

### इटली ने हमास समर्थक इमाम जुल्फिकार को देश से बाहर किया

रोम,(ईएमएस)। इटली ने 54 साल के कट्टरपंथी इमाम जुल्फिकार खान को देश से निकालने का फैसला सुना दिया है। एक मामले से जुड़े आदेश पर 08 अक्टूबर को हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। इस संबंध में बताया जा रहा है कि जुल्फिकार एक पाकिस्तानी नागरिक है जो 1995 में इटली आए थे। उनकी कट्टरता को देखते हुए उन्हें देश से निकालने के साथ ही उनका निवास परमिट भी रद्द कर दिया गया है। सरकार द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है, कि 2023 की ठंड से जुल्फिकार खान के व्यवहार में वैचारिक कट्टरता और कट्टरपंथ की ओर झुकाव बढ़ा हुआ देखा गया था। उनके बयानों में पश्चिम विरोधी, यहूदी विरोधी, समलैंगिकता विरोधी और महिला विरोधी भावनाएं नजर आईं थीं। हद तो तब हो गई जब उन्होंने उसी देश के खिलाफ जहर उगलना शुरू कर दिया, जिसने उन्हें अपने यहां रहने का मौका दिया। यही नहीं एक बयान में मुस्लिमों को सरकार की ओर से लिए जा रहे टैक्स का विरोध करने को कहा गया। इसके लिए उन्होंने तर्क दिया था कि संसाधन मुस्लिम समुदाय के अंदर ही रहने चाहिए। समलैंगिकता को उन्होंने एक बीमारी बताया और इसके इलाज की बात कही। इसके अलावा इजरायल और हमास युद्ध शुरू होने के बाद उन्होंने नवंबर 2024 से अप्रैल 2024 के बीच कई आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर डाले। इसमें अमेरिकी, जर्मन, फ्रांसीसी, ब्रिटिश और इटालियन लोगों को नापाक जायोनीवादी का समर्थक बताया।इटली के अधिकारियों ने इसके साथ ही इमाम खान को उन विदेशियों के साथ जोड़ा जो इस्लामी आतंकी समूहों में शामिल थे। उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि वह बोलोग्ना क्षेत्र में राजनीतिक, धार्मिक और अर्धसैनिक संगठनों को घुसपैठ में मदद कर सकता है।

# फ्लोरिडा की तरफ बढ़ रहा तूफान मिल्टन

### 50 लाख लोगों से तटीय क्षेत्र छोड़ने की अपील



न्यूयॉर्क (ईएमएस)। फ्लोरिडा तूफान मिल्टन से निपटने की तैयारियों में लगा है। तूफान के अमेरिकी राज्य के पश्चिमी मध्य तट पर टाम्पा खाड़ी के पास पहुंचने का अनुमान है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सोमवार को फ्लोरिडा में आपातकाल की घोषणा को मंजूरी दे दी, जो अभी भी तूफान हेलेन के प्रभावों से उबर रहा है। बाइडेन ने जर्मनी और अंगोला की अपनी योजनाबद्ध यात्रा स्थगित कर दी और इसके बजाय फ्लोरिडा में तूफान मिल्टन की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया। फ्लोरिडा के पश्चिमी तट पर 50 लाख से अधिक निवासियों को घनी आबादी वाले तटीय क्षेत्र को छोड़ने की अपील की गई। यहां की एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में 20 से अधिक काउंटियों ने अनिवार्य और स्वैच्छिक निकासी आदेश जारी किए हैं। अधिकारियों ने निकासी आदेश के तहत आने वाले लोगों को सख्त चेतावनी दी है। अधिकारियों ने कहा कि जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाला तूफान मेक्सिको की पूर्वी खाड़ी से होकर फ्लोरिडा पहुंचेगा। इसका केंद्र फ्लोरिडा के पश्चिमी तट पर पहुंच सकता है। यूएस नेशनल वेदर सर्विस के राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने फ्लोरिडा निवासियों से अपनी तैयारी पूरी करने की अपील की है। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने एक्स पर लिखा, अब समय आ गया है कि आप अपने प्लान पर काम करें और अपने स्थानीय अधिकारियों से प्राप्त निकासी आदेशों का पालन करें। आपका घर फिर से बनाया जा सकता है, लेकिन हम तूफान में खोई हुई जान की भरपाई नहीं कर सकते। फ्लोरिडा आपातकालीन प्रबंधन प्रभाग ने एक्स पर चेतावनी देते हुए कहा कि तूफान के कारण तेज हवाएं, घातक तूफानी लहरें, बवंडर और भारी बारिश जैसी कई मौसमी समस्याएं उत्पन्न होने का डर है, इन समस्याओं के कारण पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति बाधित होने की आशंका है। फ्लोरिडा आपातकालीन प्रबंधन विभाग ने कहा कि राज्य के कुछ हिस्सों में उष्णकटिबंधीय तूफानी हवाएं चल सकती हैं, जिसका मतलब है कि गाड़ी चलाना या बाहर रहना असुरक्षित है। कई काउंटियों में फ्री शटल सेवा संचालित की जाएगी, जो लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद करेगी।

### एलन मस्क रोबोटैक्सी के अपने विजन का करेंगे खुलासा

नई दिल्ली : टेस्ला के सीईओ एलन मस्क बुधवार, 9 अक्तूबर को अपनी रोबोटैक्सी से पर्दा उठाने वाले हैं। इस मौके को बहुत खास बनाने के लिए वार्नर ब्रदर्स हॉलीवुड स्टूडियो को चुना गया है। रोबोटैक्सी मस्क की बहुत महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें बहुत देर हो चुकी है। यह एक ऐसी परियोजना है, जिसने इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता के स्टॉक में फिर से जान भर दी है। बावजूद इसके कि ईवी विकास की उम्मीदें कम हो रही हैं। मस्क ने कहा है कि टेस्ला के रोबोटैक्सी उत्पाद का नाम साइबरकैब है। यह वाहन का एक नया मॉडल होगा जो खुद ड्राइव कर सकता है और टेस्ला राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म पर काम कर सकता है। टेस्ला मालिकों को अपनी कारों को राइड-हेलिंग नेटवर्क पर ऑटोनॉनस कैब के रूप में डालकर पैसे कमाने की अनुमति भी देगा। जिसे उन्होंने "एयरबीएनबी और उबर का कंबिनेशन" बताया है।

## जापान में आम चुनाव की तैयारी पूरी, प्रधानमंत्री ने संसद के निचले सदन को किया भंग



टोक्यो (ईएमएस)। जापान में आम चुनाव की तैयारियां पूरी हो गई हैं। प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने संसद के निचले सदन को भंग कर दिया है, और उनका लक्ष्य अपनी पार्टी के लिए बहुमत हासिल करना है। हालांकि, इशिबा के सामने कई चुनौतियाँ भी हैं। एक समाचार एजेंसी के अनुसार आम चुनाव 27 अक्टूबर को होंगे, जबकि प्रचार अभियान 15 अक्टूबर से शुरू होगा। इशिबा ने 27 सितंबर को सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के अध्यक्ष पद का चुनाव जीता था और 1 अक्टूबर को एलडीपी के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा नियंत्रित संसद में प्रधानमंत्री के रूप में चुने गए। यह चुनाव 2023 के अंत में एलडीपी के राजनीतिक फंड घोटाले के सामने आने के बाद होने वाला पहला आम चुनाव है। पिछले सप्ताह संसद में अपनी पहली पॉलिसी स्पीच में इशिबा ने कहा था कि कई घोटालों के बाद राजनीति में जनता का भरोसा बहाल करने के लिए काम करना आवश्यक है। जनता के आक्रोश को देखते हुए, एलडीपी ने बुधवार को राजनीतिक निधि घोटाले में शामिल 12 सांसदों को आगामी चुनाव में आधिकारिक उम्मीदवार के रूप में समर्थन नहीं देने का निर्णय लिया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अधिकांश समय जापान में एलडीपी का शासन रहा है। पिछली बार पार्टी ने 465 सदस्यीय निचले सदन में 258 सीटें जीती थीं और यह कोमिटो के साथ गठबंधन में शासन कर रही थी, जिसके पास 32 सीटें थीं। मुख्य विपक्षी दल जापान की कॉन्स्टिट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी है, जिसका नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री योशीहिको नोडा कर रहे हैं। इस पार्टी ने पिछली बार 99 सीटें जीती थीं। चुनाव में एलडीपी के फंडिंग घोटालों के साथ-साथ राजनीतिक सुधार, मुद्रास्फीति और आर्थिक उपायों जैसे प्रमुख मुद्दे भी छाए रहने की उम्मीद है। विपक्षी दल एक-दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करने और एलडीपी के प्रभुत्व को कम करने पर जोर दे रहे हैं। इस चुनावी माहौल में, जापानी मतदाता अपनी राजनीतिक आकांक्षाओं और आकांक्षाओं को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार हैं, जिससे यह चुनाव विशेष महत्व रखता है।

## इजराइल-हमास जंग में गाजा की 60 फीसदी इमारतें बन गईं खण्डहर

### बर्बाद घरों को फिर से पहले जैसा बनाने में लग जाएंगे 80 साल



तेल अवीव,(ईएमएस)। इजराइल और हमास जंग एक साल से जारी है जिसमें गाजा की 60 फीसदी इमारतें बर्बाद हो चुकी हैं। इजराइल ने हमास को खत्म करने के लिए इन रिहायसी इलाकों को बर्बाद कर दिया है जो लाखों लोगों के घर थे। इजराइली सेना ने हवाई हमलों में सबसे ज्यादा असर खान यूनिस, गाजा सिटी और जबालिया को नुकसान पहुंचाया है।संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक गाजा पट्टी में जंग शुरू होने के बाद इस साल जून तक 39 मिलियन टन मलबा पैदा हुआ था। इसमें रेत, बिना फटे बम, एस्बेस्टस, खतरनाक पदार्थ और यहां तक कि लोगों के अवशेष भी शामिल हैं। एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि बर्बाद घरों को फिर से पहले जैसा बनाने में 80 साल लग जाएंगे। गाजा में रहने वाले लोगों के पास न तो समय है और न ही पैसा जो इसकी भरपाई कर सकें। दूसरी तरफ फसलों और खेतों के बर्बाद होने से भुखमरी का संकट पैदा हो गया है।खान यूनिस की 54 फीसदी इमारतें खंडहर हुईं गाजा दक्षिण में बसा एक सैकड़ों साल पुराना शहर है। खान यूनिस के लोगों का कहना है उनका शहर एक बर्बाद हो चुका है। वे जिन घरों में रहते थे उन्हें बुलडोजर से गिरा दिया गया है। हॉस्पिटल, स्कूलों को इजराइली तोपखाने ने मलबे में बदल दिया है। इजराइल का कहना है कि हमास के आतंकियों का सफाया करने के लिए इस तरह के हमले जरूरी हैं।खान यूनिस के अंदर मामलुक युग (1250-1517) की एक सिटाडेल दीवार बची है। एक साल पहले इस दीवार के नजदीक सिटाडेल स्क्वायर था। यहां दुकानदार मिठाई बेचा करते थे। इसी जगह पर 96 साल पुरानी ग्रैंड मस्जिद भी हुआ करती थी। अब यहां सिर्फ मलबा बिखरा पड़ा है।

## ईरान में थम्सअप का इशारा करने पर भडक सकते हैं लोग



तेहरान (ईएमएस)। क्या आपको मालूम है कि आप ईरान की यात्रा करते हैं और सार्वजनिक रूप से थम्सअप (अंगूठा ऊपर करने) का इशारा करते हैं, तो स्थानीय लोग भड़क सकते हैं या आपको नुकसान पहुंचाने के लिए दौड़ सकते हैं। इस पर आपकी पुलिस में शिकायत भी हो सकती है, और आप जेल भी जा सकते हैं। ईरान में थम्सअप से सामाजिक गलतफहमियां और टकराव उत्पन्न हो सकते हैं। इसलिए, अगर आप ईरान जा रहे हैं, तो वहां के अंगुलियों के इशारों के बारे में पूर्व जानकारी लेना बहुत जरूरी है। ईरान में लोग आमतौर पर हाथ के इशारों का इस्तेमाल नहीं करते हैं। यहां तक कि दो अंगुलियों से वी का निशान बनाना, जो आमतौर पर जीत या शांति का प्रतीक माना जाता है, यहां अश्लील इशारा समझा जाता है। किसी व्यक्ति की ओर अंगुली से इशारा करना भी असभ्य और आक्रामक माना जाता है, जबकि किसी वस्तु की ओर इशारा करना अधिक उचित समझा जाता है। ईरान सहित कई मध्य पूर्वी संस्कृतियों में बाएं हाथ को अशुद्ध माना जाता है।इसका इस्तेमाल किसी वस्तु को पास करने या अभिवादन के लिए करना अपमानजनक माना जा सकता है। किसी दूसरे की ओर हाथ बढ़ाना तिरस्कारपूर्ण अपमान का प्रतीक होता है। अफगानिस्तान में भी थम्सअप को अश्लीलता का संकेत माना जाता है, और इटली के कुछ हिस्सों में भी इसे अपमानजनक माना जा सकता है। हालांकि, यहां यह उतना गंभीर नहीं है जितना ईरान और अफगानिस्तान में। वियतनाम में अंगुलियों को क्रॉस करना अश्लीलता से जोड़ा जाता है, जबकि मलेशिया में तर्जनी से इशारा करना असभ्यता समझा जाता है। इसी प्रकार, फिलीपींस में हथेली को ऊपर करके इशारा करना अत्यधिक आपत्तिजनक माना जाता है।इसलिए, ईरान और अन्य देशों की यात्रा करते समय सांस्कृतिक संवेदनाओं का ध्यान रखना बहुत महत्वपूर्ण है, ताकि गलतफहमियों और विवादों से बचा जा सके। ईरान में थम्सअप का अर्थ मिडिल फिंगर दिखाने के समान अश्लीलता के रूप में लिया जाता है। यह केवल ईरान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि कई अन्य देशों में भी थम्सअप को अपमानजनक इशारा समझा जाता है। इस इशारे की जड़ें प्राचीन फ़ारसी संस्कृति में हैं, जहां इसे तिरस्कार की अश्लील अभिव्यक्ति के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। यह एक गैर-मौखिक तरीका है अपमान व्यक्त करने का, जो वैश्विक स्तर पर पाए जाने वाले अन्य अश्लील इशारों की तरह है।

### मिस्र के उत्तरी सिनाई में फिर से रेल सेवा शुरू करने की तैयारी

काहिरा (ईएमएस)। मिस्र के उत्तरी सिनाई में आधी सदी से भी अधिक समय बाद फिर से रेल सेवा शुरू होगी। यहां 100 किलोमीटर लंबे रेलमार्ग का ट्रायल ऑपरेशन शुरू हो चुका है। मिस्र के परिवहन और उद्योग मंत्री कामेल अल-वजीर ने कहा, इस लाइन के शुरू होने से सिनाई से अन्य प्रांतों तक लोगों और माल की आवाजाही आसान होगी, नए शहरी इलाकों और औद्योगिक क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा मिलेगा, उत्तरी सिनाई में आर्थिक परियोजनाओं को समर्थन मिलेगा।रिपोर्ट के अनुसार, अल-फरदान-बीर अल-अब्द लाइन सिनाई प्रायद्वीप में रेल संपर्क को आधुनिक बनाने और विस्तार देने के मकसद से एक बड़े प्रोजेक्ट का पहला चरण है। मिस्र के परिवहन और उद्योग मंत्रालय ने अल-फरदान को ताबा से जोड़ते हुए लाइन को करीब 500 किलोमीटर तक विस्तारित करने की घोषणा की। मिस्र एक व्यापक आर्थिक सुधार कार्यक्रम के हिस्से के रूप में अपने परिवहन बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए काम कर रहा है। 1973 के अरब-इजरायल युद्ध के बाद क्षेत्र में संघर्ष और सैन्य अभियानों के कारण सिनाई में ट्रेन सेवाएं काफी हद तक निलंबित कर दी गई थीं।बता दें 1973 अरब-इजरायल युद्ध को योम किप्पुर युद्ध, रमजान युद्ध, जैसे नामों से भी जाना जाता है। युद्ध के दौरान ज्यादातर लड़ाई सिनाई प्रायद्वीप और गोलान हाइट्स में हुई जिस पर 1967 में इजरायल ने कब्जा कर लिया था। कुछ लड़ाई मिस्र और उत्तरी इजरायल में भी हुई। युद्ध 6 अक्टूबर 1973 को शुरू हुआ, जब अरब गठबंधन ने यहूदी पवित्र दिन योम किप्पुर के दौरान इजरायल पर एक आश्चर्यजनक हमला किया। योम किप्पुर युद्ध को इस लिहाज से अहम माना जाता है कि इसके बाद अरब देश और इजरायल, दोनों ही पक्ष समझौतावादी रुख अपनाते दिखे। 1978 में कैंप डेविड समझौता हुए, जब इजरायल ने सिनाई प्रायद्वीप को मिस्र को वापस कर दिया और मिस्र-इजरायल शांति संधि हुई, जिसमें पहली बार किसी अरब देश ने इजरायल को मान्यता दी।

### विपक्ष का नेता बनने की दौड़ में केमी बेडेनोच और रॉबर्ट जेनरिक

लंदनः कंजर्वेटिव पार्टी का प्रमुख बनने की दौड़ में केमी बेडेनोच और रॉबर्ट जेनरिक का नाम उभरकर सामने आया है। इन दोनों में से एक ऋषि सुनक की जगह लेगा। दोनों नेता विपक्ष का नेता बनने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। पार्टी प्रमुख के लिए अंतिम दौर के मतदान में पूर्व विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली को हार का सामना करना पड़ा। उन्हें केवल 37 वोट मिले। जबकि बेडेनोच को 42 और जेनरिक को 41 वोट मिले। कंजर्वेटिव सांसद बॉब ब्लैकमेन ने बताया कि अब ये अंतिम दो उम्मीदवार पार्टी के सदस्यों के सामने जाएंगे और सदस्य अपने अगले नेता का चयन करेंगे। दोनों अंतिम उम्मीदवारों के बीच आप्रवासन में कटौती और भारतीयों के वीजा प्रतिबंध को लेकर गरमागरम बहसें हो चुकी हैं। पूर्व आप्रवासन मंत्री रॉबर्ट जेनरिक ने पहले भारत के लिए सभी श्रेणियों के वीजा के लिए सख्त प्रतिबंधों का समर्थन किया था। उनका कहना था कि भारतीय नागरिकों को तब तक सभी श्रेणियों कड़े प्रतिबंधों का सामना करना चाहिए, जब तक भारत अवैध रूप से ब्रिटेन में रह रहे भारतीयों को वापस नहीं ले लेता। वहीं, नाइजीरियाई मूल की बेडेनोच ने आरोप लगाया था कि जेनरिक भारत की समस्याओं को ब्रिटेन की सड़कों पर ला रहे हैं, जिससे अशांति पैदा हो रही है।

## इमरान ने संयुक्त राष्ट्र को लिखा पत्र



पाकिस्तान : पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने एक बार फिर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है। उन्होंने संविधान में संशोधनों को लागू करने के मौजूदा सरकार के फैसले के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र को एक पत्र लिखा है। उनका कहना है कि इस फैसले का उद्देश्य देश में न्यायिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों को खतरा पहुंचाना है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार अपने नियोजित संवैधानिक संशोधनों को लागू करने के लिए जरूरी संख्या जुटाने का प्रयास कर रही है। इसी पर इमरान खान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखा। साथ ही एडवर्ड फिट्जगेराल्ड केसी और तात्याना ईटवेल और जेनिफर रॉबिन्सन के माध्यम से न्यायाधीशों और वकीलों की स्वतंत्रता पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत मार्गरेट सैटरथवेट को एक तत्काल अपील भी दायर की है। दोनों को खान के परिवार द्वारा उनकी ओर से संयुक्त राष्ट्र में भागीदारी और अंतरराष्ट्रीय वकालत करने का निर्देश दिया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट के अधिकार को प्रभावित करना मकसद

इमरान खान के वकील फिट्जगेराल्ड केसी, ईटवेल और रॉबिन्सन ने दावा किया कि संविधान में किए गए बदलावों का उद्देश्य वास्तव में सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र को प्रभावित करना है और इससे देश में मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए मौजूदा सजा को मजबूत किया जाएगा।

### पहले भी लिख चुके हैं पत्र

यह पहली बार नहीं है जब इमरान खान ने पाकिस्तान के घरेलू राजनीतिक मामलों के बारे में किसी अंतरराष्ट्रीय निकाय को पत्र लिखा है। इससे पहले उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से आग्रह किया था कि वह आठ फरवरी के चुनाव का ऑडिट कराए। उन्होंने चुनावों में धांधली होने का आरोप लगाया था।

### पूर्व पीएम ने यह मांग की

संवैधानिक बदलावों का मकसद न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाना और एक संवैधानिक अदालत का गठन करना शामिल है, जिसका खान और उनकी पार्टी ने कड़ा विरोध किया है। संयुक्त राष्ट्र को लिखे पत्र में खान ने यह कहते हुए चिंता व्यक्त की है कि यह कानून कानून के शासन और पाकिस्तान के लोगों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करता है। अपील में संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत से मामले पर इस्लामाबाद को तत्काल संदेश जारी करने का भी आग्रह किया गया है।

### यह खतरा बताया

यूएन को लिखे अपने पत्र में खान ने कथित तौर पर कहा है कि संवैधानिक संशोधनों से सुप्रीम कोर्ट का अधिकार क्षेत्र एक नए संघीय संवैधानिक न्यायालय को मिल जाएगा, नए संघीय संवैधानिक न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का चयन एक नई नेशनल असेंबली समिति द्वारा किया जाएगा, जिसकी बैठकें निजी तौर पर होंगी। इससे न्यायिक नियुक्तियों में राजनीतिक हस्तक्षेप के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं और इसे न्यायिक स्वतंत्रता तथा सार्वजनिक जांच को कम करने के प्रयास के रूप में देखा जाता है।इमरान खान के इस कदम की सत्तारूढ़ पार्टी के राजनीतिक नेताओं ने कड़ी आलोचना की, जिन्होंने कहा कि खान के कार्य उनके व्यक्तिगत राजनीतिक लाभ के लिए पाकिस्तान की आर्थिक स्थिरता को खतरे में डाल देंगे।

### सात मोर्चों पर अकेले भिड़ रहा है इजरायल, नेतन्याहू ने जारी किया वीडियो

तेल अवीव(ईएमएस)।इजरायल ने दावा किया है कि वह 7 मोर्चों पर युद्ध लड़ रहा है और इस दौरान उस पर यमन, इराक, लेबनान और गाजा से लगातार हमले हो रहे हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को एक वीडियो बयान जारी कर लेबनान के लोगों को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने हिज़बुल्लाह की नई लीडरशिप के खात्मे का दावा किया। वहीं, इजरायली वायुसेना ने हिज़बुल्लाह के कई अंडरग्राउंड कमांड सेंटर्स को भी निशाना बनाया। इन हमलों के अलावा, इजरायल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरानी दूतावास के पास भी हमले किए हैं। इस बीच, हमास प्रमुख यह्या सिनवार ने बंधकों की रिहाई और युद्धविराम के लिए वार्ता का प्रस्ताव रखा है, जिसमें क़तर को मध्यस्थ बनाने की चर्चा हो रही है।नेतन्याहू ने कहा, हिज़बुल्लाह की क्षमताओं को नष्ट कर दिया गया है। हमने हसन नसरल्लाह के उत्तराधिकारी और उनके उत्तराधिकारी के भी उत्तराधिकारी को खत्म कर दिया है। इसके साथ ही, उन्होंने लेबनान के नागरिकों को आतंकवादियों को अपने देश से निकालने की चेतावनी दी। इस दौरान, इजरायल की सेना ने लेबनान में हिज़बुल्लाह के 115 ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसमें 6 वरिष्ठ कमांडरों समेत 50 आतंकियों के मारे जाने का दावा किया गया। इन कमांडरों में अहमद हसन नाजल, हुसैन तलाल कमाल, और अली अहमद इस्माइल जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

### भारत के विरोध के बाद ब्रिटेन में नगा खोपड़ी की नीलामी रुकी

ब्रिटेन : ब्रिटेन के एक नीलामी गृह ने बुधवार को अपने 'नगा मानव खोपड़ी' को 'लाइव ऑनलाइन बिक्री' की सूची से हटा लिया। उसने इस मुद्दे पर भारत के विरोध के बाद यह कदम उठाया। ऑक्सफोर्डशायर के टेस्ट्सवर्थ में स्वॉन नीलामी गृह के पास उसके 'द क्यूरियस कलेक्टर सेल, एंटीक्वेरियन बुक्स, मैनुस्क्रिप्ट्स एंड पेंटिंग्स' के तहत दुनियाभर से प्राप्त खोपड़ियों व अन्य अवशेषों का संग्रह है। 19वीं शताब्दी की सींग युक्त नगा मानव खोपड़ी, नगा जनजाति' को बिक्री के लिए सूची में लॉट नंबर 64 पर रखा गया था। इसकी बिक्री को लेकर नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने विरोध जताया था और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस बिक्री को रोकने में दखल की मांग की थी। रियो ने अपने पत्र में लिखा, ब्रिटेन में नगा मानव खोपड़ी की नीलामी के प्रस्ताव की खबर ने सभी वर्ग के लोगों पर नकारात्मक असर डाला है।

# इंग्लैंड के हैरी और रुट की पाकिस्तान के खिलाफ तूफानी बल्लेबाजी, कई रिकार्ड बने



मुल्तान (ईएमएस)। .इंग्लैंड के बल्लेबाजों हैरी ब्रुक और जो रुट ने यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में पाकिस्तान के गेंदबाजों की ऐसी पिटाई की जिसे वे भूल नहीं पायेंगे। इन दोनो के तूफानी खेल से इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी पहले पारी में 7 विकेट पर 823 रन बनो दिये। यह टेस्ट इतिहास का चौथा सबसे बड़ा स्कोर है। इसके अलावा 147 साल में ऐसी पिटाई किसी टीम की नहीं हुई है। इस मैच में एकसाथ कई रिकार्ड भी बने।

इंग्लैंड ने 7 विकेट पर 823 रन बनाकर पारी घोषित की। इंग्लैंड ने ये रन 150 ओवर में बनाए और उसका रन औसत 5.48 रहा। ये टेस्ट इतिहास में पहली बार है जब किसी टीम ने 150 से कम ओवर में 800 से ज्यादा रन बनाए हैं। पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ 7 गेंदबाजों को उतारा पर कोई भी नहीं चला। छह गेंदबाजों ने 100 से अधिक रन लुटा दिये। अबरार अहमद ने सबसे अधिक 174 रन दिये। ब्रूक ने इस मैच में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। उन्होंने 322 गेंद में 317 रन बनाए। यह पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी बल्लेबाज का सबसे तेज दूसरा तिहरा शतक है। इससे पहले भारत के वीरेंद्र सहवाग ने यहां 309 रन बनाये थे। वहीं रूट ने इस मैच में 262 रन बनाए। यह उनका छठा दोहरा शतक है। इसकी के साथ ही वह छह दोहरे शतक लगाने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गये। इंग्लैंड ने पाकिस्तान पर पहली पारी के आधार पर 267 रन की बढ़त बनाई है। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 556 रन बनाए थे.

टेस्ट इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर श्रीलंका के नाम है जो उसने 1997 में भारत के खिलाफ 6 विकेट पर 952 रन बनाकर बनाया था। वहीं सबसे बड़े स्कोर की इस सूची में इंग्लैंड का नाम दूसरे, तीसरे और चौथे नंबर पर है। इंग्लैंड की टीम ने साल 1938 में सात विकेट पर 903 रन और 1930 में 849 रन बनाये थे। वेस्टइंडीज टॉप-5 में पांचवें नंबर पर है। उसने 1958 में 3 विकेट पर 790 रन बनाए थे। ब्रूक और रूट ने मैच में 454 रन की साझेदारी की। यह यह चौथे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का विश्व रिकॉर्ड है।

## रुट ने छठा दोहरा शतक लगाकर सचिन, सहवाग के रिकार्ड की बराबरी की



मुल्तान (ईएमएस)। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रुट ने पाकिस्तान के खिलाफ दोहरा शतक लगाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। रुट का ये छठा दोहरा शतक था। इसी के साथ ही वह महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के छह दोहरे शतकों की बराबरी पर आ गये। रूट ने 305 गेंदों में 14 चौके लगाकर अपना दोहरा शतक पूरा किया। रूट के टेस्ट करियर का यह छठा दोहरा शतक है। इसके साथ ही उन्होंने सचिन के अलावा वीरेंद्र सहवाग के छह दोहरे शतक लगाने के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है। इन तीनों के अलावा केन विलियम्सन, रिकी पोंटिंग, जावेद मियांदाद, यूनिस खान, मर्वन अतापट्टू ने भी अपने टेस्ट करियर में 6-6 दोहरे शतक लगाए थे। वहीं विराट कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 7 दोहरे शतक लगाए हैं। इस तरह रूट ने कोहली से भले ही ज्यादा रन और ज्यादा शतक बनाए हों पर दोहरे शतक के मामले में वह अभी भी पीछे हैं। विराट कोहली ने 115 टेस्ट मैचों में 29 शतक की मदद से 8947 रन बनाए हैं जबकि रूट ने 147 टेस्ट में 35 शतक की बदौलत 12 हजार से अधिक रन बनाये हैं।

## इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने पाकिस्तान के खिलाफ तिहरा शतक लगाया



मुल्तान (ईएमएस)। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन तिहरा शतक लगाकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही हैरी टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक जड़ने वाले इंग्लैंड के छठे बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले लेन हटन, वैली हैमंड, ग्राहम गूच, एंडी सैंडहम और जॉन एडरिक ने तिहरे शतक लगाये थे। ये तिहरा शतक 34 साल बाद आया है। इससे पहले साल 1990 में इंग्लैंड के किसी खिलाड़ी ने टेस्ट में अंतिम बार तिहरा शतक लगाया था।

मैच के 143.3 वें ओवर में सैम अयूब की गेंद पर चौका लगाकर हैरी ने अपना तिहरा शतक पूरा किया। शतक पूरा करने के साथ ही हैरी ने आसमान की ओर देखते हुए ड्रेसिंग रूम की तरफ बल्ला उठाने के बाद अपनी दिवंगत दादी पॉलीन को याद किया। हैरी ने 322 गेंदों पर 29 चौकों और 3 छक्कों की सहायता से 317 रन बनाए जिससे इंग्लैंड ने सात विकेट पर 823 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। ये तीसरी बार है जब इंग्लैंड की टीम ने टेस्ट में तीसरी बार 800 से अधिक रन बनाये हैं। हैरी हालांकि सबसे तेज तिहरे शतक का भारत के वीरेंद्र सहवाग का रिकार्ड नहीं तोड़ पाये।

## हैदराबाद में खेला जाएगा भारत-बांग्लादेश तीसरा टी20

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच तीसरा टी20 मुकाबला 12 अक्टूबर को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम सीरीज में 2-0 से आगे है और वह इस मैच में जीत दर्ज कर सीरीज में क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने ग्वालियार और दिल्ली में हुए दोनो मुकाबले जीते हैं। तीसरे मैच के लिए दर्शकों में जबरदस्त आकर्षण है। ऐसे में टिकटों की खासी मांग है पर जिन्हें टिकट नहीं मिले वे निराश नहीं हों। तीसरे टी20 की लाइव स्ट्रीमिंग भी होगी। इसके अलावा प्रशंसक इस मैच को ओटीटी में भी देख सकते हैं। ये मैच शाम 7 बजे से शुरु होगा

टीम इस प्रकार है : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और मयंक यादव।

## धोनी से सीखा कठिन हालातों में शांत बने रहना : रिंकू

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम की बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी20 में मिली जीत में अहम भूमिका निभाने रिंकू सिंह ने कहा है कि इस प्रकार के हालात में खेलना उन्होंने पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को देखकर सीखा है। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में दबाव के हालातों में आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले रिंकू और नितीश रेड्डी ने शतकीय साझेदारी बनायी। इस दौरान रिंकू ने अपने टी20 करियर का तीसर अर्धशतक लगाया। रिंकू ने कहा कि मैं कठिन हालातों में शांत रहने का प्रयास करता हूं यह मेरे लिए स्वाभाविक है क्योंकि मैं लंबे समय से इस स्थान पर खेल रहा हूं। मैं उसी हिसाब से अभ्यास भी करता हूंइसके अलावा मैंने धोनी से भी इस बारे में काफी बात की है जिससे भी मुझे सहायता मिली। उन्होंने कहा कि जब भी आप 3 से 4 विकेट खो देते हैं तो आपको आत्मविश्वास की जरूरत होती है। वहीं, नीतीश कुमार के साथ साझेदारी पर उन्होंने कहा कि हम सिर्फ साझेदारी बनाना चाहते थे क्योंकि विकेट थोड़ा धीमा था। हमारी सोच थी कि स्ट्राइक रोटेट करें और खराब गेंदों पर शॉट लगायें।वहीं, प्लेयर ऑफ द मैच नितीश रेड्डी ने कहा कि भारत का प्रतिनिधित्व करके बहुत अच्छा लग रहा है, इस पल पर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। हर चीज के लिए आभारी हूं। मुझे कप्तान और कोच को श्रेय देना चाहिए। उन्होंने मुझे निडर क्रिकेट खेलने को कहा।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रूट और स्टोक्स को शामिल करें : मोर्गन

मुंबई (ईएमएस)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि इंग्लैंड को अगले साल पाकिस्तान में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जो रूट और ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को शामिल करना चाहिये। रूट और स्टोक्स ने साल 2023 में भारत में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के बाद से ही एकदिवसीय प्रारुप में नहीं खेला है। ये दोनों खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की सीरीज में भी नहीं खेल पायेंगे। स्टोक्स चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में हुई एकदिवसीय सीरीज में भी नहीं खेल पाये थे। तब उनकी टीम 3-2 से हार गई थी। वहीं दूसरी ओर रुट को श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बीच आराम दिया गया था। मॉर्गन ने कहा, मैं युवा खिलाड़ियों का समर्थन करके खुश हूं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में हुई सीरीज में उन्होंने बेहतर प्रदर्शन किया पर जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड, बेन स्टोक्स और जो रूट के बिना टीम पूरी नहीं हो सकती। साथ ही कहा कहा, स्टोक्स पहले ही कह चुके हैं कि उन्हें अभी तक बाज से कोच से खेलने को लेकर कोई संदेश नहीं मिला है। अगर संदेश मिलता है तो वह पक्के तौर पर खेलना चाहेंगे। मेरा मानना है कि उनके उतरने से हमारी जीत की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। युवा खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी सीरीज में खेल रहे हैं और फिर फरवरी में यहां भारत से खेलेंगे। ऐसे में आपके सामने अवसर है। जब बड़े नाम वापस आ जाएंगे तो यह अवसर जल्दी ही खत्म हो सकता है।

## मुझे निडर होकर खेलने कहा गया था : नितीश रेड्डी

नई दिल्ली (ईएमएस)। नितीश रेड्डी की आक्रामक बल्लेबाजी से भारतीय टीम ने दूसरे टी20 मुकाबले में बांग्लादेश को आसानी से हरा दिया। इस प्रकार भारतीय टीम ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में युवा बल्लेबाज नितीश ने जमकर छक्के लगाये और 74 रन की अहम पारी खेली। नितीश ने कहा कि उससे निडर होकर खेलने का कहा गया था और उसने वही किया। साथ ही कहा कि टीम की जीत में योगदान देकर वह बेहद खुश है। नितीश ने मैच के बाद कहा, ''भारत का प्रतिनिधित्व करके बहुत अच्छा लगता है. इस पल पर बहुत गर्व महसूस होता है! हर चीज के लिए आभारी हूं! मुझे कप्तान और कोच को श्रेय देना चाहिए।

# नडाल अगले माह डेविस कप फाइनल के बाद संन्यास लेंगे



मैलागा (ईएमएस)। स्पेन के टेनिस स्टार राफेल नडाल ने खेल से संन्यास की संन्यास की घोषणा कर दी है। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडान ने कहा है कि वह इस सत्र के बाद खेल को अलविदा कह देंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रहे नडाल का अंतिम मुकाबला अगले माह मैलागा में होने वाला डेविस कप फाइनल रहेगा। 38 साल के नडाल ने एक वीडियो संदेश में कहा कि खेल के कारण अब उनके शरीर पर विपरीत प्रभाव पड़ने लगा है और वह थकान का अनुभव करने लगे हैं। संन्यास की घोषणा करते हुए नडाल ने कहा, जीवन में हर चीज की शुरुआत और अंत होता है। मुझे लगता है कि यह एक ऐसे करियर को समाप्त करने का सही समय है जो मेरी कल्पना से कहीं अधिक लंबा और सफल रहा। उन्होंने कहा, मैं इससे खुश हूं कि मेरा अंतिम टूर्नामेंट डेविस कप का फाइनल होगा, जिसमें मैं अपने देश की ओर से खेलूंगा। एक पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में मेरी पहली खुशियों में से एक 2004 में डेविस कप फाइनल था जो मुझे आज भी याद है। नडाल को पेरिस ओलंपिक में रजत पदक मिला था। वह एकल टूर्नामेंट में सर्बिया के नोवाक जोकोविच से हार गये थे। पेरिस ओलंपिक के बाद से ही वह खेल से दूर बने हुए हैं।

## भारतीय अंडर-19 टीम ने दूसरे यूथ टेस्ट में भी ऑस्ट्रेलिया को हराया

चेन्नई (ईएमएस)। हरवंश पांगलिया और अनमोलजीत सिंह के शानदार प्रदर्शन से भारतीय अंडर-19 टीम ने दूसरे यूथ टेस्ट में भी ऑस्ट्रेलियाई जूनियर टीम को एक पारी और 120 रनों से हरा दिया। . भारतीय टीम की ओर से हरवंश ने 117 रन बनाये जबकि अनमोलजीत ने 9 विकेट लिए।

अंडर-19 भारतीय टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा यूथ टेस्ट चेन्नई में खेला गया. भारत ने मैच में पहले बल्लेबाजी की। भारतीय टीम ने हरवंश पांगलिया 117 और नित्या पंड्या 94 की अच्छी पारियों से 492 रन बनाए। कप्तान सोहम पटवर्धन 63, निखिल कुमार 61 ने भी अच्छा योगदान दिया। . भारतीय गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया और ऑस्ट्रेलियाई अंडर-19 टीम को पहली पारी में 277 रन पर ही रोक दिया। इसके बाद फॉलोआन खेलते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम 95 रन पर ही आउट हो गयी। इस तरह भारतीय टीम ने ये मैच एक पारी व 120 रन से जीत लिया। भारतीय टीम की ओर से ऑफ स्पिनर अनमोलजीत सिंह ने पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए।

## एचआईएल से नई प्रतिभाएं सामने आयेंगी: सलिमा टेटे

बेंगलुरु (ईएमएस)। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने एक बार फिर से हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की शुरुआत पर खुशी जतायी है। सलीमा ने कहा कि इस लीग से युवा खिलाड़ियों को तराशने में सहायता मिलेगी। इससे टीम के पास बैकअप के तौर पर कई अच्छी खिलाड़ी उपलब्ध होंगी। इस साल के अंत में शुरू होने वाली इस बहुप्रतीक्षित लीग की सात साल बाद वापसी हो रही है। हॉकी इंडिया ने एचआईएल में महिलाओं की अलग स्पर्धा पहली बार आयोजित करना तय किया है। ये पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी। यह लीग 28 दिसंबर से एक फरवरी तक दो आयोजन स्थलों रांची और राउरकेला में खेली जाएगी। पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ तो महिलाओं की प्रतियोगिता में छह टीमें भाग लेंगी।

सलीमा ने कहा, 'मैं एचआईएल की शुरुआत को लेकर बेहद उत्साहित हूं, यह सात साल बाद दोबारा शुरू हो रहा है और इस बार इसमें महिला लीग भी है। पूरी टीम पिछले कुछ दिनों से इस बात पर बात कर रही थी। इसमें हमें अलग-अलग देशों के खिलाड़ियों से मिलने, उनके साथ खेलने का अवसर मिलेगा। इससे हम अपने प्रदर्शन में सुधार ला सकेंगे। उन्होंने साथ ही कहा, 'इससे युवा खिलाड़ियों को खेल को बेहतर समझने का मौका मिलेगा। करियर की शुरुआत में ही दबाव वाले पेशेवर माहौल में खेलने से उन्हें बेहतर अनुभव मिलेगा। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि एचआईएल टीम से बाहर रहने वाले खिलाड़ियों को भी बेहतर प्रदर्शन कर अपनी दावेदारी पेश करने का अवसर देगा। इस लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक होगी। इसमें सभी फ्रैंचाइजी को 24 खिलाड़ियों वाली टीम बनानी होगी जिसमें कम से कम 16 भारतीय चार जूनियर खिलाड़ी रखना अनिवार्य रहेगा। इसके अलावा आठ विदेशी खिलाड़ी शामिल रहेंगे। सलीमा ने कहा, 'नीलामी जल्द ही होने वाली है और शिविर में इसे लेकर काफी हलचल है। यह पहला सत्र है इसलिए मैं रांची टीम के लिए ही खेलना पसंद करूंगी।

# विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ कैच छोड़ना भारी पड़ा : तस्कीन




नई दिल्ली (ईएमएस)। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने भारतीय टीम के खिलाफ दूसरे टी20 क्रिकेट मुकाबले में मिली हार पर निराशा जतायी है। तस्कीन ने कहा कि हमने इस मैच में जो कैच छोड़े वे हमें भारी पड़ गये। साथ ही कहा कि कैच छोड़ना हमेशा नुकसानदेह होता है वो भी जब विश्वकप की सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ छोड़ा जाये तो हार से बचना संभव नहीं होता। उनकी टीम ने इस मैच में सबसे अधिक रन बनाने वाले नितीश रेड्डी के कैच छोड़े थे।

इस इस तेज गेंदबाज का मानना है कि भारतीय टीम किसी भी प्रकार के हालातों में आक्रामक बल्लेबाजी कर सकती है। साथ ही कहा कि बल्लेबाजी की अपनी कमजोरियों के कारण हमें हार का सामना करना पड़ा है। बांग्लादेश को अब तक हुए दोनो ही टी20 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। तस्कीन ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं, न केवल अपने घरेलू हालात में बल्कि विदेशी धरती पर भी। उनके पास हमसे अधिक अनुभवी और बेहतर खिलाड़ी हैं। उनकी टीम ने पावरप्ले के अंदर शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों को आउट कर मैच में दबाव बनाने का प्रयास किया था पर भारत के नितीश रेड्डी और रिंकू सिंह की जोड़ी ने अपनी बल्लेबाजी से मैच पलट दिया। तस्कीन ने कहा, पावरप्ले में हमने अच्छा प्रदर्शन किया पर अंत में उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की जिससे मैच हमारे हाथ से निकल गया। आम तौर पर, हमारे पास इस तरह के खराब दिन नहीं होते, लेकिन टी20 में किसी भी दिन कुछ भी हो सकता है। उन्होंने कहा, ओस के कारण स्पिनर अच्छा प्रदर्शन नहीं पाए। हम 11वें या 12वें ओवर तक खेल में थे और इस विकेट पर, अगर हमने उन्हें 180 रन से कम पर रोक दिया होता, तो यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता था।

वहीं कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने पहले स्वीकार किया था कि उनकी टीम लगातार 180 या उससे अधिक रन बनाने के लिए संघर्ष करती है और तस्किन का मानना है कि यह चल रही कठिनाई घरेलू स्तर पर गुणवत्ता वाली पिचों पर उनके अनुभव की कमी से आई है। उन्होंने कहा, वे नियमित रूप से 180 से 200 रन बनाते हैं। हमारे लिए घरेलू मैदान पर 130-40 है। हमें बड़े स्कोर आदत नहीं है और यही वास्तविकता है।

# चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल लाहौर से स्थानांतरित होने की रिपोर्ट गलत : पीसीबी




लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल किसी भी हाल में स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। पीसीबी ने कहा कि फाइनल तय कार्यक्रम के अनुसार लाहौर में ही होगा। वहीं गत दिवस आई एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारतीय टीम के कारण फाइनल यूएई में खेला जाएगा। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि अगर भारत फाइनल के लिए क्वालीफाई करता है, तो दोनों देशों के बीच चल रहे राजनीतिक तनाव के कारण मुकाबले को दुबई में रखा जा सकता है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि फाइनल के अलावा, सेमीफाइनल को भी स्थानांतरित किया जा सकता है। गौरतलब है कि भारतीय टीम ने सुरक्षा कारणों से जुलाई 2008 के बाद से ही पाक का दौरा नहीं किया है। दोनो ही देशों के बीच राजनीतिक संबंध भी तनावपूर्ण हैं। ऐसे में सरकार टीम को पाक भेजने का खतरा मौल नहीं ले सकती है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से भारतीय बोर्ड अपने मैच स्थानांतरित करने को कह सकता है। वहीं पीसीबी का मानना है कि ऐसा नहीं होगा। पाक बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी की पूरी मेजबानी अपने यहां करने की पुष्टि करते हुए कहा, दोनो सरकारों के बीच चल रहे राजनीतिक तनाव के बावजूद, पीसीबी एक सफल और निर्बाध टूर्नामेंट सुनिश्चित करने के अपने रुख पर कायम है। पीसीबी के प्रवक्ता ने कहा, ऐसी रिपोर्ट में कोई सच्चाई नहीं है, जिसमें कहा गया है कि चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल पाक से बाहर आयोजित किया जा सकता है। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी लगन से काम कर रहे हैं कि टूर्नामेंट की सभी तैयारियां सही हों और हमें पूरा भरोसा है कि एक यादगार आयोजन की मेजबानी करने में हम सक्षम रहेंगे। इस समय तक आयोजन स्थल में किसी भी बदलाव के बारे में आईसीसी की ओर से हमारे पास कोई जानकारी नहीं आई है।

# महिला टी20 विश्वकप : भारतीय टीम ने श्रीलंका को हराकर सेमीफाइनल के लिए दावेदारी की



शारजाह (ईएमएस)। भारतीय टीम ने टी20 महिला विश्व कप में श्रीलंका को हराकर अपना दूसरा मैच जीता है। इसी के साथ ही भारतीय टीम के सेमीफाइनल में प्रवेश की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। भारतीय टीम ने इस मैच में तीसरे मैच में शानदार खेल दिखाते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 172 रन बनाए।कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तेजी से 52 रन की पारी खेली। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम 19.5 ओवर में 90 रन ही बना पायी।

इस प्रकार भारतीय टीम ने ये मैच 82 रनों से जीत लिया। इस जीत के बाद भारतीय टीम अंक तालिका में ग्रुप ए में दूसरे नंबर पर पहुंच गयी है।

भारती टीम को पहले मैच में न्यूजीलैंड से हार मिली थी पर इसके बाद उसने पाकिस्तान और श्रीलंका को हराकर सेमीफाइनल के लिए अपनी दावेदारी पक्की कर ली है। अब भारत को सेमीफाइनल के लिए एक मैच और जीतना है। भारतीय टीम एक समय पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 102 रन पर आउट होने के कारण से ग्रुप ए की अंक तालिका में नीचे पहुंच गई थी पर लगातार दो जीत उसमें भी श्रीलंका पर बड़ी जीत के बाद अब भारतीय टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर भी पहुंच गया है। वहीं पाकिस्तान तीसरे जबकि न्यूजीलैंड तीसरे नंबर पर है। लगातार हार के बाद श्रीलंका सबसे नीचे है।

भारतीय टीम ने इस आईसीसी टी20 विश्व कप में सबसे बड़ा स्कोर बना डाला. श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मैच में कप्तान हरमनप्रीत कौर की तूफानी 27 बॉल पर खेली 52 रन की पारी के दम पर भारत ने 9 विकेट पर 172 रन बनाया. साउथ अफ्रीका ने स्कॉटलैंड के खिलाफ दुबई में 5 विकेट पर 166 रन बनाए थे. श्रीलंका को भारत ने 90 रन पर ऑलआउट कर 82 रन से जीत दर्ज की. यह टी20 इंटरनेशनल में इस टीम के खिलाफ भारत की रन के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है.

# दशहरे पर सिक्किम में सेना के जवानों के संग शस्त्र पूजा करेंगे रक्षामंत्री!

नई दिल्ली(ईएमएस)। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ बीते चार वर्ष से अधिक समय से जारी एलएसी विवाद के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस सप्ताह शनिवार को बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार यानी दशहरा भारत की पूर्वी सीमा पर सिक्किम में तैनात सेना की 17वीं इन्फेंट्री डिवीजन के जवानों के साथ मनाएंगे। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री 11से 12 अक्टूबर तक सिक्किम की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे।

गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राजधानी दिल्ली के बाहर सीमाई इलाकों में देश की सुरक्षा में चौबीसों घंटे तैनात सेना के जवानों के साथ दशहरा का त्योहार मनाएंगे और शस्त्र पूजा करेंगे। पिछले साल 2023 में रक्षा मंत्री



ने अरूणाचल प्रदेश के तवांग में सेना के जवानों के साथ दशहरा का त्योहार मनाया था।

वहीं, 2020 में भारत और चीन की सेनाओं के बीच एलएसी विवाद की शुरुवात के करीब छह महीने बाद भी रक्षा मंत्री सिक्किम की यात्रा पर गए थे और उन्होंने वहां सेना के जवानों के साथ विजयदशमी का त्योहार मनाया था।

इस बार की यात्रा के दौरान सिक्किम में चीन से लगे इस संवेदनशील सीमाई इलाके की सुरक्षा में तैनात सेना की 33वीं कोर के वरिष्ठ अधिकारी रक्षा मंत्री को जमीनी सुरक्षा हालात के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान रक्षा मंत्री के साथ सिक्किम की यात्रा में उनकी अगुवाई कर सकते हैं।

## बम के साथ आतंकी हैं अलर्ट के बाद ट्रेन में मचा हड़कंप

प्रयागराज(ईएमएस)। गुरुवार को यहां रेलवे को अलर्ट किया गया था कि कुछ संदिग्ध आतंकी विस्फोटकों के साथ पुरूषोत्तम एक्सप्रेस में सफर कर रहे हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश के टूंडला रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन को तीन घंटे से अधिक समय तक रोक दिया गया था। हालांकि, एक एक्स यूजर से मिली ये जानकारी झूठी निकली, क्योंकि लगभग 2.30 बजे से सुबह 6 बजे तक की गई गहन जांच के बाद ट्रेन में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। प्रयागराज रेल डिवीजन के एक अधिकारी ने कहा, लगभग 2.30 बजे, सभी कोचों में सभी यात्रियों को जगाया गया और उनके सामान की मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वॉड से गहन जांच की गई, लेकिन कुछ भी नहीं मिला।उन्होंने आगे कहा, हमें एक एक्स हैंडल से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध आतंकवादी विस्फोटकों के साथ ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं, जिसे वे एयर इंडिया की दिल्ली-लेह फ्लाइट में रखेंगे। हमने कार्रवाई शुरू की लेकिन यह एक अफवाह निकली। हाल में राजस्थान की राजधानी जयपुर के हवाई अड्डे पर कोई अलर्ट नहीं बल्की सीधे बम की धमकी आई थी। यहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को एक ईमेल मिला। इसमें कुछ ऐसा था कि बल तुरंत अलर्ट हो गया।ये एक धमकी भरा ईमेल था जिसमें जयपुर के दो होटलों को भी बम से उड़ाने की बात कही गई थी। हालांकि पुलिस ने कहा कि जांच में बातें झूठी निकलीं।

## बीजेपी ने कनॉट प्लेस की जलेबी कैश ऑन डिलीवरी के साथ राहुल गांधी को भेजी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। हरियाणा में जीत की हैट्रिक लागने के बाद बीजेपी ने जमकर जश्न मनाया और इस दौरान बीजेपी की हरियाणा इकाई ने राहुल गांधी से मजाक किया। बीजेपी ने दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित एक स्टोर से एक किलो जलेबी का ऑर्डर दिया। ऑर्डर पाने वाले का पता 24, अकबर रोड, राष्ट्रीय कांग्रेस मुख्यालय डाला गया। ऑर्डर पाने वाले का नाम लिखा गया- राहुल गांधी के लिए जलेबी। इसमें सबसे मजे वाली बात यह थी कि पेमेंट ऑप्शन में कैश ऑन डिलीवरी सेलेक्ट किया गया था। हरियाणा बीजेपी ने ऑर्डर की डीटेल का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर शेयर किया और लिखा- बीजेपी हरियाणा के सभी कार्यकर्ताओं की ओर से राहुल गांधी के घर जलेबी भेजी गई है।

राहुल गांधी को बीजेपी ने जलेबी यूं ही नहीं भेजी, इसके पीछे की वजह है। राहुल गांधी ने हरियाणा के गुहाना में एक स्थानीय दुकान से जलेबी का स्वाद चखने के बाद इसे चुनावी मुद्दा बना दिया था। उन्होंने सुझाव दिया था कि जलेबी का उत्पादन फैक्ट्री और औद्योगिक स्तर पर किया जाना चाहिए, जिससे यह भारत और दुनिया के सभी कोनों तक पहुंच सके लेकिन यह सुझाव बीजेपी को पसंद नहीं आया, जिसने राहुल गांधी को ट्रोल करते हुए कहा कि जलेबी की फैक्ट्रियां नहीं होती है।

हरियाणा चुनाव जीतने के बाद बीजेपी ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाना नहीं भूली। सबसे पसंदीदा मिठाई जलेबी थी। राजस्थान के सीएम और बीजेपी नेता भजनलाल शर्मा ने एक कदम आगे बढ़कर जलेबी बनाने की कोशिश भी की थी। बता दें 8 अक्टूबर को मतगणना के दिन जब चुनाव नतीजे आने थे तब बीजेपी लगातार तीसरी बार हरियाणा की सत्ता पर काबिज होने के रास्ते साफ होने लगे, तो सोशल मीडिया पर जलेबी ट्रेंड करने लगी थी।

## भारत ने अपना रतन खो दिया, मुंबई पुलिस का ट्वीट हो रहा वायरल

मुंबई, (ईएमएस)। भारतीय उद्योग जगत का अंतरराष्ट्रीय चेहरा रतन टाटा का बुधवार रात मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। रतन टाटा ने एक व्यक्ति और एक उद्यमी के रूप में जीवन के कई नए मानक स्थापित किए हैं। उनके निधन के बाद सामाजिक, राजनीतिक और उद्योग जगत की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। मुंबई रतन टाटा का जन्मस्थान है। टाटा परिवार के अन्य सदस्यों की तरह रतन टाटा का भी मुंबई से खास रिश्ता था। इसी के मद्देनजर रतन टाटा के निधन के बाद मुंबई पुलिस ने ट्वीट किया है। ये ट्वीट इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मुंबई पुलिस के क्रिएटिव ट्वीट्स अक्सर चर्चा में रहते हैं। अब रतन टाटा के निधन के बाद मुंबई पुलिस के ट्विटर हैंडल से किया गया ट्वीट इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है। इस ट्वीट में एक इमेज बनाई गई है। छवि में टाटा इंडस्ट्रीज का एक बड़ा लोगो और उससे बाहर निकलता एक व्यक्ति दिखाई दे रहा है। तस्वीर के नीचे टाटा, लीजेंड लिखा हुआ है। इस ट्वीट के साथ भारत ने अपना रतन खो दिया कैप्शन लिखा है। रतन टाटा का पिछले कुछ दिनों से मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में इलाज चल रहा था। अभी दो दिन पहले ही रतन टाटा की हालत चिंताजनक होने की जानकारी सामने आई थी. लेकिन फिर रतन टाटा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मेरी हालत ठीक है और मैं कुछ मेडिकल टेस्ट के लिए अस्पताल आया हूं। हालांकि, बुधवार को रतन टाटा की तबीयत बिगड़ गई और देर रात उनका निधन हो गया।

## दिवाली व छठ में बिहार और पूर्वी यूपी के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रेलवे ने दिवाली और छठ पूजा में बिहार व पूर्वी उत्तर प्रदेश जाने वालों को किसी भी तरह से असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए शाही ठाठ वाली दो ट्रेनों को चलाने की घोषणा कर दी है। उत्तर रेलवे द्वारा चलाई जाने वाली दो ट्रेनों में तुरंत रिजर्वेशन करा सकते हैं, कंफर्म टिकट मिल जाएगा। उत्तर रेलवे के एक मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि दिवाली के दौरान लोगों को सुविधाजनक सफर कराने के लिए स्पेशल वंदेभारत एक्सप्रेस और स्पेशल तेजस चलाने की घोषणा की गयी है। वंदेभारत एक्सप्रेस दिल्ली से पटना और तेजस एक्सप्रेस लखनऊ से छपरा के बीच चलेगी. बीच में कई स्टेशनों में इनका ठहराव होगा। इनका शेड्यूल जारी कर दिया गया है। यह ट्रेन दिल्ली और पटना दोनों ओर से से चार-चार फेरे लगाएगी। ट्रेन (नंबर 02252) 30 अक्टूबर, 1, 3 और 4 नवंबर को रवाना होगी। वहीं पटना से (नंबर 02252) 31 अक्तूबर, 2, 4 और 7 नंवबर को रवाना होगी। बीच में यह ट्रेन कानपुर, प्रयागराज जंक्शन, दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा रुकते हुए चलेगी।यह ट्रेन लखनऊ और छपरा दोनों ओर से 13-13 फेरे लगाएगी। लखनऊ से ट्रेन (02270) 25 अक्तूबर से 8 नवंबर तक ( 29 अक्टूबर व 5 नवंबर को छोड़कर) चलेगी। वहीं छपरा से (02269) भी इसी तरह चलेगी। यह ट्रेन बीच में सुल्तानपुर, वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, सुरैमनपुर रुकते हुए सफर पूरा करेगी। दोनों ट्रेनें दोनों में आठ-आठ चेयरकार कोच होंगे। ये ट्रेनें दिवाली और छठ पूजा के दौरान ही चलेंगी। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

राजा भैया ने रचा था चक्रव्यूह, कैसे मिल गई क्लीन चिट, जियाउल हक के पिता ने उठाए सवाल

लखनऊ(ईएमएस)। प्रतापगढ़ में हुए सीओ जियाउल हक हत्याकांड में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने सभी 10 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। सजा के ऐलान पर जियाउल हक के माता-पिता ने खुशी तो जाहिर की, लेकिन मामले में कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को क्लीन चिट मिलने पर निराशा भी व्यक्त की। सीओ जियाउल हक की मां ने कहा कि जैसे वह अपने बेटे की याद में तड़प रही हैं, वैसे ही जिन लोगों को सजा हुई है उनके परिजन तड़पेंगे। जियाउल हक के पिता शमशुल हक और उनकी मां हाजरा खातून ने कहा कि हम सीबीआई कोर्ट के फैसले से संतुष्ट हैं, लेकिन जिसने (राजा भैया) इस पूरी वारदात का चक्रव्यूह रचा उसके बचने का मलाल भी है। उन्होंने कहा कि 11 साल बाद काफी देर से फैसला आया है, लेकिन ठीक फैसला आया है। आज अगर हमारा लड़का (जियाउल हक) होता तो हम लोगों की ये स्थिति नहीं होती। जैसे हम लोगों ने झेला अब वो (दोषी) भी झेलेंगे। शमशुल हक कहते हैं कि आज भी जब बेटे की याद आती है तो खाना-पीना हराम हो जाता है। नींद उड़ जाती है। सदमे में हमारी तबीयत बिगड़ गई। परिवार अभी तक उस गम से बाहर नहीं आ पाया। सीओ जियाउल हक हत्याकांड में कुंडा विधायक राजा भैया को क्लीन चिट दिए जाने पर शमशुल हक ने कहा कि मुख्य मुलजिम तो राजा भैया और गुलशन यादव (तत्कालीन ग्राम प्रधान) ही थे। अब पता नहीं कैसे राजा भैया को क्लीन चिट मिल गई। पता नहीं सीबीआई ने लीपापोती कर दी या फिर किसी और ने। पूरा चक्रव्यूह उन्हीं का रचा हुआ था, उन्हीं ने हत्या कराई।

बता दें कि मार्च 2013 में कुंडा के बलीपुर गांव में सीओ (डिप्टी एसपी) जियाउल हक की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस केस में दो एफआईआर दर्ज हुई थी। पहली एफआईआर पुलिस ने दर्ज करवाई थी, वहीं दूसरी सीओ की पत्नी परवीन आजाद ने दर्ज करवाई थी।

# बढ़ते कार्डियक अरेस्ट से बचने के लिए युवाओं को अपनी जीवनशैली सुधारनी होगी

### युवाओं की यह धारणा, जवानी गंभीर बीमारियों से बचाती है, गलत और खतरनाक है



नई दिल्ली (ईएमएस)। हाल के दिनों में कार्डियक अरेस्ट (दिल का दौरा) के मामले तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। भारत में दिल की बीमारियों और गैर-संक्रामक रोगों की बढ़ती संख्या ने इस समस्या को और अधिक गंभीर बना दिया है। इसके लिए युवाओं की जीवनशैली और स्वास्थ्य संबंधी आदतों में सुधार की आवश्यकता है। युवाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति अपनी सोच को बदलते हुए रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करना होगा। यह धारणा कि जवानी गंभीर बीमारियों से बचाती है, गलत और खतरनाक है। कैंसर, दिल की बीमारियां और मधुमेह उम्र देखकर हमला नहीं करते, वे आपकी अनदेखी का फायदा उठाते हैं। गैर-संक्रामक बीमारियां, जैसे दिल की बीमारियां, स्ट्रोक, कैंसर, मधुमेह और फेफड़ों की बीमारियाँ, दुनिया भर में 74 फीसदी मौतों के लिए जिम्मेदार हैं, जैसा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया है। इन बीमारियों में दिल की बीमारियों का मामला तेजी से बढ़ रहा है, 1990 में 25.7 मिलियन से बढ़कर 2023 में 64 मिलियन हो गया है। भारत में कुल मधुमेह के मामलों का 15 फीसदी हिस्सा है, और 55 वर्ष से कम आयु के 40-50 फीसदी लोगों में दिल की बीमारियाँ पाई जाती हैं। ऐसे में समाज और युवाओं से अपेक्षा है कि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएँ। लेकिन तेज़-तर्रार जीवनशैली, डिजिटल आदतें, और संतुलन की कमी एक स्वस्थ जीवन के लिए अनुकूल वातावरण नहीं प्रदान करती हैं। पेशेवर लक्ष्यों के दबाव, सामाजिक अपेक्षाएँ और खराब खानपान की आदतें लंबे समय तक तनाव का कारण बनती हैं। इससे शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ता है, जो दिल की बीमारियों को और बढ़ावा देता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2018 के आंकड़ों के अनुसार, बढ़ा हुआ कोर्टिसोल न केवल गैर-संक्रामक रोगों को बढ़ाता है, बल्कि यह अंतःस्रावी और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी समस्याओं का भी कारण बन सकता है। कई युवा यह मानते हैं कि मैं जवान हूँ, मुझे मधुमेह या दिल की बीमारियाँ नहीं होंगी, लेकिन असलियत यह है कि गैर-संक्रामक बीमारियाँ धीरे-धीरे विकसित होती हैं। 20 और 30 की उम्र में की गई खराब जीवनशैली की आदतें भविष्य में स्वास्थ्य संकट का कारण बन सकती हैं। जंक फूड के खतरों को जानने के बावजूद, युवा सही खानपान के निर्णय नहीं ले पाते। लंबे समय तक तनाव से कोर्टिसोल का स्तर बढ़ता है, उच्च रक्तचाप होता है, और शरीर में सूजन होती है, जो दिल की बीमारियों का कारण बनती है। मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य के समान महत्वपूर्ण है, लेकिन यह कई युवाओं के लिए प्राथमिकता नहीं है। समस्या को समझने और स्वीकार करने की आवश्यकता है।

## सीएम भजनलाल जा सकते हैं विदेश, पर कोर्ट से पूछकर

### लंदन जाने के लिए मिल गई इजाजत

जयपुर,(ईएमएस)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले महीने ही दक्षिण कोरिया और जापान के दौरे पर गए थे, जिसके कारण वे एक कानूनी विवाद में फंस गए। उनके विदेश दौरे के दौरान एडवोकेट सांवरमल चौधरी ने एसीजेएम कोर्ट में याचिका दायर करते हुए कहा था, कि मुख्यमंत्री ने कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन किया है। उन्हें विदेश दौरे के लिए कोर्ट से इजाजत जरुरी है। दरअसल, भजनलाल शर्मा 2011 के भरतपुर दंगे से जुड़े एक मामले में जमानत पर हैं। कोर्ट ने जमानत देते हुए शर्त लगाई थी। इन शर्तों के अनुसार उन्हें विदेश जाने के लिए कोर्ट से अनुमति लेनी होती है। यह मामला 2011 में भरतपुर के भोपालगढ़ में हुए दंगों से ताल्लुक है, जिसमें पुलिस ने भजनलाल शर्मा को रास्ता रोकने और राजकीय कार्य में बाधा डालने का आरोपी माना था। हालांकि, इस बार मुख्यमंत्री ने कोर्ट से विदेश दौरे की अनुमति पहले से मांगी थी। इस प्रकरण में, एडवोकेट चौधरी ने अदालत से जमानत रद्द करने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने उन्हें विदेश जाने की अनुमति दे दी, यह देखते हुए कि भविष्य में हर बार उन्हें विदेश दौरे से पहले और बाद में कोर्ट को सूचित करना होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान में होने वाले बड़े बिजनेस इन्वेस्टमेंट समिट राइजिंग राजस्थान को सफल बनाने के लिए विभिन्न देशों का दौरा कर रहे हैं। इस समिट में दुनियाभर के बड़े कारोबारी शामिल होंगे। यह समिट 9 से 11 दिसंबर 2024 तक आयोजित होने जा रही है।

# हरियाणा से सबक लेगी कांग्रेस, महाराष्ट्र में उद्धव और शरद को साधना जरुरी

### महाराष्ट्र में भी कई सीटों पर बीजेपी से होगा सीधा मुकाबला



मुंबई,(ईएमएस)। हरियाणा चुनाव नतीजों को लेकर कांग्रेस के नेता और उसके रणनीतिकार महाराष्ट्र को एक चुनौती के रूप में देख रहे थे, क्योंकि आगामी विधानसभा में उन्हें न केवल बीजेपी से मुकाबला करना है, बल्कि अपने सहयोगियों उद्धव ठाकरे और शरद पवार को भी साधना है लेकिन हरियाणा विधानसभा चुनावों के नतीजों से कांग्रेस को एहसास गया है उसे अभी भी लंबा रास्ता तय करना है और अगर वह महाराष्ट्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं करती है तो लोकसभा में उसका प्रदर्शन सिर्फ़ एक इत्तेफाक ही माना जाएगा। उद्धव ठाकरे ने पहले ही कांग्रेस के खिलाफ अपने तीखे तेवर दिखाते हुए कहा है कि यह कांग्रेस के क्षेत्रीय नेताओं का अहंकार है जिसकी वजह से पार्टी हरियाणा में चुनाव हारी है। कांग्रेस को हरियाणा से सबक सीखने की जरूरत है। वैसे तो कांग्रेस ने हरियाणा में अपने वोट शेयर में उल्लेखनीय सुधार किया है। 2019 के मुकाबले 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के वोट शेयर में 18 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस को 2019 के मुकाबले 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, लेकिन बीजेपी का वोट शेयर भी 2019 के मुकाबले 3 फीसदी बढ़ा है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस अभी भी बीजेपी के बेस वोटर को अपनी ओर खींचने में सक्षम नहीं है।

महाराष्ट्र में भी बीजेपी अपने वोट बेस को बनाए रखने में कामयाब रही है, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों में इसमें मामूली 1.7 फीसदी की गिरावट आई है। महाराष्ट्र में कांग्रेस और बीजेपी एक-दूसरे के खिलाफ अधिकतम सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही हैं, कांग्रेस को बीजेपी के गैर हिंदुत्व वोट को अपनी ओर खींचने पर भी काम करना होगा।लोकसभा चुनाव में जीत के बाद कांग्रेस का आक्रामक रुख उसके सहयोगी दल शिवसेना को रास नहीं आ रहा है। सीटों के बंटवारे के लिए एमवीए की बैठकों में कांग्रेस अपनी आंतरिक टीमों द्वारा किए गए सर्वेक्षणों से लैस होकर कई सीटों पर दावा कर रही है, जिन पर शिवसेना यूबीटी की भी नजर है. कई कांग्रेस नेताओं ने सार्वजनिक और निजी तौर पर कहा है कि अगर सीटों का बंटवारा उनकी मांगों के मुताबिक नहीं हुआ तो वे दोस्ताना मुकाबला करेंगे। हरियाणा में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन न करने से कांग्रेस को कम से कम 6 से 7 सीटों का नुकसान हुआ। पिछले कुछ सालों में कांग्रेस ने जहां भी क्षेत्रीय क्षत्रपों को पूरी ताकत देने का काम किया है, वहां विद्रोहियों को बढ़ावा मिला है और टिकट वितरण में समस्याएं आई हैं। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल, मध्य प्रदेश में कमलनाथ, राजस्थान में अशोक गहलोत और अब हरियाणा में भूपेंद्र हुड्डा के साथ ऐसा हुआ है। कांग्रेस को बीजेपी के ओबीसी मतदाताओं के सामाजिक संयोजन पर बारीकी से नजर डालने की जरूरत होगी। शिवसेना यूबीटी को मुंबई, कोंकण और मराठवाड़ा के कुछ हिस्सों में शिंदे की शिवसेना से मुकाबला करना होगा। एनसीपी एसपी का पश्चिमी महाराष्ट्र और उत्तरी महाराष्ट्र में अजीत पवार की एनसीपी और बीजेपी से टक्कर होगी, जबकि कांग्रेस का विदर्भ और मराठवाड़ा के अधिकांश हिस्से में बीजेपी से सीधा मुकाबला रहेगा, जिसमें करीब 100 सीटें शामिल हैं, इसलिए बीजेपी और कांग्रेस का एक दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन उनके संबंधित गठबंधनों का भाग्य तय करने वाला है।

## आने वाले दिनों में बदलेगा मौसम तापमान में आएगी गिरावट



नई दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली-एनसीआर में तेज धूप से लोग काफी परेशान है। आगामी 10 से 15 दिनों में मौसम में बदलाव आने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार को आसमान साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहने की उम्मीद है। वहीं 11 से 15 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 35 से 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान महज 21 से 23 डिग्री तक रह सकता है। 14 अक्टूबर को आसमान में बादल छाए रहने का अनुमान है। अब धीरे-धीरे दोपहर के तापमान में भी गिरावट आएगी। तापमान इस हफ्ते के बाद 32 से 33 डिग्री तक पहुंच सकता है।

उत्तरप्रदेश में गुरुवार को हल्की बारिश हो सकती है। आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और एक या दो बार बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। हरियाणा, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र में भी हल्की बारिश हो सकती है। दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में भी आज और कल बारिश के आसार हैं। अरुणांचल प्रदेश, असम में मौसम सामान्य रहेगा। वहीं मेघालय, तमिलनाडु, केरल, और पुडुचेरी में हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को कुछ राज्यों में बारिश की संभावना जताई है।

## बचपन में माता-पिता से हुए अलग, दीदी ने की परवरिश चार बार शादी होते-होते रह गई

### भारत के रत्न रतन टाटा से जुड़े कुछ रोचक किस्से

मुंबई (ईएमएस)। भारत के सबसे पुराने कारोबारी समूह के प्रमुख रतन टाटा का निधन हो गया है। वे टाटा संस के मानद चेयरमैन थे। उन्होंने 86 साल की उम्र में अस्पताल में आखिरी सांस ली। पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा की अगुआई में ही टाटा ग्रुप ने देश की सबसे सस्ती कार लांच की, हाल ही में कर्ज में फंसी एयर इंडिया को 18 हजार करोड़ की कैश डील में खरीदा था। बिजनेस में बेहद कामयाब रतन टाटा निजी जिंदगी में बेहद सादगी पसंद थे और मुंबई में अपने छोटे से फ्लैट में रहते थे।

माता-पिता बचपन में अलग हुए, दादी ने परवरिश की

28 दिसंबर 1937 को नवल और सूनू टाटा के घर जन्मे रतन टाटा ग्रुप के फाउंडर जमशेदजी टाटा के परपोते थे। उनका परिवार पारसी धर्म से है। उनके माता पिता बचपन में ही अलग हुए थे और दादी ने उनकी परवरिश की थी। 1991 में उन्हें टाटा ग्रुप का चेयरमैन बनाया गया था।

रतन टाटा की चार बार शादी होते-होते रह गई। टाटा बताते हैं कि एक बार शादी हो ही गई होती, जब वे अमेरिका में थे। तभी उनकी दादी ने उन्हें फोन करके बुला लिया। उसी समय भारत-चीन युद्ध छिड़ने की जाने की वजह से वे अमेरिका नहीं जा सके। कुछ समय बाद उस लड़की ने किसी और से शादी कर ली। 1962 में परिवारिक बिजनेस संभाल लिया था। शुरुआत में उन्होंने टाटा स्टील के शॉप फ्लोर पर काम किया। इसके बाद वे मैनेजमेंट पद पर लगातार आगे बढ़े। 1991 में, जे.आर.डी. टाटा ने पद छोड़ दिया और ग्रुप की कमान रतन टाटा को मिली।

# स्कूलों में 80 अप्राकृतिक बच्चों की मौतों का जिम्मेदार कौन? बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र के आश्रम शालाओं को लेकर जताई चिंता



मुंबई,(ईएमएस)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र के आश्रम शालाओं और स्कूलों में बच्चों की अप्राकृतिक मौतों पर चिंता जताई है और सवाल किया कि एक साल में 80 अप्राकृतिक मौतों का जिम्मेदार कौन है? आदिवासी परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए राज्य द्वारा दूरदराज इलाकों में आश्रम शालाएं चलाई जा रही हैं। वर्तमान में महाराष्ट्र के आदिवासी विकास विभाग के तहत राज्य सरकार द्वारा 497 सरकारी और 544 निजी संस्थानों द्वारा आश्रम शाला या स्कूल चलाए जा रहे हैं। कोर्ट को सौंपे चार्ट के मुताबिक 2023-24 के बीच सरकारी स्कूलों में 78 बच्चों की मौत हुई है जबकि मदद हासिल करने वाले स्कूलों में 60 बच्चों की मौत हुईं। साल 2019 और 2024 के बीच सरकारी स्कूलों में 493 बच्चों की मौत हुई, जबकि मदद हासिल करने वाले स्कूलों में 318 बच्चों की मौत हुईं है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ ने अतिरिक्त लोक अभियोजक को आश्रम शालाओं का दौरा करने और उसकी स्थिति देखने को कहा। उन्होंने कहा कि क्या आपने कभी ऐसे संस्थानों का दौरा किया है? कृपया ऐसे किसी संस्थान में जाएं और वहां रहने वाले लोगों की दुर्दशा देखें। आपने उन्हें आश्रम स्कूल का नाम दिया है और उनकी दुर्दशा देखें। आश्रम शालाओं में चल रही योजनाएं सिर्फ कागजी कार्रवाई हैं, ये योजनाएं कभी भी बच्चों तक नहीं पहुंची हैं।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि समाज में उनके समावेशन की समस्या है, उनकी शिक्षा, पहनावे की समस्या है। आप विभाग के सचिव पर प्रभाव डालने की बेहतर स्थिति में होंगे। पीठ 2013 में एक रवींद्र तल्पे द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि बुनियादी सार्वजनिक उपयोगिताओं को तय करने के लिए सही व्यवस्था नहीं की गई है जो आमतौर पर राज्य भर में ऐसे आश्रम शालाओं में दी जाती है और इसके कारण राज्य भर में कई मौतें हुईं हैं।

याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि कुछ साल पहले भी यह आंकड़ा करीब 80 मौतों का था और अब भी यह उतना ही है। पहले उन्होंने कहा था कि सांप के काटने, अनुचित चिकित्सा व्यवस्था, डूबने से 80 बच्चों की मौत हो गई, लेकिन अब वे कह रहे हैं कि 80 बच्चों की मौत हो गई। बिना कोई कारण बताए यह अब भी वैसा ही है।

पीठ ने राज्य के साथ-साथ याचिकाकर्ता को टीआईएसएस द्वारा की गई सिफारिशों और इसे लागू करने के लिए राज्य अधिकारियों द्वारा उठाए गए कदमों के बीच अंतर को देखते हुए दो सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। अब इस मामले की सुनवाई 14 नवंबर को होगी।

## लंदन निर्मित लोडेड पिस्टल के साथ एक युवक गिरफ्तार



झरिया : वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद को गुप्त सूचना मिली कि एक अपराधकर्मी किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए बोरागढ़ ओ पी क्षेत्र अंतर्गत भूतगढ़िया चौक के आसपास एक मोटरसाइकिल से घूम रहा है। उक्त आलोक में सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एक छापामारी दल का गठन ओ पी प्रभारी बोरागढ पु.अनि अजीत कुमार के नेतृत्व में किया गया। गठित छापेमारी दल द्वारा कार्रवाई करते हुए एक अपराधकर्मी जिसका नाम राकेश कुमार तिवारी पिता का नाम स्वर्गीय विनोद तिवारी पता तिवारी बस्ती, जीतपुर थाना जोरापोखर, धनबाद को एक अवैध लोडेड रिवाल्वर के साथ पकड़ा गया। इस संबंध में झरिया थाना (बोरागढ़ ओ पी) कांड संख्या 245/24 दिनांक 10/10/2024 धारा 25 (1-b)a/26/35 आर्म्स ऐक्ट दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान किया जा रहा है।
गिरफ्तार अभियुक्त का नाम< राकेश तिवारी उम्र 30 वर्ष पिता स्वर्गीय विनोद तिवारी पता तिवारी बस्ती, जीतपुर थाना जोरापोखर, धनबाद
जप्त सामानों का विवरण, एक लोहे का अवैध हथियार (सिक्सर) जिस पर लंदन में निर्मित लिखा हुआ, एक 7.65 mm का गोली,एक मोटरसाइकिल जिसका नंबर JH10CV 6506
छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी का नाम, पुअनि अजीत कुमार, स अ नि सुरेंद्र पन्ना, आरक्षी मोहन कुमार यादव, हवलदार दीपचंद उरांव.

# बीसीसीएल ब्लॉक-2 क्षेत्र में विशेष अभियान 4.0 के तहत सफाई कर्मियों का किया गया सम्मान





धनबाद : बीसीसीएल के ब्लॉक-2 क्षेत्र में शुक्रवार को विशेष अभियान 4.0 के तहत सफाई कर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (उत्खनन), श्री आर. के. सिन्हा; क्षेत्रीय प्रबंधक (कार्मिक), श्री अनिल कुमार; क्षेत्रीय प्रबंधक (सुरक्षा), श्री राजीव रंजन; और क्षेत्रीय प्रबंधक (पर्यावरण), श्री उत्तम कुमार झा ने सभी विभागीय एवं संविदा पर कार्य कर रहे सफाई कर्मियों को सुरक्षा किट प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। सफाई कर्मियों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए, उन्हें स्वच्छता के महत्व और इससे जुड़ी सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, सुरक्षा किट के उपयोग और स्वच्छता कार्यों के कुशल एवं सुरक्षित निष्पादन पर जोर दिया गया। यह पहल स्वच्छता और सुरक्षा के प्रति बीसीसीएल की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करती है। महाप्रबंधक (उत्खनन), श्री आर. के. सिन्हा ने कहा कि सफाई कर्मी स्वच्छता के अभिन्न स्तम्भ होते हैं, हमें इनके महत्व को सदा सम्मान के साथ देखना चाहिए।

# 14 अक्टूबर की सुबह 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष

**सभी 31 थाना व 23 ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी**
**7 जोनल दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति**
**जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 2311217, 2311807, 112 एवं 100**
**रावण दहन कार्यक्रम स्थल पर रहेंगे दंडाधिकारी**
**लगातार भ्रमणशील रहेगा पुलिस का मोटरसाइकिल दस्ता**

धनबाद :दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) श्री पीयूष सिन्हा ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी ज़ोन में बांटा है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी 31 थाना व 22 ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे।



साथ ही रावण दहन कार्यक्रम स्थल पर भी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। दुर्गा पूजा के अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष 10 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से 14 अक्टूबर के सुबह 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री पीयूष सिन्हा जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0326 - 2311217, 0326 - 2311807, 112 एवं 100 है।

### सभी 31 थाना व 23 ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी

धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, झरिया, जोरापोखर, सुदामडीह, पाथरडीह, तिसरा, सिंदरी, बलियापुर, केंदुआडीह, पुटकी, लोयाबाद, जोगता, कतरास, राजगंज, महुदा, मधुबन, बरोरा, तेतुलमारी, बाघमारा, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, टुंडी, पुर्वी टुंडी, मनियाडीह, निरसा, चिरकुंडा थाना तथा भूली ओपी, घनुआडीह, बोर्रागढ़, भौंरा, लोदना, अलखडीहा, गौशाला, मुनिडीह, भागाबांध, अंगारपथरा, कपूरिया, रामकनाली, गोंदुडीह, खरखरी, ईस्ट बसुरिया, सोनारडीह, धर्माबांध, कालूबथान, कुमारधुबी, मैथन, गलफरबाड़ी, खरखरी, भाटडीह एवं पंचेत ओपी के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं धनबाद थाना, बैंक मोड़, सरायढेला, घनसार, केंदुआडीह, लोयाबाद, जोगता, पुटकी, झरिया, जोरापोखर, तिसरा, सिंदरी, निरसा, चिरकुंडा, गोविंदपुर, बरवाअड्डा, टुंडी, बाघमारा, महुदा, तोपचांची, हरिहरपुर एवं कतरास थाना क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाएगी।

### रावण दहन कार्यक्रम स्थल पर रहेंगे दंडाधिकारी

रावण दहन कार्यक्रम के दौरान बरवाअड्डा, बलियापुर, सिंदरी, हरिहरपुर, गौशाला, भूली, मालकेरा (कतरास) तथा सुदामडीह थाना क्षेत्र में पुलिस पदाधिकारियों के साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

### लगातार भ्रमणशील रहेगा पुलिस का मोटरसाइकिल दस्ता

दुर्गा पूजा के अवसर पर पुलिस का मोटरसाइकिल दस्ता भी लगातार भ्रमणशील रहेगा। मोटरसाइकिल दस्ता सरायढेला थाना मोड़ से स्टील गेट तक, पार्क मार्केट से झारखंड मैदान तक, बैंक मोड़ बिरसा चौक से धनसार मोड़ तक तथा बैंक मोड़ बिरसा चौक से मटकुरिया चेक पोस्ट तक लगातार चार-चार के ग्रुप में भ्रमणशील रहेगा।

## फर्जी अकाउंट में डालने के लिए केंद्र सरकार नहीं देगी पैसा : भाजपा

रांची(ईएमएस)।झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा केंद्र से 1 लाख 36 हज़ार करोड़ रुपए की बकाया राशि मांगने पर प्रतिक्रिया दी है। कहा कि मुख्यमंत्री राज्य को प्रभावी ढंग से चलाने में असफल रहे हैं।उनके पास कोई भी ऐसी योजना नहीं है, जिसे उन्होंने पांच साल पहले शुरू किया हो और जिसका लाभ अब राज्य की जनता को मिल रहा हो।वे केवल हाल के महीनों में जल्दबाजी में लागू की गई योजनाओं के आधार पर वोट मांग रहे हैं।अपने कार्यकाल के




अंतिम दिनों में अपनी विफलताओं का दोष केंद्र सरकार पर मढ़ने की कोशिश कर रहे हैं।केंद्र से झारखंड को मिलने वाले फंड के बारे में कहा कि केंद्र सरकार ने हमेशा झारखंड को उसकी मांग से अधिक वित्तीय सहायता दी है। नितिन गडकरी ने भी सार्वजनिक रूप से कहा था कि केंद्र झारखंड को धन देने के लिए तैयार है, लेकिन हेमंत सोरेन सरकार के अधिकारी सड़क बनाने के बजाए पैसे बनाने में अधिक दिलचस्पी ले रहे हैं। खनिज पर रॉयल्टी के सवाल पर मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि उनकी सरकार ने डीएमएफटी फंड का किस तरह उपयोग किया है। झारखंड के प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल की रिपोर्ट बताती है कि हेमंत सरकार ने इस फंड का भारी दुरूपयोग किया है। इसे जनता के कल्याण के बजाय अधिकारियों और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं के व्यक्तिगत लाभ और सुख सुविधा के लिए खर्च किया गया है।राज्य सरकार के कुछ विभागों से पैसे फर्जी खातों में ट्रांसफर किए जाने की पुख्ता खबरें भी सामने आई हैं। केंद्र सरकार द्वारा राज्य को किसी भी प्रकार के फंड देने के लिए एक संवैधानिक प्रक्रिया होती है।निःसंदेह झारखंड को उसका हक़ सही समय पर उचित प्रक्रिया से मिलेगा।जहां तक रॉयल्टी पर ब्याज की बात है तो यह ब्याज राज्य सरकार को कांग्रेस के पार्टी फण्ड से मांगना चाहिए क्यों कि यह बकाया उसी वक़्त का है।

## बरोरा दुर्गा पूजा पंडाल का एसएसपी ने किया उद्घाटन



बाघमारा : बरोरा दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद एसएसपी हृदीप पी. जनार्दनन तथा सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने संयुक्त रूप से किया. एसएसपी ने क्षेत्र की जनता को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी प्रकार की समस्या होती है तो पुलिस को सूचना दे, पुलिस आपके साथ खड़ी है. समिति की ओर से एसएसपी एवं सांसद प्रतिनिधि को मोमेंटो तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. संचालन प्रदीप रवानी ने किया.मौके पर डीएसपी पी के सिंह , बरोरा थानेदार जयप्रकाश, कतरास थानेदार आसीत कुमार, उपप्रमुख रंजीत सिंह,मुखिया सरिता देवी, मुखिया विनोद महतो, मुखिया आनंद महतो,पंसदस सरस्वती देवी, चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष मिथिलेश कुमार, पुर्व मुखिया बासुदेव महतो,जे के झा, भाजयुमो नेता पप्पू चौहान , संतोष गोराई,देवानंद साव, आजाद कुम्हार, पुर्व पंसदस बलिराम चौहान,बाबू गोप, मदन साव, संतोष महतो, आस्तिक सिंह , विजय रवानी, राजेंद्र कुम्हार, अजित साव ,दीपक सिंह आदि उपस्थित थे.

## पूजा समितियों ने नवपत्रिका को पालकी द्वारा शोभायात्रा के रूप में लाकर मंडपो में स्थापित किया





धनबाद : जिले में आयोजित विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा स्थानीय तालाबों में जाकर कोलाबऊ यानि नवपत्रिका को स्नान एवं पूजा अर्चना कर पालकी द्वारा शोभायात्रा के रूप में लाकर विभिन्न पूजा मंडपो में स्थापित कर महा सप्तमी पूजा की शुरुआत की गई। बंगाली कल्याण समिति की सभी महिलाएं पीली साड़ी में एवं पुरुष पीला कुर्ता पजामा में माथे में घट ले कर शोभा यात्रा के रूप में खोखन तलाव से पानी लेकर पालकी में कोलाबऊ लाकर जिला परिषद स्थित दुर्गा मंडप में नव पत्रिका की स्थापना की गई। सप्तमी के दिन प्रातः कोलाबाऊ यानी नवपत्रिका जिसमें 9 पौधों यानी देवी के नौ रूप को जलाशय में पूरे विधि विधान से स्नान एवं पूजा कर नवपत्रिका को दुर्गा पूजा मंडप में लाकर उसे गणेश के दाएं तरफ रखकर दुर्गा पूजा की शुरुआत की जाती है। हीरापुर दुर्गा मंदिर, बंगाली कल्याण समिति जिला परिषद, जे सी मल्लिक रोड दुर्गा पूजा समिति, नेपाल काली मंदिर, देवी पड़ा ,झरना पड़ा के पूजा समिति के सदस्यों द्वारा खोकन तालाब से शोभा यात्रा के द्वारा नव पत्रिका एवं घट लाया गया। जिसमें विभिन्न पूजा समितियां के सदस्य गण सदस्य गण ढाक के ध्वनि में नाचते झूमते गाते नजर आए।




स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▸ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।